** वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

बुधवार, 10 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 245, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 314 अंकों की उछाल

अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी रही और सेंसेक्स 314 अंक चढ़कर 81,101.32 अंक पर बंद हुआ। } 14

## शिक्षा को हर वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प : सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि रेवंत रेड्डी के यंग इंडिया स्कूल प्रोजेक्ट से सभी वर्ग के बच्चों को हाईटेक शिक्षा प्राप्त होगी। } 16



# अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को डॉक्टरेट की मानद उपाधि




एकेटीयू में शुभांशु शुक्ला को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दी डाक्टरेट मानद उपाधि फोटो : अमित वर्मा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के 23वें दीक्षांत समारोह में मंगलवार को ग्रुप कैप्टन व आईएसएस से लौटने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को डॉक्टर ऑफ साइंस (डीएससी) की मानद की उपाधि प्रदान की गयी। यह उपाधि समारोह की अध्यक्षता कर रहीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दी। इस दौरान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# राजग उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन देश के नये उप राष्ट्रपति

○ प्रथम वरीयता के 452 तथा विपक्ष के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट ○ अवैध करार दिये गये 15 मत

एजेंसी

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने विपक्ष के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के भारी अंतर से पराजित किया। राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 तथा विपक्ष के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट हासिल हुए।

राज्यसभा के महासचिव और निर्वाचन अधिकारी पी सी मोदी ने नतीजों की घोषणा की और कहा कि कुल 98.2 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि इस मतदान में निर्वाचक मंडल के कुल 781 सदस्यों में से 767 (एक डाक मतपत्र समेत) ने मतदान किया था, जिसमें 15 वोट अवैध करार दिए गए। पी सी मोदी ने कहा मैं सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित घोषित करता हूं। परिणाम के बारे में निर्वाचन आयोग को सूचित किया जाएगा।

उप राष्ट्रपति के चुनाव में मतदान मंगलवार सुबह 10 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे समाप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस



संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई प्रमुख नेताओं ने मतदान किया। लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य इस चुनाव में हिस्सा लेते हैं तथा इसमें व्हिप जारी नहीं होता है। उप राष्ट्रपति के चुनाव के लिए, निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में पांच सीटें रिक्त हैं) एवं 12 मनोनीत सदस्य तथा लोकसभा के 543 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में एक सीट रिक्त है) शामिल थे। निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य (वर्तमान में 781) हैं। बीजू जनता दल (बीजद), भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने चुनाव से दूर रहने का फैसला किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले मतदान किया। मोदी ने केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, अर्जुन राम मेघवाल, जितेंद्र सिंह और एल. मुरुगन के साथ संसद भवन के कमरा संख्या 101, वसुधा में स्थापित मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। मोदी ने बाढ़ प्रभावित हिमाचल प्रदेश और पंजाब के दौरे पर जाने से पहले, एक्स पर एक पोस्ट में कहा 2025 के उप राष्ट्रपति चुनाव में मतदान किया। शुरुआत में मतदान करने वालों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और सैयद नासिर हुसैन शामिल थे। पूर्व ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### शाहजहांपुर में सॉल्वर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जिले में पीईटी (प्रारंभिक पात्रता परीक्षा) में अलग-अलग अभ्यर्थियों के नाम पर हरदोई और शाहजहांपुर में परीक्षा देने वाले बिहार निवासी एक सॉल्वर (प्रश्नपत्र हल करने वाले) को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि बिहार के नवादा जिले के रहने वाले विवेक मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह रविवार को शहर के ही एक केंद्र पर एक व्यक्ति के स्थान पर पीईटी की परीक्षा दे रहा था। एसपी के अनुसार, मंडल पर संदेह होने पर कॉलेज प्रशासन ने उसे स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। द्विवेदी के मुताबिक मंडल ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि वह बिहार के नवादा जिले का रहने वाला है। वह स्नातक है। उसकी बहन की शादी इसी साल होने वाली है, जिसके लिए उसे धन की जरूरत थी। उसने आजमगढ़ निवासी श्याम कृष्ण से सॉल्वर बनकर उसके स्थान पर पीईटी परीक्षा देने की पेशकश करते हुए उसे परीक्षा पास कराने की गारंटी ली थी।

### इजरायल ने कतर में हमास पर किया हमला

यरुशलम। इजराइल ने मंगलवार को कतर में हमास नेतृत्व को निशाना बनाकर हमला किया। इस हमले के साथ ही हमास के खिलाफ इजराइल का अभियान और व्यापक हो गया। धमाके के बाद कतर की राजधानी दोहा के क्षितिज पर काला धुआं छा गया। अधिकारियों ने हमले की पुष्टि की है। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि हमले में कोई हताहत हुआ है या नहीं। सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के बाद से, लगभग दो साल से चल रहे युद्ध में यह दूसरी बार है, जब ऊर्जा संपन्न राष्ट्र कतर पर सीधा हमला हुआ है। यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया कि हमला कैसे किया गया, हालांकि एक इजराइली सैन्य प्रवक्ता ने इजराइली वायुसेना द्वारा हमले को अंजाम देने का जिक्र किया।

# नेपाल में तख्ता पलट, मचा हाहाकार

○ प्रधानमंत्री ओली ने दिया इस्तीफा, देश छोड़कर भागे ○ पूर्व पीएम की पत्नी को जिंदा जलाया ○ कई शीर्ष नेताओं के आवास पर हमला

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने देश में जारी सरकार विरोधी जबर्दस्त प्रदर्शन के मद्देनजर मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल सहित कई शीर्ष राजनीतिक नेताओं के निजी आवास पर हमला किया तथा संसद भवन में तोड़फोड़ की। छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों में राजनीतिक वर्ग के खिलाफ कई कारणों को लेकर आम लोगों का बढ़ता आक्रोश झलक रहा है, जिसमें सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और कथित भ्रष्टाचार जैसे कई मुद्दे शामिल हैं। प्रदर्शनकारी कर्फ्यू और सुरक्षा बलों की भारी तैनाती के बावजूद काठमांडू और अन्य स्थानों पर एकत्र हुए।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्वाई में कम से कम 19 लोगों की मौत के लिए ओली के इस्तीफे की मांग करते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के





उनके कार्यालय में घुसने और नारेबाजी करने के तुरंत बाद ओली ने पद छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति पौडेल को लिखे अपने त्यागपत्र में ओली ने नेपाल के समक्ष मौजूद असाधारण परिस्थितियों का हवाला दिया और कहा कि वह मौजूदा स्थिति के संवैधानिक और राजनीतिक समाधान का मार्ग प्रशस्त करने के लिए पद छोड़ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की खराब स्थिति को देखते हुए काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं। हालांकि, नेपाल सरकार ने जेन ज़ी युवाओं के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद सोमवार रात सोशल मीडिया वेबसाइटों पर से प्रतिबंध हटा लिया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा 19 लोगों की मौत की जवाबदेही की मांग को लेकर अपना प्रदर्शन जारी रखा है। जेन ज़ी वे युवा हैं जिनका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ। ओली के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले, प्रदर्शनकारियों ने बालकोट स्थित उनके निजी आवास में आग लगा दी और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड, संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग, पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखकों के आवासों पर हमला किया। प्रदर्शनकारियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

### यूपी के सात जिलों से सटी सीमाओं पर कड़ी चौकसी

लखनऊ (उप्र)। पड़ोसी देश नेपाल की सरकार द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया मंच पर प्रतिबंध लगाए जाने के खिलाफ वहां जारी हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के सात जिलों में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के साथ उच्च स्तरीय सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार नेपाल की राजधानी काठमांडू सहित विभिन्न इलाकों में दूसरे दिन जारी हिंसक प्रदर्शनों को देखते हुए भारत-नेपाल के सीमावर्ती महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों के सीमाओं की भी सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गयी है। नेपाल सीमा से लगने वाले उप्र के इन सातों जिलों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बिगड़ रहा है हिमालय का संतुलन : धामी



प्रमुख संवाददाता

देहरादून। प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन व जलवायु परिवर्तन से हिमालय का संतुलन बिगड़ रहा है। इसके ग्लेशियर पिघल रहे हैं, जो आने वाले समय में गंभीर जल संकट और पारिस्थितिकीय असंतुलन की बड़ी चुनौती बन सकते हैं। अब हिमालयी क्षेत्र में वर्षा की तीव्रता लगातार बढ़ रही है और अप्रत्याशित क्लाउड बर्स्ट और उनके परिणामस्वरूप भूस्खलन जैसी आपदाएं बार-बार घटित हो रही हैं। इन घटनाओं की आवृत्ति और उनके प्रभाव दिन प्रति दिन बढ़ते जा रहे हैं। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के आईआरडीटी सभागार में आयोजित हिमालय दिवस समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अपनी मेहनत के बल पर समृद्ध बना भारत : योगी

जिला संवाददाता

बस्ती। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारत अपनी मेहनत के बल पर समृद्ध बना है, जबकि विदेशी देश भारत और दुनिया को लूटकर धन-संपत्ति बटोरते रहे। मुख्यमंत्री ने कहाकि पहले एक प्रवृत्ति पनपी थी और गुलामी की मानसिकता ने देश को इस तरह जकड़ लिया था कि हर भारतीय को लगने लगा था कि एक भारतीय को नीची नजर से देखा जाना चाहिए, जबकि एक विदेशी को संपन्नता की नजर से देखा जाना चाहिए। आपने देखा होगा कि पिछले 11 वर्षों में इस बुरी प्रवृत्ति पर अंकुश लगा है।

आदित्यनाथ बस्ती जिले में सरस्वती शिशु मंदिर की आधारशिला रखने और उसका भूमिपूजन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे।




आदित्यनाथ ने कहा कि जो भारतीय है, वही सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि विदेशियों ने जो कुछ भी अर्जित किया है, वह भारत और विश्व को लूटकर ही किया है। भारत अपनी मेहनत के बल पर समृद्ध बना। ऐसा नहीं था कि भारत समृद्ध देश नहीं था। चार सौ साल पहले, भारत दुनिया की नंबर एक अर्थव्यवस्था हुआ करता था। उन्होंने कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान 25 प्रतिशत था, लेकिन दुर्भाग्य से, जब यह देश 1947 में ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर


कानपुर 5वें, प्रयागराज 7वें, वाराणसी 11वें, गाजियाबाद 12वें और लखनऊ 15वें स्थान पर रहा

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण : झांसी को दूसरा व आगरा को तीसरा स्थान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। केंद्र सरकार की ओर से मंगलवार को स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार जारी कर दिए गए हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण की तरह वायु सर्वेक्षण में भी उत्तर प्रदेश के शहरों को पुरस्कार से नवाजा गया है। आगरा को 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में तीसरा पुरस्कार मिला है। तीन से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में झांसी व मुरादाबाद को संयुक्त रूप से दूसरा पुरस्कार दिया गया है। यह सर्वेक्षण पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कराया जाता है। इसमें शहरों का मूल्यांकन राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत कराए गए कामों और वायु गुणवत्ता सुधार की प्रगति के आधार पर किया गया।

उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में कानपुर 5वें, प्रयागराज 7वें, वाराणसी 11वें, गाजियाबाद 12वें और लखनऊ 15वें स्थान पर रहा। बड़े शहरों ने प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करने में सफलता प्राप्त की है। तीन से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में झांसी और मुरादाबाद ने संयुक्त रूप से दूसरा पुरस्कार मिला है। गोरखपुर व फिरोजाबाद 5वां और बरेली 7वें स्थान पर रहे। तीन



लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में अनपरा 5वें, रायबरेली 7वें, गजरौला 23वें और खुर्जा 26वें स्थान पर रहा। आगरा, झांसी और मुरादाबाद को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री की ओर से सम्मानित किया गया। प्रत्येक शहर को ?25 लाख रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया है। नगर निगमों और स्थानीय प्रशासन ने प्रदूषण कम करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। निर्माण स्थलों और प्रमुख सड़कों पर धूल नियंत्रण और प्रदूषण रोकथाम की व्यवस्थाएं की गईं।

सड़क सफाई और नियमित जल छिड़काव को दिनचर्या का हिस्सा बनाया गया। शहरों में हरित और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए ई-वाहन नेटवर्क का विस्तार और गैर-मोटर चालित परिवहन को प्रोत्साहन दिया गया। बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, शहरी वनों और हरित पट्टी का विकास कर हरित क्षेत्र बढ़ाया गया। खुले में कचरा जलाने पर सख्त कार्रवाई की गई और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को वैज्ञानिक ढंग से लागू किया गया। जन-जागरूकता अभियानों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और नागरिकों को भागीदार बनाकर स्वच्छ एवं हरित शहरों की दिशा में प्रेरित किया। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कहा कि आगरा, झांसी, मुरादाबाद और अन्य शहरों को मिला यह सम्मान राज्य की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में हमारे शहरों का बेहतरीन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पीएम ने बाढ़ प्रभावित हिमाचल व पंजाब को दी मदद

पंजाब के लिए 1,600 करोड़ व हिमाचल को 1,500 करोड़ का राहत पैकेज



एजेंसी

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए 1,600 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की मंगलवार को घोषणा की। प्रधानमंत्री ने बाढ़ प्रभावित पंजाब में प्रत्येक मृतक के परिजन को 2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। वहीं पीएम मोदी ने वर्षा प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए 1,500 करोड़ रुपये की तत्काल राहत की मंगलवार को घोषणा की। राज्य में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति का जायजा लेने के बाद मोदी ने मृतकों के परिजनों के लिए दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की सहायता राशि की भी घोषणा की। मोदी ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया, जो 1988 के बाद से सबसे भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। पंजाब और उसके पड़ोसी हिमाचल प्रदेश में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करने के लिए एक दिवसीय दौरे पर आए मोदी हवाई सर्वेक्षण करने के बाद राज्य के सबसे बुरी तरह प्रभावित जिलों में से एक गुरदासपुर पहुंचे। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश का दौरा किया और राज्य में बाढ़ और भूस्खलन की ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमा एवं आत्मीयता के साथ किया गया। इस विशेष अवसर की शुरूआत एक प्रार्थना सभा से हुई, जो शिक्षकों को समर्पित थी। विद्यार्थियों ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किए तथा एक विशेष पॉडकास्ट के माध्यम से शिक्षकों की अमूल्य भूमिका का उल्लेख किया, जो भावी पीढ़ी के निर्माण में सदैव मार्गदर्शक रहे हैं। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए कक्षाओं को सजाया और आभार-पत्र भेंट कर विद्यालय को प्रेम एवं कृतज्ञता के रंगों से सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक कार्यक्रमों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती दिव्यांशी दास ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने शिक्षकों को समाज का सच्चा पथप्रदर्शक बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ दीं।समारोह के समापन पर प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना स्वामी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए शिक्षकों की निष्ठा एवं परिश्रम की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन की ओर से भोजन की व्यवस्था की गई तथा शिक्षकों को उनके योगदान हेतु सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। अंत में, सभी शिक्षकों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे आने वाली पीढ़ी को श्रेष्ठ शिक्षा एवं संस्कार प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# स्किल्ड युवा और गांव बनेंगे विकसित उत्तर प्रदेश के ध्वजवाहक

## 2047 तक यूपी को 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में जुटे योगी आदित्यनाथ, हर परिवार को पक्का घर, हर गांव को बुनियादी सुविधाएं देने का संकल्प


विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित यूपी के रूप में स्थापित करने का विजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तय किया है। इस

- **यूपी बनेगा स्किल्ड और सेमी-स्किल्ड युवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता**
- **कृषि अनुसंधान और फूड प्रोसेसिंग से बढ़ेगी किसानों की आय**
- **पश्चिमांचल की तरह पूर्वांचल और बुंदेलखंड भी बनेगा विकास का मॉडल**
- **ग्रामीण आवास में आई क्रांति-36.57 लाख घर स्वीकृत, 36.34 लाख हुए पूरे**
- **3310 आईटीआई और 2138 पॉलीटेक्निक से युवाओं को मिल रहे नयेअवसर**

विजन के मुख्य आधार में से एक है ग्रामीण युवा को उच्च शिक्षा के साथ ही ग्राम स्वच्छता एवं ग्रामीण अवसंरचना को सुदृढ़ बनाना। सरकार का मानना है कि यदि अगले 22 वर्षों में इन दोनों क्षेत्रों में बड़े परिवर्तन किए जाएं तो प्रदेश 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनकर भारत की विकास यात्रा में अहम योगदान देगा।

साल 2017 से पहले प्रदेश उच्च शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कई चुनौतियों से जूझ रहा था। शिक्षा व्यवस्था रोजगार उन्मुख नहीं थी और तकनीकी शिक्षा के संस्थान सीमित थे। प्रदेश में केवल 526 पॉलीटेक्निक और 2642 आईटीआई संचालित हो रहे थे। अनुसंधान और नवाचार का बुनियादी ढांचा भी कमजोर था। ग्रामीण क्षेत्र की तस्वीर भी उतनी ही चिंताजनक थी। लाखों परिवार पक्के मकानों से वंचित थे। गांवों में सड़क, बिजली, पेयजल जैसी सुविधाओं का व्यापक अभाव था। ग्राम पंचायतें संसाधनों और क्षमता की कमी से जूझ रही थीं, जिससे योजनाओं का असर जमीनी स्तर पर नहीं दिख पाता था।



योगी सरकार ने बीते साढ़े आठ वर्षों में उच्च शिक्षा और ग्रामीण विकास दोनों क्षेत्रों में ठोस कदम उठाए। ₹एक मंडल, एक विश्वविद्यालय₹ की दिशा में आगे बढ़ते हुए अब प्रदेश में 24 राज्य और 49 निजी विश्वविद्यालय हैं। इस दौरान 6 नए राज्य विश्वविद्यालय और 23 नए निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए। तकनीकी शिक्षा में भी बड़ा विस्तार हुआ। आईटीआई की संख्या बढ़कर 3310 और पॉलीटेक्निक संस्थानों की संख्या 2138 हो गई। टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ करार कर 150 से अधिक सरकारी आईटीआई को आधुनिक तकनीक से लैस किया गया। गुणवत्ता सुधार के लिए 95 से अधिक संस्थानों को एनएएसी की मान्यता मिली और 67 संस्थान राष्ट्रीय रैंकिंग में शामिल हुए। युवाओं को डिजिटल युग से जोड़ने के लिए 49.86 लाख टैबलेट और स्मार्टफोन भी वितरित किए गए।

ग्रामीण अवसंरचना के क्षेत्र में सरकार ने करोड़ों लोगों के जीवन को बदलने वाला काम किया। अब तक 56.90 लाख परिवारों को पक्के घर मिले हैं। पीएम आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत 36.57 लाख घर स्वीकृत हुए और इनमें से 36.34 लाख का निर्माण पूरा हो चुका है। गांवों को सड़क नेटवर्क से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।

165 ब्लॉक मुख्यालय दो लेन सड़कों से जुड़े, 1385 किलोमीटर नई सड़कें बनीं और 25 हजार किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण किया गया। जल सुरक्षा के लिए अमृत सरोवर बनाए गए और 550 ग्राम पंचायतों को अटल भूजल योजना से जोड़ा गया। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 24,489 पंचायत भवन बनाए गए। हर ग्राम पंचायत को सचिवालय मिला और पंचायत सहायकों की नियुक्ति हुई। अब हर गांव में शासन की योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन की मजबूत व्यवस्था है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'विकसित भारत @2047' को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को ग्रोथ इंजन बनकर इसमें पूरा सहयोग देना होगा।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार रूस बनेगा पार्टनर कंट्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगातार तीसरे वर्ष होने जा रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार रूस पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने रूस को इस मेगा इवेंट में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया है। रूस की ओर से भी इस आमंत्रण को स्वीकृत कर लिया गया है और इसकी जानकारी प्रदेश सरकार को दे दी गई है। इस मेगा इवेंट में रूस का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, उद्योग जगत के प्रमुख प्रदर्शक और सांस्कृतिक कलाकार शो का हिस्सा बनेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को यूपीआईटीएस का शुभारंभ करेंगे, जो 29 सितंबर तक चलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों देशों के बीच व्यापार एवं पर्यटन संबंधों पर जोर दिया था। उनका मानना है कि उत्तर प्रदेश न केवल भारत का ग्रोथ इंजन है बल्कि वैश्विक निवेश का हब भी बन रहा है। ऐसे में रूस के यूपीआईटीएस 2025 में पार्टनर कंट्री बनने से उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा

- **योगी सरकार के आमंत्रण पर उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, बिजनेस डेलिगेशन और सांस्कृतिक कलाकार होंगे शामिल**
- **योगी सरकार के आमंत्रण पर रूस ने दी पार्टनर कंट्री बनने की औपचारिक स्वीकृति**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को करेंगे यूपीआईटीएस का शुभारंभ**

मिलेगी और प्रदेश के उद्योगों को वैश्विक बाजार तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। 27 मई को भारत के मास्को स्थित दूतावास ने रूस के प्रमुख मंत्रालयों—मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट, मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड हायर एजुकेशन तथा मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर—को औपचारिक निमंत्रण भेजा था। इसके अलावा, रूस के प्रमुख व्यापारिक संगठनों जैसे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ रशिया, बिजनेस रशिया, ओपोरा रशिया और विभिन्न सेक्टर-विशेष ट्रेड बॉडीज से भी सक्रिय संवाद स्थापित किया गया है। इसके जवाब में रूस की ओर से आमंत्रण को स्वीकार करते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस संबंध में रूस की स्वीकृति पत्र भी प्रदेश सरकार को मिल चुका है। रूस की ओर से आने वाले डेलिगेशन में बैंकिंग, ऊर्जा, स्किलिंग, शिक्षा और आईटी/आईटीईएस सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधि शामिल होंगे। वे उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्तर के अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही रूस का 9 सदस्यीय सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुति देगा, जिससे ट्रेड शो में भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊर्जा मिलेगी।

# भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया : अखिलेश



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। भाजपा की गलत नीतियों ने छात्रों, नौजवानों का भविष्य खराब कर दिया है। शिक्षा के साथ ऐसा खिलवाड़ कभी नहीं हुआ जैसा भाजपा सरकार में हो रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि अब-जब मुख्यमंत्री एसआईआर की तर्ज पर विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में टीआईआर (थ्रो इन्वेस्टीगेशन रिपोर्ट) लाने का आदेश दे रहे है तो सभी विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर की भी जांच हो, जो संगी साथियों की पर्ची के लेनदेन से पदों पर बैठे है। विश्वविद्यालयों के वित्तीय अनियमितताओं और परीक्षा घोटालों की भी जांच हो। शिक्षकों की नियुक्तियों में आरक्षण घपले की जांच हो। विश्वविद्यालयों में इस मामले की भी जांच हो कि किस तरह से नॉट फाउण्ड सूटेबल (एनएफएस) को पीडीए के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही विश्वविद्यालयों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की गड़बड़ी की भी पड़ताल हो। छात्रवृत्ति योजनाओं में हुए घपलों की जांच हो। इसके साथ ही फर्जी डिग्री विवाद और निजी विश्वविद्यालयों में लगे सत्ताधीशों के काले धन की जांच हो।अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में तभी सुधार होगा जब भाजपा सरकार सत्ता से बाहर जाएगी। तभी नौजवानों का भविष्य बेहतर बनेगा। भाजपा सरकार के एजेण्डे में शिक्षा, नौकरी और रोजगार नहीं है।

# निजी स्कूलों में गरीब बच्चों के प्रवेश पर कड़ी निगरानी रखेगी योगी सरकार, शासनादेश जारी

## प्रवेश प्रक्रिया हुई ऑनलाइन, फर्जी अभिलेखों की तत्काल हो सकेगी जांच, स्कूलों की मनमानी पर भी लगेगी रोक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने की व्यवस्था को संशोधित करते हुए अब और कड़े नियमों तथा सख़्त निगरानी के साथ लागू कर दिया है।

- **3-6 वर्ष पूर्व प्राथमिक कक्षा और 6-7 वर्ष कक्षा-1 में प्रवेश के लिए है निर्धारित**
- **शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा कोई भी गरीब बच्चा: संदीप सिंह**

आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और इसके लिए माता-पिता व बच्चे का आधार कार्ड अनिवार्य रहेगा। पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश की आयु सीमा 3 से 6 वर्ष और कक्षा-1 के लिए 6 से 7 वर्ष तय कर दी गई है। पहली बार जिलास्तर पर क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति गठित की गई है, जिसकी अध्यक्षता डीएम करेंगे। इस समिति में दर्जन भर से अधिक जिला स्तरीय अधिकारी सदस्य होंगे, जो पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। इतना ही नहीं, प्रवेश आवेदन एवं प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाले विवादों का त्वरित निस्तारण सीडीओ की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय विवाद समाधान समिति करेगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि सरकार की यह पहल शिक्षा को सबके लिए सुलभ बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि अब कोई भी गरीब बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि हर वर्ग को समान अवसर मिले।

इस व्यवस्था का लाभ अनुसूचित जाति, जनजाति, सामाजिक व शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग, अनाथ, निराश्रित, एचआईवी/एड्स व कैंसर पीड़ित अभिभावकों के बच्चों तथा दिव्यांगजन परिवारों के बच्चों को मिलेगा। साथ ही, जिन परिवारों की वार्षिक आय ?1 लाख तक है, उनके बच्चे भी इसमें शामिल होंगे। सभी आवेदन www.rte25.upsdc.gov.in पोर्टल पर होंगे। विद्यालयों को अपनी उपलब्ध सीटों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। आवंटित छात्रों की सूची सार्वजनिक की जाएगी, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो। निजी



विद्यालयों में प्रवेश पाने वाले बच्चों की फीस का भार सरकार उठाएगी। साथ ही, ड्रेस और किताबों की खरीद के लिए अभिभावकों को सीधे उनके बैंक खातों में 5,000 रुपये की वार्षिक सहायता दी जाएगी।शासनादेश के अनुसार मिथ्या या फर्जी दस्तावेजों पर प्रवेश की कोशिश करने वाले अभिभावकों पर न केवल रोक लगेगी बल्कि उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। इतना ही नहीं, यह प्रयास स्कूलों की मनमानी और उनके द्वारा फीस प्रतिपूर्ति में किये जाने वाले संभावित घालमेल पर अंकुश लगाने का प्रयास भी है। विद्यालयों को अब मनमानी की छूट नहीं होगी। यदि किसी आवंटित बच्चे को बिना उचित कारण के प्रवेश से वंचित किया गया तो संबंधित विद्यालय की मान्यता तक प्रत्याहरण (रद्द) की जा सकती है।

**ऑनलाइन होगा सत्यापन, अपार आईडी के अभाव में नहीं मिलेगी फीस प्रतिपूर्ति कंचन वर्मा** : महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा का कहना है कि बच्चे के आवंटित विद्यालय में प्रवेश के बाद विद्यालय को अनिवार्य रूप से उसकी जानकारी आरटीई ऑनलाइन पोर्टल एवं यू-डायस पोर्टल पर दर्ज कराते हुए अपार आईडी बनानी होगी। यदि यह प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जाती, तो विद्यालय को फीस प्रतिपूर्ति का लाभ नहीं मिलेगा।

पारदर्शी वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति एवं सहायता राशि का भुगतान तभी किया जाएगा, जब संबंधित विद्यालयों से प्राप्त मांग पत्र/प्रतिपूर्ति बिल जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा शत-प्रतिशत सत्यापित होंगे। इस सत्यापन में विगत शैक्षिक सत्रों में नामांकित तथा वर्तमान में अध्ययनरत छात्रों की रजिस्ट्रेशन संख्या और विद्यालय आवंटन के आधार पर मिलान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक तिमाही में स्थलीय निरीक्षण कर विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों का सत्यापन किया जाएगा।

# जनता की सुविधा हमारी पहली जिम्मेदारी : ए के शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगामी त्यौहारों नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा और दीपावली को देखते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ स्थित संगम सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जल निगम की चल रही परियोजनाओं की समीक्षा

- **त्योहारों से पहले जल निगम के कार्यों की समीक्षा, मंत्री ए के शर्मा ने दिए सख्त निर्देश**
- **मंत्री ने तल्ख शब्दों में कहा - जनता को न हो कोई असुविधा**

की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता को किसी भी स्थिति में निमार्णाधीन कार्यों से परेशानी नहीं होनी चाहिए।

मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जल निगम की विभिन्न परियोजनाओं में समयबद्धता और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन परियोजनाओं में



देरी हो रही है, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर साफ-सफाई और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिएं। जनता की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में नगर विकास मंत्री ने उन स्थानों पर विशेष ध्यान देने को कहा जहां परियोजनाओं के चलते सड़कें काट दी गई हैं या मिट्टी खोदकर छोड़ दी गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे स्थानों पर कार्य पूरा होने तक सड़कों की अस्थायी मरम्मत की जाए, ताकि आम लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो। मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को कहा कि आगामी नवरात्रि और अन्य पर्वों के दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होंगे। ऐसे में सभी प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और पूजा स्थलों पर व्यापक सफाई अभियान और सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पानी की अतिरिक्त आपूर्ति और टैंकरों की व्यवस्था पहले से कर ली जाए।

बैठक में उपस्थित जल निगम और नगर विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि त्योहारों से पहले चल रहे कार्यों की फील्ड मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जाए। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर यह सुनिश्चित करें कि काम की गति बनी रहे और जहां भी जनता को परेशानी की आशंका है, वहां तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने दोहराया कि निमार्णाधीन कार्यों की वजह से जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी और कर्मचारी त्योहारों से पहले फील्ड पर सक्रिय रहकर कार्यों की समीक्षा करें। जनता की सुविधा हमारी पहली जिम्मेदारी है। बैठक में एमडी जल निगम रमाकांत पांडेय,निदेशक नगरीय निकाय अनुज झा, अपर निदेशक रितु सुहास सहित अन्य संबंधित अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यूपी के स्वच्छता अभियान की सराहना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 पर सभी राज्यों की बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर जी ने पिछले वर्ष के 155 घंटे निरंतर सफाई अभियान में उत्तर प्रदेश के उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। यह अभियान उत्तर प्रदेश सरकार के शहरी विकास मंत्री ए.के. शर्मा के मार्गदर्शन में चलाया गया था।इस वर्ष, राज्य ने एक और भी बड़ी पहल की घोषणा की है ।156 घंटे निरंतर सफाई अभियान, जो 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक, राष्ट्रव्यापी स्वच्छता आंदोलन के साथ चलेगा।

बैठक के दौरान, कैबिनेट मंत्रियों ने राज्य मिशन निदेशक के साथ आगामी अभियान की तैयारियों और रणनीतियों के बारे में जानकारी दी। ए.के. शर्मा ने यह भी बताया कि स्वच्छता ही सेवा 2024 के दौरान, शहरी क्षेत्रों में 1.09 लाख से अधिक स्वच्छता लक्षित इकाइयों (सीटीयू) की सफलतापूर्वक सफाई की गई, साथ ही पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों में कई कूड़ाघरों का भी सुधार किया गया। आगामी अभियान का उद्देश्य इस गति को और आगे बढ़ाना, स्वच्छ शहरों, स्वस्थ परिवेश और स्वच्छ भारत की दिशा में सक्रिय जन भागीदारी सुनिश्चित करना है।

# स्वास्थ्य केन्द्रों पर मिलेगी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं : पाठक

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर के शुभ अवसर पर से गांधी जयन्ती 02 अक्टूबर तक मनाये जाने वाले सेवा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। इसमें स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम, रक्तदान शिविर का आयोजन आदि प्रमुख है। इन सभी कार्यक्रमों में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य विभाग, सेवा पखवाड़े के दौरान स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलायेगा। यह कार्यक्रम प्रदेश के आम जनमानस को समर्पित होने के साथ ही नारी स्वास्थ्य पर केन्द्रित होगा। यह जानकारी प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग की एक समीक्षा बैठक के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के मध्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित होगे। इसमें प्रदेश की समस्त स्वास्थ ईकाइयों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इन स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की जायेगी।

रोस्टर के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्रों पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें भी उपलब्ध करायी जायेगी। सभी जिला स्तरीय चिकित्सालयों मेडिकल कालेजों और विशिष्ट चिकित्सालयों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों के लिए नोडल अधिकारी नामित कर निरीक्षण एवं अनुश्रवण कराया जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिये कि रक्तदान अभियान के दौरान सभी चिकित्सालय भण्डारण क्षमता के अनुरूप ही रक्त का संग्रहण कराये। रक्तदाताओं की संख्या अधिक होने पर उनका पंजीकरण कराकर भविष्य के लिए उनका विवरण सुरक्षित रख ले।

संक्षेप

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर पीड़ित की पिटाई तथा जानलेवा धमकी को लेकर आरोपियों के खिलाफ उदयपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। बरूआ दर्रा निवासी लालता प्रसाद पुत्र किशुन गौतम ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसकी जमीन पर उसकी बहू गुडडा देवी ने जबरिया कब्जा कर लिया है। बीती आठ सितंबर को नौ बजे सुबह पीड़ित छप्पर के नीचे साफ सफाई कर रहा था। तहरीर में आरोप है कि स्व0 राधेश्याम गौतम के पुत्र मोहित ने गाली देते हुए उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी ने जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मोहित समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## ईंट-पत्थर से हमले को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी द्वारा पीड़ित तथा उसकी विवाहिता पुत्री को ईंट पत्थर से हमले में चुटहिल करने को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रायपुर तियांई निवासी बुद्धू के पुत्र रामकिशुन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः सितंबर को वह अपने घर पर मौजूद था। तभी पड़ोस के रामपाल के पुत्र कमलेश ने दरवाजे पर पहुंचकर गाली देना शुरू किया। मना करने पर आरोपी द्वारा ईट पत्थर से हमला कर दिया। ईट पत्थर के हमले में उसकी पुत्री संतलाल की पत्नी अनीता के सिर में भी चोटें आ गयी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कमलेश के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है।

## किशोरी का अपहरण, केस

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मनीपुर मनुहार निवासी मंहगू के पुत्र संतलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच सितंबर की शाम साढ़े सात बजे उसकी सोलह वषीर्या पुत्री नित्य क्रिया के लिए घर से बाहर गयी थी। इसके बाद उसकी पुत्री लापता हो गयी। पीड़ित ने किशोरी के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किशोरी के अपहरण का केस दर्ज किया है।

## अनुचर लापता, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। कालेज में सेवारत अनुचर के लापता होने को लेकर पिता ने पुलिस से गुहार लगायी है। बिहार प्रदेश के शेरपुर नरसारी बारह बटटा समस्तीपुर निवासी शम्भू पुत्र रामप्रीत ने लालगंज पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसका लड़का सुमित कुमार सांगीपुर थाना के डभियार स्थित राजाराम किसान इण्टर कालेज में अनुचर के रूप में सेवारत है। सुमित लालगंज में किराये के मकान में रहता है। बीती सात सितंबर को सुमित ने पत्नी से फोन पर वार्ता की थी। इसके बाद सुमित किराये के मकान में नदारद दिखा तब मकान मालिक ने पीड़ित को फोन पर सूचना दिया। पीड़ित ने बेटे के साथ अप्रिय वारदात की आशंका जतायी है। लालगंज प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## आज श्रावस्ती आयेंगे गोसेवा आयोग सदस्य

श्रावस्ती। सदस्य, उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग, लखनऊ दीपक गोयल जी एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर कल 10 सितम्बर, 2025 को रात्रि 08 बजे सर्किट हाउस, श्रावस्ती पहुंचेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। आज 10 बजे वह जनपद की गौशालाओं का निरीक्षण करेंगे। अपरान्ह 02:30 बजे जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति के अधिकारियों/पदाधिकारियों के साथ गोवंश संरक्षण एवं अनुश्रवण विषयक बैठक करेंगे। तत्पश्चात मा0 सदस्य बस्ती जनपद हेतु प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल द्वारा दी गई है।

# सड़क हादसों में 6 की मौत

जिला संवाददाता

लखनऊ। संभल और सीतापुर जिले में हुए सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। संभल जिले के गुन्नौर क्षेत्र में आठ और नौ सितंबर की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के जुलेपुरा गांव के पास एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में दोपहिया वाहन सवार रेहान (18), अरमान (16) और हसनैन (16) गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें पास के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोटरसाइकिल सवार तीनों लड़के किसी होटल पर काम करने के बाद घर लौट रहे थे। वहीं, सीतापुर जिला मुख्यालय के शहर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। उक्त हादसा शहर कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर पर सवार उसके चालक समेत तीन लोग सड़क पर गिर गए और उसी ट्रक कुचल गए। पुलिस ने बताया कि तीनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक की गति बहुत तेज थी और ट्रक ने अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मार दी। उनके अनुसार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। यह हादसा इतना भयानक था कि ट्रैक्टर-ट्रॉली के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान की जा रही है और पता लगाया जा रहा है कि वे कहां से आ रहे थे।

## संस्कृति महाविद्यालय गौरी में छात्रों को किया गया टैबलेट वितरण




बांसी सिद्धार्थनगर। स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत मंगल संस्कृत महाविद्यालय गौरी बांसी सिद्धार्थनगर मंगलवार को छात्रों को टैबलेट वितरण किया गया। जिसमें प्रबन्धक/मुख्य अतिथि बृजेश्वर प्रताप नारायन विशिष्ट अतिथि वृजेश कुमार पाण्डेय प्रदेश संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश संस्कृत शिक्षक संघ एवं प्राचार्य अश्वनी कुमार मिश्र ग्राम, प्रधान मनोज द्विवेदी, आमंत्रित शिक्षक द्विजेन्द्र मणि त्रिपाठी, गोवर्धन शर्मा, दिवाकर मिश्र, अनुचर झिनकन गौड़ आदि तमाम लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहां कि शिक्षण की गई शिक्षा को आप ? ? सब ? अपने जीवन में आत्मसात करें तो वही वृजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि टैबलेट से उच्च शिक्षा ग्रहण करने में सहयोगी होगा छात्र अधिक से अधिक संस्कृत विद्यालयों में नामांकन कराये तथा अपनी संस्कृति को बचाए तथा आम जनमानस कि बोल चाल की भाषा के रुप में प्रयोग करे जिससे भारतीय संस्कृति और संस्कृत के ? संरक्षण को बल मिले हमारी संस्कृति और संस्कार दोनों की दिशा और दशा को बदलने का ? काम करें जिससे हमारी संस्कृति और संस्कृत का उत्थान, प्रचार प्रसार हो तथा समृद्ध हो।

## दसवीं कक्षा के छात्र ने फंदा लगाकर जान दी

कानपुर। कानपुर पुलिस आयुक्तालय के काकादेव क्षेत्र के हितकारी नगर स्थित अपने छात्रावास के कमरे में दसवीं कक्षा के एक छात्र ने कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार मौके से 16 वर्षीय छात्र का सुसाइड नोट बरामद किया गया जिसमें लिखा था कि मैं अपनी इच्छा से आत्महत्या कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक टीम इसकी जांच करेगी। कानपुर देहात के भोगनीपुर निवासी सृजन सिंह नाम का यह छात्र पिछले चार महीने से अपनी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए यहां रह रहा था। रावतपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक के. के. मिश्रा ने बताया कि सृजन ने अपने कमरे में एक चादर से छत के हुक से फंदा लगा लिया। कमरा अंदर से बंद था। रविवार सुबह से बार-बार फोन करने और दस्तक देने पर भी कोई जवाब नहीं मिलने पर छात्रावास के कर्मचारियों को शक हुआ। परिवार के सदस्यों ने हैरानी जताते हुए कहा कि सृजन ने किसी भी तरह की परेशानी का संकेत नहीं दिया था। सृजन के भाई हर्षित ने पुलिस के सामने बताया, उसने शनिवार रात मां से बात की थी और वह बिल्कुल खुश लग रहा था। वह मेहनती था और उसने कभी किसी गड़बड़ी का संकेत नहीं दिया। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सृजन ने यह कदम उठाने से पहले इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाला था। पुलिस ने कहा कि अगर औपचारिक शिकायत दर्ज की जाती है तो आगे की जांच की जाएगी।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर डीएम नाराज



**सिद्धार्थनगर।** स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। सोमवार रात कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में यह बात सामने आई। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने बैठक में विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। निदेर्शों के बावजूद जिले में अभी भी घरों में प्रसव कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि घर पर होने वाले प्रसव की जिम्मेदारी संबंधित एमओआईसी की होगी। एनबीएसयू को 24 घंटे सक्रिय रखने के आदेश का पालन भी नहीं हो रहा है। टीकाकरण अभियान में डेटा फीडिंग की समस्या सामने आई है। लाभार्थियों के गलत मोबाइल नंबर दर्ज किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने इस मामले में सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण का पूरा डेटा सही तरीके से पोर्टल पर अपलोड किया जाए। बीएचएनडी दिवस के आयोजन में भी कर्मचारियों की उदासीनता देखी गई। लाभार्थियों को समय पर धनराशि नहीं मिल रही है। राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण अभियान में भी लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं हुई है। कई विकास खंडों में टीबी मरीजों की पहचान नहीं हो पा रही है। ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य केवल कागजी है ई-संजीवनी के माध्यम से टेली मेडिसिन सुविधा भी अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आवश्यक है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## विभिन्न विकास खंडों की प्रगति कम पाये जाने पर भड़के डीएम



सिद्धार्थनगर। डिजिटल क्राप सर्वे की प्रगति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह एवं ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा तहसीलवार प्रगति की समीक्षा किया गया। विकास खण्ड इटवा, खुनियावं एवं भनवापुर की प्रगति कम पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित से प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो पंचायत सहायक कार्य नही कर रहे है तथा जिनकी आईडी लगातार 02 दिन बन्द रहती है उनके विरूद्ध कार्यवाही करे। डिजिटल क्राप सर्वे का कार्य 15 सितम्बर तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, समस्त तहसीलदार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, उपकृषि निदेशक राजेश कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## समस्याओं को लेकर वकीलों का चढ़ा पारा

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



प्रतापगढ़। तहसील में साफ सफाई न होने तथा वॉटर एटीएम की खराबी एवं पत्रावलियों के लंबित रहने से नाराज वकीलों ने मंगलवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में वकीलों ने एसडीएम को समस्याओं के बाबत ज्ञापन भी सौपा है। तहसील में एसडीएम समेत विभिन्न अदालतो में न्यायिक पत्रावलियों के आदेश में विलम्ब होने से वकील नाराज हो उठे दिखे। वही परिसर में वादकारी शेड़ो मे नियमित साफ सफाई न होने से भी वकीलों का पारा चढ़ा दिखा। परिसर में वाटर एटीएम के भी काम न करने से वकीलों की नाराजगी बढ़ी देखी गयी। नाराज वकीलों ने आमसभा कर प्रशासनिक लापरवाही पर आक्रोश जताया। अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि वकीलों से भी जुड़ी समस्याओं के निस्तारण में प्रशासन का रवैया ढुलमुल बना हुआ है। वकीलों ने आमसभा में समस्याओं के समाधान न होने पर आंदोलन की भी रणनीतिक चर्चा की। संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इसके बाद वकीलों ने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा से मिलकर समस्याओं के बाबत ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने अधिवक्ताओं को उठायी गयी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, संतोष पाण्डेय, प्रवीण यादव, दिनेश मिश्र, धीरेन्द्र मिश्र, सिंटू मिश्र, दिनेश सिंह, सुमित त्रिपाठी, लालता प्रसाद पाण्डेय, अंकित सिंह, विपिन शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे।

## मिठवल बुजुर्ग गांव में चोरों ने जेवरात व हजारों नकदी चोरी



बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी थाना कोतवाली परिक्षेत्र में चोरों की धमाचौकड़ी जारी है, चोरो ने जेवरात व हजारों रूपए नगदी पर हाथ साफ किया है, गत सोमवार की रात बांसी कोतवाली क्षेत्र के मिठवल बुजुर्ग गांव में गोपाल बक्शी के मकान में घुसकर चोर जेवर और बीस हजार रुपये नगदी उठा ले गए। प्राप्त खबर के अनुसार गोपाल जी बख्शी का परिवार बाहर रहता है। उन्होंने घर की देखभाल के लिए पथरा थाना क्षेत्र के बघनी निवासी ओमप्रकाश निषाद का परिवार घर में निःशुल्क रहता हैं। रात्रि में चोरों ने ओमप्रकाश के घर के कमरे में घुस कर बक्से का ताला तोड़कर मंगलसूत्र, पावजेब, पायल, बीस हजार रूपए नगदी को चोरों ने हाथ साफ किया है। हला की घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस छानबीन मे जूटी हैं। ग्रामीणों का कहना है पुलिस तीन बजे रात्रि तक गश्त किया है। इस संबंध में नवागत कोतवाल गौरव सिंह का कहना है कि कोई तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच किया जा रहा है।

## संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह व क्षेत्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**श्रावस्ती।** भारतीय संस्कृति के पावन ग्रंथों में कहा गया है चतुर्धा पुरुषा लोके संघकार्योपकारकाः। मर्मज्ञाः, युक्तकर्मज्ञाः, सद्गुणज्ञाः, सुयोजिकाः।।

अर्थात समाज व संगठन कार्य में वही लोग वास्तविक उपकारक होते हैं जो मर्मज्ञ, युक्तकर्मज्ञ, सद्गुणज्ञ और सुयोजक हों। इसी आदर्श वाक्य को चरितार्थ करते हुए प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा का श्रावस्ती आगमन पर भव्य, उल्लासपूर्ण और गरिमामय स्वागत हुआ।

श्रावस्ती में आयोजित स्वागत समारोह में पूर्व सांसद श्रावस्ती जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने दोनों विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। परंपरागत विधि-विधान से स्वागत कर कार्यकर्ताओं ने उत्साह, ऊर्जा, तेजस्विता और आस्था का परिचय दिया।

दद्दन मिश्रा ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि धर्मपाल सिंह और कमलेश मिश्रा का मार्गदर्शन निश्चित ही संगठन को नवीन दिशा और दृढ़ आधारशिला प्रदान करेगा। उनके नेतृत्व, परिकल्पना, अनुशासन, सद्भावना और आदर्श निष्ठा से श्रावस्ती व बलरामपुर क्षेत्र संगठनात्मक दृष्टि से नई ऊँचाइयाँ, लोकप्रियता और विशालता प्राप्त करेगा। साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की सच्ची परिभाषा, सेवा भाव, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण भावना का सही स्वरूप समझने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं ने भी संकल्पित भाव से कहा कि वे संगठन की मजबूती, एकता, अनुशासन, निष्ठा, विश्वसनीयता, उद्भावना और सृजनात्मकता को सर्वोपरि मानकर कार्य करेंगे। आयोजन में जिलेभर से आए गणमान्यजन, विद्वज्जन, वरिष्ठ कार्यकर्ता और समाजसेवी वर्ग की उपस्थिति ने इसे एक ऐतिहासिक, अविस्मरणीय, अलौकिक और प्रेरणास्पद क्षण बना दिया।

## दो युवकों में विवाद, एक ने दूसरे के सिर पर बोतल फोड़ी

सिद्धार्थनगर- बांसी स्टैंड के पास सोमवार रात एक विचित्र घटना सामने आई। बियर की दुकान पर दो युवकों के बीच नमकीन को लेकर हुआ विवाद हिंसक रूप ले लिया। घटना रात 9:30 बजे की है। पुरानी नौगढ़डीह के नौशाद उर्फ गबन और कृष्णानगर मोहल्ले के नईम दुकान पर बियर पी रहे थे। नौशाद ने नईम से नमकीन मांगी। नईम के मना करने पर नौशाद ने गुस्से में अपने हाथ में पकड़ी बियर की बोतल नईम के सिर पर दे मारी! बोतल लगते ही नईम लहूलुहान होकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर पहुंचाया। डॉक्टरों ने नईम के सिर पर टांके लगाए। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति स्थिर बताई गई है।

## डीएम ने श्रावस्ती एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु भूमि अधिग्रहण किया तेज



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील इकौना में श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तारीकरण संबंधी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि विस्तारीकरण हेतु कुल 226.755 हे0 भूमि प्रस्तावित है, जिसमें से 217.269 हे0 भूमि का क्रय/पुनर्ग्रहण किया जा चुका है, जबकि 8.733 हे0 भूमि का अधिग्रहण शेष है। एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु ग्राम खरगूपुर, कटरा और बिदुहनी की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इस संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के तहत अधिसूचना 27 फरवरी 2025 को जारी की गई थी। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार प्रभावित ग्रामों के प्रस्तावित गाटों की भौतिक स्थलीय स्थिति का संयुक्त निरीक्षण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवशेष भूमि क्रय/पुनर्ग्रहण की कार्यवाही में तेजी लाई जाए, ताकि शत-प्रतिशत भूमि अधिग्रहण पूर्ण कर आगे की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध ढंग से कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में उपजिलाधिकारी इकौना पीयूष जायसवाल, तहसीलदार इकौना तथा एयरपोर्ट के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शिकायत निस्तारण में रखें गुणवत्ता : डीएम



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इन सभी शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि फरियादियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक कार्यालय में जनसुनवाई करें और प्राप्त समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

## इंडो-नेपाल सीमा सुरक्षा के लिए पुलिस-एसएसबी का फ्लैग मार्च

श्रावस्ती। इंडो-नेपाल सीमा क्षेत्र की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपदीय पुलिस व सशस्त्र सीमा बल (रइ) द्वारा थाना मल्हीपुर एवं थाना सिरसिया के सीमावर्ती क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन/फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की गहन जांच की गई और ड्रोन कैमरों से रीयल-टाइम निगरानी भी की गई।

सीमावर्ती इलाकों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बॉर्डर पर धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थलों की भी विशेष चेकिंग की गई, ताकि असामाजिक तत्व धार्मिक आस्थाओं का दुरुपयोग न कर सकें। खुफिया इनपुट को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सतर्क बनाया गया है। सीमा क्षेत्र में नियमित गश्त, कॉम्बिंग अभियान, ड्रोन निगरानी और संयुक्त रणनीतिक चेकिंग प्वाइंट्स के माध्यम से सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीमा की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह चौकस है और लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है।

## श्रावस्ती में नवनियुक्त कनिष्ठ सहायक को मिला नियुक्ति पत्र



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। राजधानी लखनऊ में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित 1112 कनिष्ठ सहायक तथा 22 एक्सरे टेक्निशियन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कर कमलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि पारदर्शी व निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से हर योग्य अभ्यर्थी को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। इसी क्रम में जनपद श्रावस्ती में भी नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी श्रावस्ती भी मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता विधायक ने की और नवचयनित अभ्यर्थी को शुभकामनाएं दीं। जनपद श्रावस्ती में इस बार एक अभ्यर्थी का चयन कनिष्ठ सहायक पद पर हुआ, जिसे आज औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा गया। नियुक्ति पत्र पाकर चयनित अभ्यर्थी व उसके परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कर रही है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थी को प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ समाज तक पहुंचाने में योगदान देने की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी अब प्रदेश सरकार की नीतियों का हिस्सा बनकर जनता की सेवा करेंगे। वहीं, मुख्य विकास अधिकारी ने युवाओं को निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अन्य अधिकारीगण एवं अभ्यर्थियों के परिजन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सभी ने मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे रोजगार सृजन की दिशा में बड़ा कदम बताया।

## प्रभारी मंत्री ने पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का किया निरीक्षण

अयोध्या। जनपद के प्रभारी मंत्री/कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के साथ पंचकोसी परिक्रमा मार्ग उदया तिराहा से लेकर साकेत गैस गोदाम, ब्रह्मकुंड, गुरुद्वारा, राजघाट, झुनकी घाट, हलकारा का पुरवा व हनुमानगुफा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने कार्य की गति धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा अधिशाषी अभियन्ता निर्माण खण्ड-4 को मार्ग के निर्माण कार्य को मानक एवं विशिष्टयों के अनुरूप गुणवत्तापरक पूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिये। मा0 प्रभारी मंत्री ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा मार्ग को परिक्रमा के पहले पूरा करने के निर्देश दिये।

संक्षेप

## पति व सास पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर निवासी एक महिला ने पति व सास पर दहेज उत्पीड़न, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला गुरू प्रेमनगर निवासी गोल्डी वर्मा पुत्री दयाशंकर वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका विवाह 21 मई 2023 को थाना पसगवां क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी अनुज वर्मा पुत्र कमलेश वर्मा के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुआ था। विवाह में उसके पिता ने हैंसियत के अनुसार दान दहेज दिया था।इसके बाद भी पति अनुज व सास कमला देवी दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर उसको प्रताडित करने लगे। चार सितम्बर को पति व सास ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर उसके पहने हुये जेबरात जबरन छीनकर उसे घर से निकाल दिया। महिला का कहना है कि वह जैसे तैसे जान बचाकर अपने मायके पहुंची और मामले की जानकारी मायके वालो को दी।

## मारपीट में दो पर मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने दो लोगों पर रंजिशन मारपीट व जान से मारनें की धमकी देने का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम धौरहरा खुर्द निवासी विशाल पुत्र संतराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि सोमवार की शाम 5 बजे गांव निवासी राजेश पुत्र ननुके और उसके पुत्र अरविन्द व जीतू रंजिशन गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गये।

## बदल जायेगा सर्किल रेट, दर्ज करायें आपत्तियां

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी वि/रा गंभीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सम्पत्ति का मूल्यांकन नियमावली 2013 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार जनपद आजमगढ में उप निबन्धक कार्यालयों के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले कृषक/अकृषक/भूखण्ड/भवनों तथा व्यवसायिक सम्पत्तियों के मूल्यांकन एवं स्टाम्प शुल्क की अदायगी हेतु सर्किल दरं लागू/प्रभावी होनी है। जनपद के सभी उप निबन्धक कार्यालयों हेतु अनन्तिम मूल्यांकन सूची तैयार कर ली गई है जो सर्वसाधारण के निरीक्षणार्थ जनपद के उप निबन्धक कार्यालयों में सम्बन्धित तहसील तथा अपर जिलाधिकारी (वि/रा) एवं सहायक महानिरीक्षक निबन्धन आजमगढ के कार्यालयों में उपलब्ध है। उक्त प्रस्तावित मूल्यांकन सूची का निरीक्षण किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक किया जा सकता है। उन्होने बताया कि किसी को भी प्रस्तावित मूल्यांकन सूची के सम्बन्ध में कोई भी आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत किया जाना हो तो अपनी आपत्ति/सुझाव 8 सितम्बर 2025 से 22 सितम्बर 2025 तक व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से सम्बन्धित उप निबन्धक, सहायक आयुक्त स्टाम्प, संम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि/रा) के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। 23 सितम्बर 2024 से 25 सितम्बर 2025 तक उपरोक्त कार्यालयों में प्राप्त समस्त आपत्तियों/सुझावों का निस्तारण सहायक महानिरीक्षक निबन्धन व अपर जिलाधिकारी (वि/रा) आजमगढ़ की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार जनपद आजमगढ़ में किया जायेगा।

# साझा प्रयास ही बनायेंगे सपनों का उत्तर प्रदेश

जिला संवाददाता(vol)




लखीमपुर खीरी। विकसित उत्तर प्रदेश के शताब्दी संकल्प @2047 को लेकर सोमवार को जिले में प्रबुद्धजन विशेषज्ञ टीम का संवाद जारी रहा। टीम ने युवराज दत्त महाविद्यालय में छात्रों, शिक्षकों व शिक्षाविदों से सीधी बातचीत की।

कार्यक्रम की शुरूआत सीडीओ अभिषेक कुमार, सेवानिवृत्त आईएएस कुमदलता श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त आईएफएस अजय कुमार श्रीवास्तव, सेवानिवृत संयुक्त निदेशक यूपीसी कॉरपोरेशन डॉ. रामशब्द जैसवारा और सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी सलिल यादव और प्राचार्य, वाईडी कॉलेज डॉ हेमंत पाल ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीडी कृषि गिरीश चंद्र सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे। शताब्दी संकल्प @2047 कार्यशाला में वाईडी कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों, शिक्षाविदों, कृषि शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने खुले मंच पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर शासन से नामित प्रबुद्ध जन विशेषज्ञ टीम के सभी सदस्यों ने क्रमवार सभा को संबोधित किया। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद में आयोजित कार्यशाला में चंद्रशेखर आजाद कृषि महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, कृषि वैज्ञानिकों और किसानों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।इकोनॉमिक्स विभाग के छात्र राज मिश्रा और छात्रा साक्षी श्रीवास्तव ने कहा कि पारंपरिक कोर्स के साथझसाथ टेक्निकल स्किल भी सिखाई जाए। उनका मानना है कि यह कदम युवाओं को रोजगार पाने में बड़ी मदद देगा। किसान त्रिलोचन सिंह ने कहा कि किसानों को छोटी मशीनों और प्लांट से उन्नत किस्म के बीज तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाए। इससे न केवल लागत घटेगी बल्कि उत्पादकता भी कई गुना बढ़ेगी। शताब्दी संकल्प @2047 कार्यशाला में सेवानिवृत्त आईएएस कुमदलता श्रीवास्तव ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश का सपना तभी पूरा होगा, जब शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे पर सबके विचार सामने आएँ। शासन नागरिकों से सीधे सुझाव मांग रहा है और हर सुझाव विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### सीडीओ ने क्यूर कोड स्कैन कर सुझाव देने की अपील

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यशाला की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पहल का मकसद जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होंने छात्रों और नागरिकों से क्यूर कोड स्कैन कर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा करने की अपील की।

## पौधरोपण कर विद्यार्थियों ने दिया हरियाली का संदेश

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण का आयोजन मंगलवार को किया गया। एक छात्र एक पेड़ के स्लोगन को एक छात्रा के जन्मदिवस पर सहपाठियों ने पौधरोपण से जोड़कर इस पल को और भी यादगार बनाया। छात्रा कंचन यादव ने कहा, ह्ययह मेरा सबसे यादगार जन्मदिन है क्योंकि इसे प्रकृति की सेवा से जोड़ा गया है।ह्व इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक गुप्ता ने छात्रों को पर्यावरण की रक्षा और संवर्धन का संकल्प दिलाया।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और हर छात्र को साल में एक पौधा अवश्य जरूर लगाना चाहिए। प्राध्यापक सुशील कुमार, डॉ. अबु सालेह, डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाए। आंचल विश्वकर्मा, यश जायसवाल, अमन कुमार, अपेक्षा सिंह, रिन्शू सिंह, सहर फातिमा, तुबा, शिवांगी, नवीन, अंजली सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 14 वर्षीय बालक का शव बरामद

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय युवक का शव शहतूत के पेड में लटका मिलने से हड़कंप मच गया।परिजनों ने पुलिस को सूचना न देते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नयागांव निवासी 14 वर्षीय छोटू उर्फ राजकुमार पुत्र सोमवार मे राजकुमार उर्फ छोटू पुत्र रामसागर चौहान निवासी अपने घर से नाराज हो कर खेत पर गया था जो घर वापस नहीं आया परिवार व गांव वालों ने खेत में काफी तलाश किया व रिश्तेदारी में पता किया लेकिन उसका कही पता नहीं चल सका।मंगलवार को गांव के निवासी नानक शरण व आत्माराम पुत्रगण प्रेमदास के खेत की मेड पर लगे शहतूत के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।जबकि खेत में उड़द की फसल कटी पड़ी है, परिवारी जनो द्वारा पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।इसी मामले में जानकारी देते हुए ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि थोड़े दिनों से छोटू मानसिक रोग से पीड़ित था। इस प्रकरण में कोतवाल धौरहरा शिवाजी दुबे ने बताया कि परिजनों ने सूचना नहीं दी और शव का अंतिम संस्कार कर दिया फिर भी मौत होने का कारणो की जांच होगी।

## किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर बीडीओ धौरहरा को सौंपा ज्ञापन

धौरहरा खीरी। भारतीय किसान संघ उ०प्र०( अवध प्रांत ) ने खरीब फसलों के लिए खाद, बीज, विद्युत, पानी व किसानों की अन्य समस्याओं एवं अव्यवस्था तथा मिलावट खोरों से किसान बहुत परेशान हैं। इस विषय पर व्यापक चर्चा के उपरांत भारतीय किसान संघ उ०प्र० की कार्य समिति द्वारा लिये निर्णय को विकास खंड कार्य समिति द्वारा निम्नलिखित बिंदुओं पर सरकार से मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी धौरहरा को सौंपा। मंगलवार को किसान संघ द्वारा गुणवत्ता पूर्ण बीज,कृषि रसायनों की समय पर उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खाद बीज एवं कृषि रसायनों में मिलावट करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाये, राजकीय नलकूपों की मरम्मत करके रबी फसलों की सिंचाई हेतु तत्परता पूर्वक समुचित व्यवस्था की जाये टूट फूट एवं खराब कैनांलो के मरम्मत एवं बदलाव समय से पूर्व कर लिया जाए। राजकीय नलकूपों से सिंचाई नाली की सफाई मनरेगा से कराई जाये और विद्युत की आपूर्ति निर्बाध रूप से की जाये। और अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रशिक्षण की ऐसी व्यवस्था की जाये कि सभी कर्मचारी एवं अधिकारी किसानों के हितो में तत्पर रहें। इन सभी बिंदुओं की मांग मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश किसान संघ ने की है। जिसका ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी धौरहरा संदीप तिवारी को किसान संघ के जिला अध्यक्ष दयाशंकर पाठक, मंत्री पुनीत पांडे, पियूष श्रीवास्तव, अरबिंद, राजू राज, चंदन पांडेय, सहेली, प्रमोद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व किसानो ने सौंपा।

## क्रिसिल फाउंडेशन ने लगया वित्तीय साक्षरता शिविर



जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। तहसील धौरहरा की ग्राम पंचायत वाली के शीतलपुरवा में क्रिसिल फाउंडेशन के फील्ड कॉर्डिनेटर राजेश कुमार दीक्षित द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में दीक्षित द्वारा लोगों को बैंक से संबंधित सुरक्षा बीमा जीवन ज्योति बीमा सुकन्या समृद्धि योजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कैंप में (सी बी ओ) रउफ ने लोगों को बचत के बारे में जगरूक किया। इस दौरान बीसी संचालक सुरेंद्र कुमार इंडियन बैंक व ग्रामीण मौजूद रहे।

## शिविर में छात्राओं ने किया योगासन व प्राणायाम



लखीमपुर खीरी। आयुष मंत्री डॉ० दया शंकर मिश्र 'दयालु के नेतृत्व में प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार विशेष सचिव आयुष हरिकेश चौरसिया उत्तर प्रदेश आयुष सोसायटी की मिशन निदेशक निशा अनंत तथा निदेशक आयुर्वेद सेवाएं मानवेन्द्र सिंह के निदेशानुसार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी लखीमपुर डॉ० सुमन्त कुमार के मार्गदर्शन मे योग अभ्यास कराया गया। बता दे राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय खीरी टाउन लखीमपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.दिव्यांशु सिंह के सानिध्य मे योग वेलनेस सेन्टर खीरी टाउन के संविदा योग प्रशिक्षक कुलदीप कुमार वर्मा एवं योग सहायक सीमा देवी द्वारा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खीरी टाउन में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, मुद्रा, ध्यान, वैकल्पिक चिकित्सा आदि का अभ्यास कराया गया तथा शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए आवश्यक आहार-विहार और एवं स्वास्थ्य संवर्धन हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर कालेज की प्रधानाचार्या अपने समस्त स्टॉफ के साथ उपस्थित रहीं।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, शव को पीएम के लिए भेजा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर से सटे ग्राम लाल्हापुर में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम लाल्हापुर निवासी प्रदीप कुमार की 27 वर्षीय पत्नी प्रियंका ने सोमवार को घर में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। प्रियंका का विवाह प्रदीप से तीन वर्ष पूर्व हुआ था। उसका मायका बांकेगंज क्षेत्र में बताया गया है। घटना का कारण पारिवारिक विवाद माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एनटीपीसी रिहंद में सत्यनिष्ठा शपथ कार्यक्रम का आयोजन




बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद के सतर्कता विभाग द्वारा तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 के अंतर्गत आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन एकेडमी बीजपुर में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 तक के लगभग 550 छात्र-छात्राएँ तथा विद्यालय के प्राचार्य शामिल रहे। समारोह के दौरान छात्रों को ईमानदारी, पारदर्शिता, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही, तीन माह तक चलने वाले अभियान के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं, गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी विस्तारपूर्वक साझा की गई ताकि विद्यार्थी इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज में नैतिकता एवं स्वच्छ छवि को बढ़ावा दें।

## भारतेन्दु की 175वीं जयंती पर सीजीएन पीजी कॉलेज में गोष्ठी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सीजीएन पीजी कॉलेज



के हिन्दी विभाग में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की 175वीं जयंती पर कार्यक्रम किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशान्त सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रा प्रतिज्ञा अवस्थी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में डॉ. जितेन्द्र कुमार ने भारतेन्दु उपाधि की पृष्ठभूमि बताई।

डॉ. सुनील गुप्ता ने उन्हें हिन्दी नवजागरण का सूत्रधार और आधुनिकता का प्रवेश द्वार बताया। डॉ. मंजू शुक्ला ने अंधेर नगरी नाटक के माध्यम से शासक वर्ग पर व्यंग्य को रेखांकित किया। राकेश कुमार अग्रहरि ने उनके युग और सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालते हुए राजभक्ति बनाम राष्ट्रभक्ति की चर्चा की।

डॉ. विकास चैरसिया ने भारत दुर्दशा नाटक और स्त्री विषयक लेखन के आधार पर तत्कालीन व वर्तमान समाज की तुलना प्रस्तुत की। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. प्रशान्त सिंह ने भारतेन्दु को हिन्दी नवजागरण का अग्रदूत और भारतीय रंगमंच का जनक बताया। उन्होंने कहा कि अल्पायु और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनका लेखन कालजयी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं

## प्रबुद्ध जल समिति की टीम ने कॉरिडोर का किया निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) लखनऊ से आई प्रबुद्ध जल समिति की टीम ने छोटी काशी कॉरिडोर पहुंचकर सबसे पहले भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद समिति ने कॉरिडोर परिसर का गहन निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मंगलवार को रिटायर आईएएस अधिकारी की अगुवाई में समिति की टीम मुख्य विकास अधिकारी और परियोजना निदेशक समेत अन्य अधिकारियों के साथ पहुंची। टीम ने कॉरिडोर परिसर का बारीकी से अवलोकन किया और निर्माण की हर गतिविधि का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि परियोजना को हर हाल में तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को शीघ्र ही सुविधाजनक और भव्य कॉरिडोर का लाभ मिल सके।

## दस औषधि प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण, हड़कम्प

आजमगढ़। जनपद में संचालित औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण औषधि निरीक्षक आजमगढ़ सीमा वर्मा द्वारा किया गया था। जॉच के दौरान औषधि प्रतिष्ठानों पर पायी गयी कमियों के आधार पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी (विक्रय) आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ के द्वारा दिनांक 30 अगस्त 2025 को औषधि प्रतिष्ठानों- यथा मेसर्स आजमी मेडिकल स्टोर, नियर मस्जिद, चाँदपट्टी (मेहरा), जनपद आजमगढ़ 07 दिन के लिए, मेसर्स हर्ष मेडिकल हाल, कुशलगाँव, करूई, फुलेश मोड़, जनपद-आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक, मेसर्स इण्डियन मेडिकल स्टोर, मस्जिद के सामने, बेलनाडीह जमालपुर, जनपद-आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक, मेसर्स सुशील मेडिकल एजेंसी, गोसाँई, बाजार, गोमाडीह, जनपद-आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक, मेसर्स शिव शंकर मेडिकल हाल, तहबरपुर, जनपद-आजमगढ़ को 15 दिन के लिए, मेसर्स शिव मेडिकल स्टोर, अजमतपुर, कोदार, जनपद-आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक, मेसर्स साक्षी मेडिकल स्टोर, खसरा नं0-86, ग्राउण्ड फ्लोर, मोचीपुर, लाटघाट, जनपद-आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक, मेसर्स कुमार मेडिकल हाल, केशवपुर, महमूद पट्टी (अंजान शहिद), सगड़ी, जनपद-आजमगढ़ को 05 दिन के लिए एवं मेसर्स स्टार मेडिकल स्टोर, ग्राउण्ड फ्लोर शांती चौक कटरा, मुबारकपुर, जनपद-आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक क्रय विक्रय पर रोक लगाते हुए निलम्बित किया गया है।

## एनसीएल की गृहिणियां सीख रहीं जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार

सिंगरौली/सोनभद्र। स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा गृहणियों को आपात परिस्थितियों में जीवन बचाने हेतु प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में कंपनी की सभी परियोजना और इकाइयों में गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से आयोजित किए जा रहे हैं। एनसीएल द्वारा अभी तक 144 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार की 4727 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

इन प्रशिक्षण सत्रों में प्रतिभागियों को सीपीआर (हृदय पुनर्जीवन), सड़क दुर्घटनाओं में तुरंत चिकित्सा सहायता, सांप काटने पर प्राथमिक उपचार, जलने या गंभीर चोट पर त्वरित राहत उपायों के साथ रक्तचाप और सामान्य रोगों की पहचान जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। गौरतलब है कि, एनसीएल द्वारा विगत 27 जनवरी को गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने हेतु प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गयी थी ।

## मान्यता विहीन विद्यालयों को संचालन बंद करने की नोटिस



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर खण्ड शिक्षा अधिकारी कुम्भी गोला श्रीराम और नामित शिक्षक जगदीश प्रसाद ने ब्लॉक क्षेत्र के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में शिव आरएमए पब्लिक विद्यालय, कस्ता रोड सिकन्द्राबाद में मान्यता संबंधी अभिलेख उपलब्ध नहीं मिले। वहीं रशीदिया बरकातिया मदरसा को केवल कक्षा 1 से 5 तक की मान्यता है, लेकिन मौके पर कक्षा 6 से 8 तक के छात्र पढ़ते पाए गए, जो पूर्णतः अवैध है। एक अन्य विद्यालय में निरीक्षण टीम के पहुंचने से पहले ही बच्चों की छुट्टी करा दी गई। इन अनियमितताओं पर दोनों संस्थाओं को तत्काल संचालन बंद करने का नोटिस जारी किया गया है। निर्देश दिया गया है कि यदि संचालन जारी रहा तो मुफ्त एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे राजा यावदेन्द्र दत्त

जौनपुर। राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजा यावदेन्द्र दत्त दूबे की 26वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। महाविद्यालय के प्रबन्धक डॉ0 सत्यराम प्रजापति व प्राचार्य प्रो0 शम्भू राम ने राजा साहब के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्राध्यापक डॉ0 रजनीकांत द्विवेदी, डॉ0 गंगाधर शुक्ला, डॉ0 मृत्युन्जय मिश्र ने सस्वर शांति पाठ किया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रबन्धक ने कहाकि राजा साहब एक कुशल राजनेता, विद्वान, समाजसेवी और बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। वे दानवीर और क्षमाशील थे। राजा साहब का व्यवहारिक पक्ष भी काफी सशक्त था। वे कालेज के विकास व प्रगति के लिए बराबर सोचा करते थे। महाविद्यालय को प्रगति के शिखर तक ले जाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्राचार्य ने कहाकि राजा साहब को बहुआयामी प्रतिभाशाली व विलक्षण विद्वान, कुशल राजनेता अच्छे प्रशासक और व्यक्तित्व के धनी महापुरूष थे। उनमें शिक्षा के प्रति बेहद लगाव था। वे जनपद से कई बार विधानसभा के सदस्य और एक बार लोकसभा के सदस्य रहे। वे वास्तव में सच्चे महापुरूष रहे। आपने राजा साहब के व्यक्तित्व को एक विद्वान राजनीतिज्ञ शिकारी और अच्छे इंसान के रूप में रेखांकित किया।

## विश्व रिकॉर्ड बनाने पर कवि को पूर्व पालिकाध्यक्ष ने किया सम्मानित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर के वरिष्ठ कवि संतकुमार बाजपेई संत ने लंबी गजल का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। विश्व रिकॉर्ड बनाने पर पूर्व पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने संतकुमार बाजपेई संत को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कवि संतकुमार बाजपेई संत की पुस्तक जागो बन्धु जगाते लोग गजल ने 1721 शेर के साथ द बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दुबई में स्थापित करके छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ का नाम विख्यात किया है। नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने कवि संत कुमार बाजपेई संत के आवास पर पहुंचकर स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र प्रदान करके फूल मालाओं से सम्मानित किया। उन्होंने कहा संत कुमार बाजपेई संत ने छोटी काशी का नाम विश्व स्तर पर विख्यात किया है। जागो बन्धु जगाते लोग पुस्तक का विमोचन पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने किया था।इस मौके पर समाजसेवी अरविंद पांड, सुनील शुक्ला, श्रीकांत तिवारी, भगवती प्रसाद मिश्रा बेधड़क, श्याम कली बाजपेई, रवि सुत शुक्ला, वीरेश बाजपेई, शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

## उर्वरक की किल्लत पर किसानों का प्रदर्शन

### बीडीओ को मुख्यमंत्री के नामित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



सोनभद्र। जिले में उर्वरक किल्लत को लेकर नाराज किसानों ने भारतीय किसान संघ के बैनर तले सभी विकास खंड कार्यालय परिसरों में मंगलवार को धरना-प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन संबंधित खंड विकास अधिकारि प्रतिनिधि को सौंपा। इसी क्रम में रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक कार्यालय परिसर में भी संघ के पदाधिकारियों और किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन को सौंपा।

जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह ने कहा कि जिस देश की अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान सर्वाधिक है, वहीं किसानों की समस्याओं के समाधान में शासन-प्रशासन का सहयोग अब तक संतोषजनक नहीं रहा। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मेहनत से अन्नदाता कहलाता है, लेकिन जब उसे खाद, बीज और पानी की दिक्कत झेलनी पड़ती है तो वह खुद को ठगा महसूस करता है। जिलाध्यक्ष राम बहादुर सिंह ने आरोप लगाया कि खाद की किल्लत से खरीफ फसलों की पैदावार पर बुरा असर पड़ा है। यदि यही स्थिति रही तो आगामी रबी सीजन भी प्रभावित होगा। सरकार को चाहिए कि पहले से ही किसानों की जरूरत के अनुसार डीएपी और यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करे, साथ ही गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराए। उन्होंने नहरों की सफाई, टूटे हुए झालों और गेटों की मरम्मत कर टेल तक पानी पहुंचाने की मांग की। इसके अलावा सिंचाई के लिए निर्बाध रूप से 10 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही। किसानों ने बाढ़ से हुई तबाही का मुआवजा दिलाने और मिर्च व टमाटर की खेती को हुए नुकसान का आकलन कर राहत पैकेज जारी करने की मांग भी की। प्रदर्शन में सदानंद मौर्य, दयाराम मौर्य, महेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, अमित सिंह, नागेश्वर तिवारी, गोपाल सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, सुमित, रमाशंकर पांडेय, दिनेश, श्रीराम, मदन, चंद्रशेखर, रामरतन, छत्रसाल सिंह, चंद्रप्रकाश सिंह, ज्योति जंग सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

संक्षेप

## इनामी गैंगस्टर पकड़ा गया

मड़िहान, मीरजापुर। जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराध की रोकथाम एवं इनामिया, पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान एवं पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना राजगढ़ पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को थाना राजगढ़ पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील थे, कि इस दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा मय पुलिस टीम द्वारा थाना राजगढ़ क्षेत्र से थाना कोतवाली कटरा पर पंजीकृत गैंगस्टर एवं 20 हजार रुपये के इनामिया आरोपी प्रमोद सोनकर पुत्र स्वर्गीय हीरालाल सोनकर निवासी ग्राम राजगढ़ थाना राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया। थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया।

## आये दिन हादसों में जान गंवा रहे मानव : जानवर

जौनपुर। मछलीशहर -वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मछलीशहर और जंघई के बीच सड़क पर आये दिन दुर्घटनायें हो रही हैं। टक्कर दो तरह की हैं। इंसान से इंसान की और इंसान और जानवरों के बीच होने वाली टक्कर। सड़क चकाचक बन जाने के कारण तेज रफ्तार वाहनों से जब कभी जानवरों से टक्कर हो रही है तो कभी जानवर मर रहे हैं तो कभी इंसान और कभी कभी दोनों।अंग भंग दोनों के हो रहे हैं। जंगली जानवरों पर भले बस हो न हो लेकिन आवारा गो वंश के लिए बाकायदा गौशालाएं बनी हुई हैं जिस पर सरकार धन भी व्यय कर रही है लेकिन ये छुट्टा जानवर गौशालाओं को हैण्ड ओवर नहीं किये जा पा रहे हैं। जिम्मेदार इसका संज्ञान नहीं ले रहे हैं। मंगलवार की सुबह मछलीशहर -जंघई मार्ग पर गोधना बाजार का दृश्य है जहां स्थानीय लोगों ने बताया कि रात को किसी भारी वाहन से टक्कर होने के कारण गो वंश की जान चली गई है और कुत्ते सड़क पर ही गो वंश का मृत शरीर नोच रहे हैं।

## लेखपाल ट्रेनिंग परीक्षा का निरीक्षण

जौनपुर । जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा उमानाथ सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित लेखपाल ट्रेनिंग की परीक्षा का औचक निरीक्षण किया गया। यह परीक्षा 09 से 13 सितम्बर तक आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 08 बजे से 11 बजे तक तक आयोजित हुई, द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक आयोजित होगी। यह परीक्षा 03 दिवस तक दो पाली में आयोजित होगी। इसके अतिरिक्त एक दिन सर्वेक्षण कार्य तथा एक दिन सदाचार व सव्यवहार की परीक्षा आयोजित होगी। आज प्रथम पाली की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। आज की परीक्षा में 214 लेखपाल में 213 लेखपाल उपस्थित रहे। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

रेणुकूट, सोनभद्र। हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज में वृहस्पतिवार उप्र. माध्यमिक शिक्षा खेलकूद के अन्तर्गत 69वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अन्डर-19, अन्डर-17 व अन्डर-14 बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में अलग-अलग विद्यालयों के लगभग 100 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि तथा मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज रेणुसागर, खीस्ट ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेणुकूट, महिला मंडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेणुकूट, राजकीय इण्टर कालेज पिपरी व मेजबान विद्यालय के खिलाड़ी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता के अन्डर-14, अन्डर-17 व अन्डर-19 के बालकों व बालिकाओं के तीनों वर्गों में कई राउन्ड के बाद जिले के लिए तीनों वर्गों के खिलाड़ियों का चयन मंडल में प्रतिभाग करने के लिए किया गया। जिसमें 15 बालकों एवं 15 बालिकाओं का चयन किया गया जिसमें आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज, रेणुकूट के 13 बालक व 9 बालिकाएं, खीस्त ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेणुकूट, का 1 बालक व 4 बालिकाएं, महिला मंडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेणुकूट की 2 बालिकाएं तथा आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज रेणुसागर का 1 बालक चयनित हुआ।

# प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया भ्रमण



मीरजापुर। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, जनपद के प्रभारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने जनपद भ्रमण के दौरान सिटी विकास खंड अन्तर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम गोसाई पुरवा में भ्रमण कर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के पश्चात कैबिनेट मंत्री जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ प्रभावितों को राहत पहुँचाने के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान विधायक नगर, विधायक मड़िहान, विधायक मझवां, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बाढ़ प्रभावित ग्राम गोसाई पुरवा में भ्रमण के दौरान प्रभारी मंत्री ने ग्राम प्रधान व उपस्थित ग्रामीणों व महिलाओं से वार्ता कर बाढ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान प्रभावित, मौके पर डूबे फसलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गांव में कुछ बच्चों को बुलाकर स्कूल जाने व नामांकन के बारे में पूछताछ की, जिस पर लगभग 5 वर्षीय 4-5 बच्चों में से मनीष ने बताया कि वह स्कूल नहीं जाता, मंत्री ने उसके अभिभावक व मौके पर उपस्थित लेखपाल को निर्देशित किया गया नाम नोट कर कल ही इसका नामांकन पास के स्कूल में कराया जाए। मंत्री ने उपस्थित बच्चों व ग्रामीणों को लंच पैकेट भी वितरित किया। उन्होंने गांव महिलाओं व उपस्थित ग्रामीणों से वार्ता के दौरान आश्वस्त किया प्रभावित फसलों व क्षतिग्रस्त मकानों का यथाशीर्घ मुवावजा दिया जाएगा। उन्होंने उपस्थित उप जिलाधिकारी व अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि नुकसान फसलों का तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा वितरण की अग्रिम कार्यवाई की जाए। कैबिनेट मंत्री, जनपद के प्रभारी मंत्री जिला पंचायत सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ प्रभावितों को राहत सामग्री वितरण, स्वास्थ्य सुविधाएं, पशुओं के चारा व टीका, आवश्यक दवाएं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जनपद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों, नुकसान हुयी फसलों, क्षतिग्रस्त मकानों व दिये गये राहत सामग्रियों आदि के बारे में विस्सतृत जानकारी दी।

## पॉलीथिन हटाने, पेड़ लगाने के लिए सब्जी विक्रेताओं को किया जागरूक




मीरजापुर। पाल्क संस्था के प्रांगण में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर पॉलीथिन हटाने पेड़ लगाने व स्वच्छ मीरजापुर बनाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम सब्जी बेचने वालो के लिए रखा गया। जहां समाजसेवीका लिनेस क्लब आर्या की अध्यक्ष वंदना राय, सुनीता सेठिया, बैंकाक से आयी मुक्ति रैदानी, प्रिया जैन, सोनिका कपूर, नीलू कपूर, नेहा उपाध्याय, रेखा माधवानी, सरला अग्रवाल, सिंपल साध, ज्योति माधवानी, बिंदु दीदी की ओर से सहभागिता किया गया।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने बच्चों व उनके अभिभावक को पॉलीथिन का उपयोग ना करने व कपड़े के झोले आदि का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा समाजसेवी प्रियंका जायसवाल द्वारा सभी को कपड़े झोले बाटे गए। संस्था के बच्चों द्वारा बच्चों की अदालत नाटक का मंचन किया, जिसमें जज के रूप में संस्था की संरक्षक अर्चना खंडेलवाल रही। जिन्होंने पेड़ पॉलीथिन गंदगी आदि पर चले मुकदमें में सभी को बरी करते हुए इंसान को दोषी पाया और कहा कि इंसान हर जगह कूड़ा, पेड़ व पॉलीथिन को दोषी मानते है पर मुख्य दोषी तो इंसान है जिसने पेड़ कम करके, पॉलीथिन का प्रयोग ज्यादा करते है जिसकी वजह से इंसानों ने अपनी आयु कम कर ली और इसी तरह रहा तो आने वाली पीढ़ियां बीस तीस साल ही जीवन जी पाएंगी। इसलिए हम सबको प्रयास करके स्वयं भी प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए और लोगो को भी जागरूक करना चाहिए, कार्यक्रम के अंत में संस्था की अध्यक्ष बिंदु रैदानी ने सभी को शपथ दिलाया कि वह बाजार जब भी जाये घर से कपड़े का झोला लेकर ही जाये, संस्था की ओर से अभिषेक साहू, प्रवीण मौर्या, नंदराज सिंह, मंशा, पूर्णिमा, आर्य मोदनवाल उपस्थित रहे।

## पितृपक्ष में पितरों की स्मृति में करें पौधरोपण : संदीप मिश्रा



सोनभद्र। विधानसभा क्षेत्र राबर्ट्सगंज में पिछले लम्बे समय से पेड़ है तो प्राण हैं अभियान के तहत चल रहे पौधारोपण अभियान के तहत मंगलवार को चरका महादेव मंदिर व नेवारी डुमरिया में पौधारोपण किया गया, इस दौरान सैकड़ों पौधों का वितरण भी किया गया, खुज्झा में स्वर्गीय शौरभ शुक्ल की स्मृति व भरसही में गिरजा शुक्ला के पिता जी के स्मृति में पौधारोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही शोक संवेदना व्यक्त किया गया।

इस दौरान पेड़ है तो प्राण हैं अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रहे, पेड़ है तो प्राण हैं अभियान के संयोजक संदीप मिश्रा ने लोगों से अपील किया है कि पितृपक्ष के दौरान सभी लोग अपने अपने पितरो के स्मृति में एक एक पौधरोपण अवश्य करें, उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने के साथ ही वृक्ष बनने तक उन्हें सुरक्षित रखने के दायित्व का निर्वहन भी करें आप द्वारा किया गया यह कार्य पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा जिसका लाभ सभी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण पुरी दुनिया के सामने एक गंभीर समस्या है ?, जिसके समाधान के लिए पौधारोपण आवश्यक है, इस कार्य के लिए सरकार के साथ ही समाज को भी आगे आना होगा। समाज के सामुहिक योगदान से ही पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। कार्यक्रम में प्रदुम्न बिन्द, मोनू शर्मा, राज कनौजिया, विजय कुमार बिन्द, शिव कुमार बिन्द, सल्मान अली, सोनू जाटव, प्रदुमन शर्मा, अरविन्द विश्वकर्मा, सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

## एसपी ने किया मलखम्भ प्रतियोगिता का शुभारंभ




सोनभद्र। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित वाराणसी जोन स्तरीय मलखम्भ प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में वाराणसी जोन के अंतर्गत आने वाले 10 जनपदों को प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया गया था। जिनमें से 9 जनपदों सोनभद्र, मीरजापुर, भदोही, गाजीपुर, चन्दौली, जौनपुर, आजमगढ़, बलिया, मऊ की टीमों ने सहभागिता की तथा जनपद वाराणसी की टीम अपरिहार्य कारणों से प्रतियोगिता में प्रतिभाग नहीं कर सकी। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सभी प्रतिभागी पुलिसकर्मियों एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मलखम्भ जैसी पारंपरिक एवं शारीरिक दक्षता बढ़ाने वाली विधा में पुलिसकर्मियों की भागीदारी न केवल उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक है, बल्कि यह बल में खेल भावना, अनुशासन एवं टीम भावना को भी सुदृढ़ करती है। खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए सच्ची खेल भावना, भ्रातृत्व स्नेह, सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं अनुशासन का परिचय दिया। विभिन्न जनपदों से आए खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कौशल एवं संतुलन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा, क्षेत्राधिकारी लाइन डॉ. चारू द्विवेदी, तथा प्रतिसार निरीक्षक मो. नदीम सहित अन्य अधिकारी, खेलप्रेमी एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## चयन प्रक्रिया को लेकर सम्पादक मण्डल का मंथन

जौनपुर। सम्पादक मण्डल उत्तर प्रदेश की जनपद इकाई की बैठक मंगलवार को अध्यक्ष रामजी जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसका संचालन महामंत्री छोटे लाल सिंह ने किया। संरक्षकद्वय जय प्रकाश मिश्र एवं राकेशकान्त पाण्डेय की देख रेख में चयन पर मन्थन किया और सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 11 सितम्बर दिन गुरूवार को प्रातरू 11 बजे से होगी। उक्त बैठक कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पत्रकार भवन में होगी जहां अगली कार्यकारिणी हेतु विचार किया जायेगा। सम्पादक डा0. ब्रजेश यदुवंशी, शम्भूनाथ सिंह, मंगला प्रसाद तिवारी, विरेन्द्र गुप्ता, अरविन्द पटेल, डा. नौशाद अली ने अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर महेन्द्र प्रजापति, मो. रउफ, लालजीत डेमोस, अनिल गौतम, अमित शुक्ला, सूरज साहू, शुभांशू जायसवाल सहित तमाम सम्पादक उपस्थित रहे।

## बच्चों में ज्ञान कौशल भरती है शिक्षा




सोनभद्र। सामाजिक संस्था इनर व्हील क्लब आर्या रॉबर्ट्सगंज की तरफ से जय ज्योति विद्यालय चुर्क की 8वीं कक्षा की छात्रा दीक्षा चैबे को इनर व्हील क्लब आर्या उसकी शिक्षा के लिए 1 वर्ष तक अयोजित कर रहा है। सपने वह नहीं है जो हम सोते समय देखते हैं। सपने वह है जो हमें सोने नहीं देते शिक्षा वह रक्षक है जो सपनों को साकार में बदल सकती है।

शिक्षा बच्चों को ज्ञान कौशल और मूल्यों से भर देती है जैसे उनका समग्र विकास होता है। आत्मविश्वास बढ़ता है और वह समाज में साकारात्मक योगदान दे पाते हैं। जिसे वहां एक जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। इसमें आर्या क्लब की अध्यक्ष वंदना वर्मा, सचिव पूजा अग्रहरि, रितु अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, निधि गुप्ता, प्रकाश कौर, स्तुति अग्रहरि आदि मौजूद रहीं।

## हत्या के छह आरोपियों को आजीवन कारावास

आजमगढ़। 21 वर्ष पूर्व छात्र संघ चुनाव के रंजिश को लेकर अजीत राय हत्याकांड के मुकदमे में सुनवाई के बाद अदालत ने छह आरोपियों को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को 45000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की आधी राशि मृतक अजीत राय के परिजनों को दी जाएगी।यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 1 अजय कुमार शाही ने मंगलवार को सुनाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार निजामाबाद थाना क्षेत्र के टुंडवल गांव का निवासी अजीत राय शिब्ली नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज का बी एस सी थर्ड ईयर का छात्र था। 2004 के छात्रसंघ के होने वाले चुनाव में महामंत्री पद का भावी प्रत्याशी था। इस चुनावी रंजिश को लेकर 9 सितंबर 2004 के दिन ग्यारह बजे शिब्ली इंटर कॉलेज के गेट पर मोहम्मद दानिश पुत्र मुमताज अहमद निवासी नई बस्ती, शाह समर यासीन पुत्र नसीम निवासी पहाड़पुर मोहम्मद शारिक तथा मोहम्मद सादिक पुत्रगण मोहम्मद साबिर, इरफान पुत्र लल्लन निवासी निराला नगर, सादिक खान पुत्र वकील गफ्फार निवासी ग्राम टोला तथा जकारिया मास्टर का लड़का रिंकू जकारिया निवासी बदरका लाठी डंडा से अजीत को मारने लगे। रिंकू जकरिया के ललकारने पर मोहम्मद दानिश ने कट्टे से अजीत पर फायर कर दिया। उसके बाद सभी एक कार से भाग निकले। अस्पताल ले जाते ले जाते अजीत राय की मृत्यु हो गई।

घटना के दिन अजीत राय को राशन पहुंचाने आए उसके चाचा देवेंद्र राय ने शहर कोतवाली में रिपोर्ट लिखाई। इस रिपोर्ट में उन्होंने विद्यालय के प्रिंसिपल मोहम्मद इफ्तखार खान तथा फिजिक्स डिपार्टमेंट के हेड मोहम्मद जकरिया को भी इस घटना के साजिश का आरोपी बताया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से पूरे इलाके में अफरा तफरी फैल गई।

पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद पुलिस ने आठ आरोपियों के विरुद्ध चार्ज शीट न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से सहायक शासकीय अधिवक्ता गोपाल पांडेय तथा सीबीसीआईडी के अधिवक्ता ने कुल 16 गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों के दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी मोहम्मद दानिश पुत्र मुमताज, मोहम्मद दानिश पुत्र शाह समीम, शाह समर नसीम, मोहम्मद सारिक, सादिक खान उर्फ रशीद तथा रिंकू जकरिया को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक पर 45 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

## राजेश ब्लॉक तो कंचन बनी महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई पल्हनी की बैठक जनपदीय अध्यक्ष एवं मंत्री के निदेशार्नुसार, बी. आर. सी. कार्यालय पल्हनी के प्रांगण में अपराह्न 2 बजे आयोजित की गयी। बैठक का संचालन अखिलेश राय के देखरेख में हुआ तथा अध्यक्षता संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं नामित चुनाव अधिकारी अवधराज सिंह ने संगठन की नीतियों, उपलब्धियों तथा शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए उपस्थित सदस्यों को प्रेरित किया।

बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष पद पर डॉ. राजेश कुमार सिंह तथा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पद पर कंचन मौर्य का चयन किया गया। मंत्री पद की जिम्मेदारी क्रमशः संतोष कुमार राय और पूनम मिश्र को सौंपी गयी, जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में अरुणेन्द्र कुमार पाण्डेय और नीलम यादव निर्वाचित हुई। बरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जहाँ उपेंद्र दत्त शुक्ल ने स्थान प्राप्त किया वहीं महिला प्रकोष्ठ में यह दायित्व श्रीमती अंशु अस्थाना को सौंपा गया।

उपाध्यक्ष पद पर पुरुष इकाई से देवेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, चन्द्र कुमार सिंह, यशवन्त सिंह, तरुणेश सिंह, डॉ. सुरेन्द्र यादय, नीलम सिंह, संध्या पाण्डेय और स्वयं अवधराज सिंह को चुना गया, जबकि महिला प्रकोष्ठ से मंजू त्रिपाठी, अनुपमा दुबे और शहरबानो को इस दायित्व का अवसर मिला।

संयुक्त मंत्री रवि पाठक और अजित कुमार यादव, वहीं उप मंत्री की भूमिका में पंकज सिंह, विभा सिंह, जितेंद्र कुमार यादव, अरुण त्रिपाठी और प्रमोद भारती को दायित्व सौंपा गया। संगठन मंत्री के रूप में यशवंत सिंह (2), श्रीकांत यादव, राजेश कुमार यादव, प्रशांत राय और सपना पाठक को अवसर मिला। प्रचार मंत्री पद की जिम्मेदारी देवेन्द्र तिवारी, अंकित कुमार मिश्र, अनुराग सिंह यादव, हेमंत कुमार श्रीवास्तव और इशरत अफरोज ने संभाली। बैठक का संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक अखिलेश कुमार राय ने किया।

## तीन लोगों की मौत पर सपा की महिला सभा का प्रदर्शन

जौनपुर। नगर के मछलीशहर पड़ाव पर गत दिवस विद्युत प्रवाहित लोहे के खम्भे में करंट उतरने, खुली जर्जर नाली एवं सीवर लाइन में जाली न लगने से 3 लोगों की हुई मौत का मामला तूल पकड़ रहा है। इसी के बाबत 3 सूत्रीय मांगों को लेकर समाजवादी महिला सभा मंगलवार को सड़क पर उतर गयी।

प्रदेश सचिव उषा जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों महिला सहित पुरूष कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित 3 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। प्रदेश सचिव ने कहा कि बीते 25 अगस्त को मछलीशहर पड़ाव पर स्थित हीरो होण्डा एजेंसी के बगल में विद्युत प्रवाहित खम्भे में लगभग एक माह से करेंट उतर रहा था। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार पोल से सटने पर एक बकरी व एक गाय की मौत हो गय थी। इसकी जानकारी विभाग को रही लेकिन विभागीय लोगों ने उसे ठीक नहीं किया जिसके चलते 25 अगस्त की शाम एक घण्टे की तेज बारिश से शहर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से शहर की लगभग सभी सड़कें जलमग्न हा गयीं।वहीं दूसरी ओर मछलीशहर पड़ाव पर खुली जर्जर नाली व सीवर लाइन में जाली न होने से प्राची मिश्रा 24 वर्ष पुत्री योगेश मिश्रा ने जैसे ही ईकृरिक्शा पर बैठने के लिये बढ़ी कि जर्जर नाला होने से वह उसी में समाहित हो गयी। इतना ही नहीं, उसे बचाने के प्रयास में रिक्शा चालक शिवा गौतम एवं प्रयागराज से जौनपुर रिश्तेदारी में आये मो. समीर पुत्र शौकत की विद्युत प्रवाहित पोल से स्पर्श होने पर दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सपा नेत्री उषा जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक मृतक के परिवार को 50-50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाय। प्रत्येक परिवार में एककृएक व्यक्ति को योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी दी जाय। शर्मिला यादव, सुशीला यादव, पूनम यादव, पिंकी गुप्ता, रूक्मणि यादव, अर्चना राय, उर्मिला यादव, शिवांगी यादव, राधिका यादव, रेखा सिंह, शालिनी यादव, सुग्गी निषाद,, अजय श्रीवास्तव, पमपम चौहान, मनोज मौर्या, हीरा लाल विश्वकर्मा, मंजय कन्नौजिया, श्रवण जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## मंदिर के बहुमूल्य सामान सहित दानपात्र से नकदी की चोरी

आजमगढ़। जनपद के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के श्रीकांतपुर गांव में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में देर रात चोरों ने सेंधमारी कर दी। चोरों ने मंदिर के बहुमूल्य सामान और दानपात्र से नकदी पर हाथ साफ कर लिया। यह घटना गांव में सनसनी फैला रही है, क्योंकि स्थानीय निवासी लखन उपाध्याय के अनुसार यह मंदिर में चोरी की दूसरी घटना है। मंदिर के पुजारी सर्वेश तिवारी पुत्र स्वर्गीय त्रिभुवन तिवारी ने सोमवार तड़के करीब 5 बजे रोजाना की तरह पूजा के लिए मंदिर पहुंचे तो उन्हें चोरी का अंदेशा हुआ। उन्होंने मंदिर में रखे एक 21 किलोग्राम वजनी पीतल का घंटा, एक 11 किलोग्राम वजनी पीतल का घंटा, 11 किलोग्राम वजनी पीतल का हनुमान जी का गदा, एक इनवर्टर, एक बैटरी के साथ ही दानपात्र की पेटी से नकदी गायब मिली। पुजारी ने तत्काल ग्रामीणों को सूचना दी, जिन्होंने इमरजेंसी नंबर 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। इस मौके पर पहुंची देवगांव कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और जांच शुरू कर दी है। कोतवाल विनय प्रकाश राय ने बताया कि मंदिर में चोरी की घटना की पुष्टि हो गई है, लेकिन अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और आसपास के सुरागों की तलाश में जुटी हुई है।

## 11 सितंबर को होगा गणेश जी का वार्षिक श्रृंगार और पूजन

मीरजापुर। अति प्राचीन और आस्था से परिपूर्ण सप्त सागर मेला में इस वर्ष 11 सितंबर 2025 (गुरुवार) को भगवान गणेश जी का वार्षिक श्रृंगार एवं विशेष पूजन आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी मंदिर के पुजारी तेजनगिरी ने दी है। उन्होंने बताया कि यह मेला सदियों से श्रद्धालुओं के बीच आस्था का केंद्र रहा है। गणेश पूजन के इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भक्तगण दूर-दूर से पहुंचते हैं और भगवान गणेश के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। मंदिर परिसर से जुड़ी एक मान्यता के अनुसार, सप्तर्षियों ने इसी स्थल पर सात तालाबों की रचना की थी, जो आज भी क्षेत्र में आध्यात्मिक महत्व रखते हैं। कहा जाता है कि इन तालाबों के किनारे वेदों का पाठ, हवन और अनुष्ठान जैसे धार्मिक कार्य संपन्न किए गए थे। पुजारी तेजनगिरी ने बताया कि मेले के दिन सुबह से ही पूजन, भजन-कीर्तन, श्रृंगार और आरती का सिलसिला शुरू हो जाएगा। स्थानीय प्रशासन और श्रद्धालुओं की सहायता से मेला शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न करवाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो उमेश कुमार की अदालत ने सरपतहा थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को 20 वर्ष की कैद व ?15000 अर्थ दंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार सरपतहा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 7 सितंबर 2022 को मुकदमा पंजीकृत करवाया कि दिनांक 31 अगस्त 2022 को उसकी 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से गायब हो गई है।वह एक मोबाइल नंबर पर हमेशा बात किया करती थी। वादी को आशंका है कि उसी मोबाइल नंबर धारक व्यक्ति ने ही उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मुकदमे के विचारण के दौरान सभी गवाह पक्षद्रोही हो गए और किसी ने भी अभियोजन कथानक का समर्थन नहीं किया। जबकि आरोपी ने पीड़िता से विवाह कर लिया था और बच्ची भी पैदा हुई थी।अदालत ने कहा कि नाबालिग पीड़िता की सहमति या नाबालिक पीड़िता से विवाह करना अपराध की गंभीरता को कम नहीं करता। शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय व कमलेश राय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी युवक को 20 वर्ष के कारावास व 15000 अर्थदंड से दंडित किया।

## सड़क हादसे में दो गंभीर, पल्सर जलकर राख

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र वाराणसी लखनऊ राजमार्ग पर हौज तिराहे के पास सोमवार की देर रात को गलत साइड से आ रही कार और पल्सर की टक्कर हो गयी।जिसमें पल्सर सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये।पल्सर दुर्घटना के बाद जलकर राख हो गयी है।घटना के बाद वहां मौजूद पुलिस ने दोनो को एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय भिजवाया।जहा से दोनों को वाराणसी रेफर कर दिया गया।वाराणसी से पल्सर सवार 24 वर्षीय अमन सोनकर तथा 20 वर्षीय शुभम सोनकर पुत्र बित्तन सोनकर निवासी नाटी इमली थाना जैतपुर जनपद वाराणसी सुल्तानपुर की तरफ जा रहे थे।टोलप्लाजा कि आगे हौज तिराहे के पास एक कार सामने आ गयी।तेज रफ्तार पल्सर बॉइक कार की कार से जोरदार टक्कर हो गयी।टक्कर इतनी तेज थी कि पल्सर सवार युवक दूर जाकर गिर गए।उन्हें गम्भीर चोट आयी।दूसरी तरफ पल्सर में आग लग गयी वह जलने लगी।कार का बायां अगला पहिया टेढ़ा हो गया। संजोगवश जफराबाद पुलिस की टीम वहां मौजूद थी।उन्होंने तत्काल घायलों को अस्पताल भिजवाया। थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि कार के मालिक का नाम भारत पुत्र साधुराम निवासी मुस्तफाबाद के निवासी है।दुर्घटना के बारे में मौजूद पुलिस ने बताया कार गलत साइड से चल रही थी।दोनो पक्षों की तहरीर के जांच के बाद मुकदमा दर्ज होगा।

## ईमानदारी के साथ राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें युवा : श्रवण सिंह गोंड

सोनभद्र। यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति के दुद्धी प्रशिक्षण केंद्र से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत प्रशिक्षित युवाओं का सफलता पूर्वक प्लेसमेंट बेंगलुरु स्थित कंपनी में हुआ है। यहां चयनित युवाओं को 18,000 रुपए प्रतिमाह वेतन पर नियुक्त किया गया है।61 प्रशिक्षित युवाओं को दुद्धी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे भाजपा नेता श्रवण सिंह गोंड ने हरी झंडी दिखाकर बेंगलुरु के लिए रवाना किया। इस दौरान भाजपा नेता श्रवण सिंह गोंड ने युवाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि यह कदम न केवल युवाओं के भविष्य को




मजबूत करेगा बल्कि क्षेत्र का नाम भी रोशन करेगा। उन्होंने कहा कि भारत की सरकार में युवाओं को बड़े पैमाने पर योग्यता के आधार पर नौकरी और रोजगार मिल रहा है देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है सब का साथ, सब का विकास, सब का विश्वास के साथ कार्य हो रहा है। आने वाले समय में और भी युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा, चयनित युवाओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि अपनी पुरी ईमानदार और मेहनत के साथ कार्य करते राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति के जनरल मैनेजर अरविंद तिवारी, क्वालिटी हेड अभिषेक त्रिपाठी, स्टेट हेड भूपेश सिंह, मैदुल तथा भाजपा नेता संजू तिवारी और गोरख अग्रहरी भी उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट से महिला की मौत

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के केशवपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सोमवार को रात रेल की पटरी से जा रही 45 वर्षीया महिला ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची मौके पर पुलिस ने अगल-बगल के गांव के लोगों से पूछताछ करना शुरू कर दी लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई तो लाश को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भेज दिया।

## जिला विधायलय निरीक्षक ने किया पड़री गांव का निरीक्षण

म्योरपुर/सोनभद्र। म्योरपुर विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत पड़री मे मंगलवार को जिला विधायलय निरीक्षक जय राम सिंह ने पड़री गाँव का निरिक्षण किया बतादे कि पड़री गाँव मे शासन द्वारा शीघ्र ही हाई स्कूल खोला जाना प्रस्तावित है ग्राम प्रधान करोड़ पतीया देवी ने बताया की इस सुदूर क्षेत्र में कक्षा आठ तक विद्यालय है कक्षा नौ से बच्चों को म्योरपुर जाना पड़ता हैं जिसकी दूरी गाँव से लगभग 12 की मि है जिस कारण बालिकाओं को काफी असुविधा होती है, अब हाई स्कूल खुल जाने से बच्चों एव परिजनों को काफी आराम हो जायेगा गाँव मे ही विद्यालय खुलने की सुचना मिलते ही ग्रामीणों खुशी की लहर दौड़ गयी।

संक्षेप

## राजस्व न्यायालयों में पत्रावलियों के गुम होने पर डीएम सख्त

**कुशीनगर।** जनता-दर्शन में राजस्व न्यायालय से पत्रावली न मिलने एवं गुम होने की प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के क्रम में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने समस्त पीठासीन अधिकारी राजस्व न्यायालय,को निर्देशित किया है कि पत्रावलियों को व्यवस्थित रूप से (साक्ष्य, सुनवाई, बहस एवं आदेश) रखते हुए अपने-अपने न्यायालयों में राजस्व न्यायालय कम्पयूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली, उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर समस्त वादों का अंकन कराकर इस आशय का प्रमाण पत्र तीन दिवस में प्रस्तुत करे कि *राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली, उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर दर्ज समस्त पत्रावलियों मेरे न्यायालय में उपलब्ध है * दर्ज पत्रावलियों में से पत्रावली के गुम हो जाने व पत्रावली न मिलने पर समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित पीठासीन अधिकारी की होगी। यदि भविष्य में पत्रावली न मिलने की शिकायत आती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि उक्त प्रमाण-पत्र तीन दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# नपा परिषद का कारनामा, बंदरबांट की खुली पोल

## न्यायाधीश के बाग में अवैध तरीके से सड़क निर्माण का मामला

जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर के मनमानेपन व भ्रष्टाचार की कारस्तानी परत दर परत खुल रही है। अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला द्वारा सुनियोजित तरीके से सरकारी धन का दुरुपयोग कर गोलमाल किये जाने से लेकर अध्यक्ष प्रतिनिधि व ईओ के मिलीभगत से आचार संहिता में लाखो रुपये की धनराशि से नियम विरुद्ध तरीके से 70 अदद सोलर बैक्ट्री की खरीदारी तक का मामला अभी शान्त भी नही हुआ कि नगर पालिका परिषद ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश स्व. केशवानन्द द्विवेदी के बागीचे मे अवैध तरीके से सड़क निर्माण शुरू कराकर नया बखेड़ा खडाकर दिया। हालाकि मामला बिगड़ता देख अध्यक्ष प्रतिनिधि अपना पल्ला झाडते हुए सभासद पर और सभासद, अध्यक्ष प्रतिनिधि पर आरोप मढते हुए बैक फूट पर आ गये है।



बतादे कि कसया शहर के वार्ड संख्या 12 बीर अब्दुल हमीद नगर मुहल्ले मे सेवा स्व. न्यायाधीश का अपना आवास व बागीचा है। सूत्र बताते है कि चार दिन पूर्व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पति राकेश जायसवाल के कारखास ठेकेदार नगर पालिका के संसाधनो के साथ बागीचे में पहुचे और बागीचा स्वामी से बगैर अनुमति लिए व बिना सरकारी कोरमपूर्ति किये अवैध तरीके से मिट्टी गिराकर सड़क निर्माण कराने का कार्य शुरू कर दिया, जब इसकी जानकारी स्व.न्यायाधीश द्विवेदी के परिवार को हुई तो वह मौके पर पहुंच गये।

परिजनों द्वारा पूछताछ पर इस बात का खुलासा हुआ कि इस कार्य को कराने के लिए नगर पालिका की ओर से न तो टेण्डर निकाला गया है न बागीचे स्वामी से कोई अनुमति ली गयी है। स्व.जज केशवानंद के पुत्र राजीव द्विवेदी ने बताया कि बीते बुधवार को वीर अब्दुल हमीद नगर में स्थित उनके बगीचे में बिना पैमाइस करवाये नगर पालिका परिषद द्वारा 800मीटर सडक का निर्माण करवाया जा रहा था । यह कार्य अध्यक्ष पति राकेश जायसवाल के खास ठेकेदार महीप राव करवा रहे थे। उन्होने बताया कि रास्ते पर 12मीटर इंटरलॉकिंग हुआ है और शेष रास्ते पर अवैध तरीके से मिट्टी गिराकर सडक निर्माण कराने का कार्य किया जा रहा था जिसकी सूचना नगर पालिका ने बगीचा स्वामी व उनके परिवार के सदस्यों को नही दी थी जब इसकी जानकारी हुई तो वह कार्य स्थल पहुंचे और वहा मौजूद ठेकेदार महीप राव के मुंशी से पूछताछ किये तो मुंशी ने ठेकेदार महीप राव से बात जानकारी लेने की बात कही। इसके बाद राजीव द्विवेदी ठीकेदार के मोबाइल पर संपर्क कर वार्ता की तो ठेकेदार ने कहा कि कोई विवाद नही था इसलिए सड़क बनवा रहा था ।कब इस कार्य का टेंडर हुआ है पूछे जाने पर ठेकेदार ने चुप्पी साध ली और कहा कि आप मिट्टी हटवा दीजिये हम कार्य नही करवाएंगे ।इसके बाद देर शाम को मिट्टी हटाया गया। राजीव का कहना है कि चेयरमैन पति राकेश जायसवाल से जब वह वार्ता किये तो अध्यक्ष पति ने कहा कि बिना पैमाइस चिन्हांकन किये किसी के खेत व नम्बर की जमीन पर रास्ते का निर्माण करना न्यायसंगत नही है ,चूकि वार्ड के सभासद ने प्रस्ताव दिया था इसलिए उनके प्रस्तावित रास्ते का निर्माण करवाया जा रहा है, ठीकेदार महीप राव से वार्ता कर कार्य को रोकवा देता हूँ।

मजे की बात यह है कि वार्ड के सभासद का कहना है कि मेरे द्वारा कोई प्रस्ताव नही दिया गया है। इससे पहले वहाँ मिट्टी गिराया गया था जिसका भुगतान अभी तक नही हुआ है तो फिर उसी रास्ते पर मिट्टी गिराकर इंटरलॉकिंग करवाना कहा तक उचित है ? सवाल यह उठता है कि नगर पालिका ने कस्तकारी के जमीन पर भूमि स्वामी के अनुमति के बगैर व बिना टेण्डर निकाले किसके निर्देश पर सडक निर्माण कार्य शुरू कराया था ? कही सरकारी धन का बंदरबांट का खेल तो नही जो जांच का विषय है।

## सामूहिक प्रयासों से बनेगा विकसित प्रदेश



**देवरिया।** डायट, रामपुर कारखाना स्थित महर्षि देवरहा बाबा सभागार में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 100 शिक्षकों तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं के साथ कार्यशाला सम्पन्न हुई, जिसमें शिक्षा क्षेत्र में विकास एवं आत्मनिर्भरता को लेकर विचार-विमर्श हुआ। विकास खण्ड रामपुर कारखाना सभागार में कृषकों, श्रमिकों, स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं प्रतिनिधियों से संवाद किया गया और उनके अमूल्य सुझाव प्राप्त किए गए। विकास भवन स्थित गांधी सभागार में प्रबुद्धजनों, नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्यूष पाण्डेय तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में अर्थशक्ति, सृजनशक्ति और जीवनशक्ति की थीम पर आधारित मिशनइसमग्र विकास, आर्थिक नेतृत्व एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में शासन द्वारा चिन्हित 12 प्रमुख सेक्टर–कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन–पर सरकार की दूरदृष्टि प्रस्तुत की गई। प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिया कि सभी विभाग ऐसी ठोस कार्ययोजना तैयार करें, जिससे उत्तर प्रदेश वर्ष 2047 तक एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बन सके। साथ ही यह भी अपेक्षा की गई कि अधिकारी अधिक से अधिक लोगों को निर्धारित क्यूआर कोड स्कैन कर अपने सुझाव साझा करने हेतु प्रेरित करें। सामूहिक प्रयासों एवं जनसहभागिता से उत्तर प्रदेश को विकसित एवं आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने का लक्ष्य अवश्य ही पूरा होगा।

# हिरण्यवती नदी की साफ सफाई के लिए गठित हुई टास्क फोर्स

**कुशीनगर।** जिले के सांस्कृतिक धरोहरों को संजोए हुए है। यहां का सांस्कृतिक इतिहास मुख्य रूप से भगवान बुद्ध से जुड़ा है। कुशीनगर प्राचीन काल में मल्ल गणराज्य की राजधानी थी, जहां भगवान बुद्ध ने महानिर्वाण प्राप्त किया था। यह धरा जैनियों, वैष्णव शिव, शक्तिपीठ आदि के लिए महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है, जिसमें प्रवाहित गंडक नदी के तट पर बैठकर हिमालय के तराई के निकट ऋषि एवं महर्षि प्राचीन काल मे ध्यान केन्द्रित करते थे।

तहसील कसया अन्तर्गत स्थित रामाभार स्तूप/भगवान स्तूप, बुद्ध महापरिनिर्वाण स्थली से होकर हिण्यवती नदी प्रवाहित होती है जिसका बौद्ध धर्मावलम्बी के लिए ऐतिहासिक महत्व है। बौद्ध अनुयायी इसके जल को पवित्र मानते है एवं इस नदी के समक्ष खड़े होकर प्रार्थना करते है। परन्तु अनेक प्रयासों के बावजूद बौद्धों की पवित्र गंगा 'हिरण्यवती नदी जल कुम्भी से पटी हुई है। जिसके क्रम में नदी की स्वच्छता एवं जल प्रवाह बनाए रखने के लिए हिरण्यवती नदी जीर्णोद्धार टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने गठित टास्क फोर्स का अध्यक्ष एडीएम (वि/रा) को नामित किए हैं, इसी प्रकार उपजिलाधिकारी, कसया, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियंता, बाढ़ खण्ड, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायतीराज अधिकारी, तहसीलदार कसया, अधिशासी अधिकारी, न०पा०प० कुशीनगर, क्षेत्रीय वनाधिकारी (रेंजर), कसया, खण्ड विकास अधिकारी, कसया / रामकोला को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने हिरण्यवती नदी जीर्णोद्धार हेतु टास्क फोर्स के कार्य एवं दायित्व निर्धारण भी किया है जिसके अंतर्गत-हिरण्यवती नदी से जुड़े विभिन्न गुलों का चिन्हांकन एवं वाधाओं का निराकरणः-टास्क फोर्स द्वारा हिरण्यवती के जुड़ने वाले विभिन्न गुलों का चिन्हांकन अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, कुशीनगर एवं अधिशासी अभियंता, बाढ़ खण्ड, द्वारा किया जायेगा। इस प्रकार के सर्वेक्षण में सम्बन्धित हल्का लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक इनके साथ होंगे एवं सर्वेक्षण में सहयोग करेगें। गुलों के चिन्हांकन के बाद हिरण्यवती नदी से इनके जुड़ाव में आ रही वाधाओं को सूचीवद्ध करते हुए इनका निराकरण सक्षम स्तर से कराये जाने हेतु त्वरित कार्यवाही की जायेगी। सर्वेक्षण रिपोर्ट विषयक आंकड़ो का संग्रहण / एकत्रण अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, द्वारा किया जायेगा तथा इस सन्दर्भ में रंगभेदी नक्शा प्रस्तुतीकरण / पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन अधिशासी अभियंता, बाढ़ खण्ड, द्वारा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि टास्क फोर्स अपने प्रभाव में आने के एक सप्ताह के अन्दर विभिन्न गूलों के चिन्हांकन कर एवं उनके नदी से जुड़ाव में आ रही बाधाओं के बारे में अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेगी।

इसी प्रकार हिरण्यवती नदी की साफ-सफाई के संबंध में श्रम लागत की रूपरेखा उपायुक्त मनरेगा, द्वारा तैयार की जायेगी। साफ-सफाई की कार्य योजना जिला पंचायतीराज अधिकारी,एवं अधिशासी अधिकारी, न०पा०प० कुशीनगर द्वारा तैयार की जायेगी। श्रम लागत घटक के अन्तर्गत नदी तट की साफ-सफाई हेतु श्रमिकों की आवश्यकता, उपलब्धता एवं वैकल्पिक व्यवस्था की गणना की जानी है। नदी चैनल की साफ-सफाई हेतु संसाधनों को उनकी आवश्यकता, उपलब्धता / वैकल्पिक व्यवस्था के आधार पर आकलित किया जायेगा। इस प्रकार सम्पूर्ण कार्य योजना बनाते हुए उसका क्रियान्वयन किया जायेगा।

कार्य योजना के समयवद्ध क्रियान्वयन हेतु पर्यवेक्षणीय टीम का गठन भी किया जायेगा। कार्य योजना के निर्माण हेतु उपायुक्त मनरेगा, अधिशासी अधिकारी, न०पा०प० कुशीनगर एवं जिला पंचायतीराज अधिकारी, संयुक्त रूप से उप नोडल अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता, बाढ़ खण्ड, नोडल अधिकारी होगें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि टास्क फोर्स अपने प्रभाव में आने के 15 दिवस के अन्दर साफ-सफाई विषयक कार्य योजना के सन्दर्भ में अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेगी। हिरण्यवती तट का वृक्षारोपड़ के संबंध में निर्देशित किया गया है कि वर्तमान में बुद्धाघाट से कुशीनगर-देवरिया रोड की तरफ नदी के दाहिनें तट पर लगभग 500 मीटर में मियांवाकी पद्धति से वनीकरण हुआ है जिसे पैच के रूप में आगे बढ़ाये जाने की आवश्यकता प्रतीत होती है। नदी तट के दोनो ओर वृक्षा रोपड़ की कार्य योजना क्षेत्रीय वनाधिकारी, कसया द्वारा तैयार की जायेगी एवं इस हेतु आवश्यक संसाधनों को आवश्यकता, उपलब्धता एवं वैकल्पिक व्यवस्था को सूचीवद्ध किया जायेगा। कार्य योजना के त्वरित कियान्वयन हेतु क्षेत्रीय वनाधिकारी द्वारा टाईम लाईन निर्धारित किया जायेगा। कार्य योजना के क्रियान्वयन के पर्यवेक्षण का दायित्व अपने-अपने क्षेत्र में संबंधित अधिशासी अधिकारी, न०पा०प० कुशीनगर एवं खण्ड विकास अधिकारी होगा। हिरण्यवती नदी की साफ-सफाई विषयक कार्य योजना के कियान्वयन हेतु टास्क फोर्स पाक्षिक रूप से कियान्वयन हेतु गठित पर्यवेक्षणीय टीम के साथ बैठक करते हुए साफ-सफाई कार्य योजना के प्रगति की समीक्षा करेगी। समीक्षा बैठक हेतु अद्यतन सूचनाओं का संकलन एवं प्रस्तुतीकरण हेतु अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, नोडल अधिकारी होगें। टास्क फोर्स कार्य योजना कियान्वयन में आ रही वाधाओं का सक्षम स्तर से निराकरण करायेगी एवं क्रियान्वयन की प्रगति से पाक्षिक रूप से जिलाधिकारी, को अवगत करायेगी।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के धरई मजरे भुवालपुर सिसनी में एक युवक ने गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से समूचे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए रायबरेली भेज दिया। मंगलवार को दोपहर बाद करीब एक बजे विजय कुमार कोरी 22 वर्ष पुत्र राम लाल ने घर के कमरे में लगे पंखे के हुक से गमछे के सहारे फंदे से फांसी लगा ली। घटना के समय मां सुनीता बीमारी के कारण अलग कमरे में सोई हुई थी। पिता रामलाल किसी काम से बाहर गया था। परिजनों ने बताया कि मृतक अविवाहित और गांजा आदि नशे का आदी था वह अकसर घर में लड़ाई झगड़ा करता रहता था ।मृतक की बड़ी बहन जूही विवाहित है और अपनी ससुराल में रहती है। मृतक का बड़ा भाई अजय कुमार और छोटी बहन संध्या दोनों दिल्ली में रहते हैं ।सूचना पर थाना प्रभारी बालेंदु गौतम, पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए रायबरेली भेज दिया।

## ढाढ़ा चीनी मिल के नवागत अधिशासी अध्यक्ष आरके गुप्ता ने संभाला कार्यभार

**कुशीनगर।** अवध शुगर मिल ढाढ़ा हाटा के नवागत अधिशासी अध्यक्ष आर.के. गुप्ता ने अपने कार्यालय में कार्यभार संभाला और बताया कि चीनी मिल के गेट परिक्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाना व किसानों में खुशहाली लाना, मेरी पहली प्राथमिकता है। गन्ने की औसत उपज बढ़ाकर कृषकों की आय बढ़ाना है। गन्ना विशेषज्ञ एवं पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने पूछा कि गेट परिक्षेत्र में गन्ना विकास तथा औसत उपज कैसे बनाएंगे ? अधिशासी अध्यक्ष श्री गुप्ता ने बताया कि गन्ना विकास के लिए चीनी मिल द्वारा विशेष योजनाएं चलाएंगे। बीज गन्ना, भूमि उपचार, कीटनाशक व कृषि यंत्र उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने बताया कि मैं स्वयं गांव-गांव में जाकर कृषकों की समस्याएं सुनूंगा तथा उनका समाधान किया जाएगा। किसान हमारे लिए सर्वोपरि हैं। ।जिस चीनी मिल के गेट क्षेत्र में गन्ना नहीं है। यह उसके लिए सबसे बड़ी समस्या है। श्री गुप्ता ने यह भी बताया कि गन्ने की औसत उपज बढ़ाने के लिए गांव-गांव में गन्ना बुवाई के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाएंगे। वर्तमान में प्रशिक्षण अभियान शुरू कर दिया गया है। गन्ना शोध तकनीक को प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों के खेतों पर पहुंचाकर औसत उपज बढ़ाया जाएगा। कृषि यंत्रों का प्रयोग कर मजदूरों की समस्या से निपटा जाएगा। किसानों की खुशहाली के लिए उत्पादन लागत कम करेंगे और सहफसली खेती के लिए प्रेरित करेंगे। पूर्व सहायक निदेशक श्री गुप्ता ने बताया कि नवागत अधिशासी अध्यक्ष आरके गुप्ता बिहार में बिरला ग्रुप की हसनपुर चीनी मिल में 16 साल कार्य किए हैं। द्वारकेश ग्रुप में फरीदपुर चीनी मिल जिला बरेली में 15 साल कार्य करने का अनुभव है। वे इंजीनियर भी हैं साथ ही उनको गन्ना विकास में विशेष रूचि है। क्योंकि गन्ना विकास से ही चीनी मिल का विकास होगा, किसानों का विकास होगा। उनका कहना है कि गन्ने की खेती अब मशीनों से होने के कारण किसानों और चीनी मिल दोनों को उत्कृष्ट लाभ होगा।

# 63 बच्चों को दिया गया लैपटॉप

**देवरिया।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आज उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत आच्छादित ऐसेबालक बालिकाओं को लैपटॉप वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो कक्षा 9 अथवा उससे ऊपर की कक्षाओं में अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बरहज दीपक मिश्रा उर्फ शाका, विधायक रामपुर कारखाना सुरेन्द्र चौरसिया, सांसद सलेमपुर प्रतिनिधि मुन्ना यादव, विधायक भाटपाररानी प्रतिनिधि परवेज आलम, सदस्य विधान परिषद प्रतिनिधि राजू मणि, ब्लाक प्रमुख सलेमपुर प्रतिनिधि अमरेश प्रताप सिंह तथा ब्लाक प्रमुख देसही देवरिया प्रतिनिधि संजय कुमार तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। मुख्य राजस्व अधिकारी जलराजन चौधरी व जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं।



जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर ने अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया और महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत ऐसे 100 बच्चों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से 63 को लैपटॉप उपलब्ध कराया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जब पूरा विश्व कोरोना महामारी की चपेट में था, उस समय उत्तर प्रदेश सरकार ने बाल सेवा योजना के माध्यम से प्रभावित परिवारों के नाबालिग बच्चों को प्रतिमाह 4 हजार रुपये सहयोग प्रदान किया। अब उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए लैपटॉप उपलब्ध कराकर शिक्षा में तकनीकी सहयोग देने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी और समाज कल्याण अधिकारी ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य राजस्व अधिकारी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को हो रहे लाभों की चर्चा करते हुए लैपटॉप योजना और बाल सेवा योजना के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जय प्रकाश तिवारी (संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई), नीतू भारती (प्रबंधक), मीनू जायसवाल (मनोवैज्ञानिक, वन स्टॉप सेंटर), मंशा सिंह (जेंडर स्पेशलिस्ट, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वुमन), अनुराधा राज (प्रभारी कोऑर्डिनेटर, चाइल्ड हेल्पलाइन), अर्चना गौड़ (काउंसलर), राजेश कुमार यादव (सोशल वर्कर), जैनेन्द्र पांडेय, अमितेष यादव (ओआरडब्ल्यू, जिला बाल संरक्षण इकाई), सैफ खान (कनिष्ठ सहायक, जिला प्रोबेशन कार्यालय), नितेश कुमार, श्रवण कुशवाहा एवं महिला कल्याण विभाग के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पात्र बालकझबालिकाओं के साथ उनके अभिभावक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## बांसी नदी की सफाई को टास्क फोर्स गठित

**कुशीनगर।** पौराणिक एवं धार्मिक दृष्टि से बांसी नदी का बहुत महत्व है, जिसका वर्णन तुलसीदास जी ने रचित श्री रामचरित मानस में किया है। बांसी नदी (ट्रंक ड्रेन) जनपद कुशीनगर के खड्डा तहसील से निकलकर पड़रौना होते हुए तहसील तमकुहीराज में पिपराघाट के पास बड़ी गण्डक नहर में गिरती है, जिसका कुछ भाग बिहार राज्य में भी पड़ता है। भगवान श्रीराम ने बांसी नदी के तट पर विश्राम किया था, उस स्थल पर हर कार्तिक पूर्णिमा पर भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। वर्तमान में नदी में काफी मात्रा में जलकुम्भी एवं जगह-जगह अतिक्रमण किया गया है, जिसके दृष्टिगत नदी का सिल्ट सफाई एवं नदी में जल प्रवाह हेतु टास्क फोर्स का गठन डीएम द्वारा किया गया है। टास्कफोर्स में सीडीओ को अध्यक्ष, प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग को सदस्य, एस डीएम, खड्डा/पड़रौना/तमकुहीराज को सदस्य, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, कुशीनगर को सदस्य, अधिशासी अभियंता, बाढ़ खण्ड, कुशीनगर को सदस्य, उपायुक्त (श्रम रोजगार), को सदस्य, उप निदेशक कृषि को सदस्य, जिला पंचायती राज अधिकारी सदस्य, तहसीलदार, खड्डा/ पड़रौना/तमकुहीराज सदस्य, बीडीओ, खड्डा / विशुनपुरा/पड़रौना/दुदही / सेवरही, अधिशासी अधिकारी, नपं, छितौनी सदस्य, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने टास्क फोर्स के कार्य एवं दायित्व बांसी नदी के जीर्णोद्धार हेतु सर्वप्रथम नदी की सीमा का चिन्हांकन अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, कुशीनगर एवं अधिशासी अभियंता, बाढ़ खण्ड, कुशीनगर द्वारा कराया जायेगा। इस सर्वेक्षण में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी अपने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के माध्यम से सर्वेक्षण में सहयोग करेगें। नदी के चिन्हांकन के बाद सफाई कार्य में आ रही बाधाओं को सूचीवद्ध करते हुए इनका निराकरण सक्षम स्तर से कराने हेतु त्वरित कार्यवाही की जायेगी। सर्वेक्षण रिपोर्ट विषयक आंकड़ो का संग्रहण / एकत्रण अधिशासी अभियतां, बाढ खण्ड, द्वारा किया जायेगा।

## कूड़े की ढेर में दबा आदर्श नगर पंचायत, स्वच्छ सर्वेक्षण तार-तार



**कुशीनगर।** प्रदेश सरकार की स्वच्छ सर्वेक्षण योजना को तार-तार करती नजर आ रही आदेश नगर पंचायत मथौली। जगह जगह कूड़े की ढेर व बजबजाती नालियां गंभीर बीमारियों का संकेत दे रही है। हर वार्ड में नजर दौड़ाया जाए तो कूदे की ढेर मिल जायेगी। कुल मिलाकर आदर्श नगर पंचायत मथौली कूदे व कचरे की ढेर में दब चुका है। जबकि कूड़ा निस्तारण के लिए बना डंपिंग प्लांट एमआरएफ सेंटर शो पीस बनकर रह गया है। नगर की कूड़ा ढोने वाली गाड़िया सेंटर पर न जाकर सड़कों के किनारे जैसे तैसे गिराकर चली आ रही है जिससे सड़न व दुर्गंध से संक्रमण बीमारियों के फैलने की आशंका प्रबल हो गई है।

बता दें कि सरकार नगरों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान की शुरूआत की है। इस योजना के तहत हर महीने लाखों रुपए साफ सफाई, छिड़काव, ब्लीचिंग पाउडर व कीटनाशक दवाओं को खरीदने के लिए नगर पंचायतों में धनराशि भेजती है, लेकिन यह योजन आदर्श नगर पंचायत मथौली में तार तार दिखती नजर आ रही है। नगर के हर वार्डो में नजर दौड़ाई जाए तो कूड़े कचरे कि ढेर साफ नजर आ जाएगी। जगह जगह कूड़े कचरे, बजबजती नालियां व सड़कों पर मानव मल से पटी मिली। वार्ड नम्बर 01, वार्ड नंबर 12, वार्ड नंबर 16, वार्ड नम्बर 09, वार्ड नंबर 14 सहित कई वार्डो में कूड़े कचरे कि ढेर लगी हुई है। जबकि 39 लाख रुपए की लागत से बनी डंपिंग प्लांट एमआरएफ सेंटर शो पीस बनकर रह गया है। सेंटर के अगल बगल झाड़ियों से पटी पड़ी है। सेंटर के बगल में एक साल से कूड़ा सड़ रहा है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 16 हाटाझकप्तानगंज मार्ग पर पकड़ी मदरहां गांव से पहले सड़क के किनारे नगर पंचायत का कूड़ा व कचरा वर्षो से गिराया जा रहा है जिससे सड़न व दुर्गंध से राहगीरों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है। कुल मिलाकर नगर पंचायत मथौली कूदे की ढेर में दब चुका है और यही इसकी पहचान बन चुकी है।

**छिड़काव व स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपए होते हैं खारिजः-**

नगर पंचायत मथौली में छिड़काव कब कब होता है। यह सच्चाई नगर की जनता बखूबी जानती है। साफ सफाई व छिड़काव के लिए 30 से 35 सफाई कर्मी भी तैनात किए गए है जो ड्यूटी से गायब रहते है। जब कोई इसका शिकायत करता है या सोशल मीडिया पर डालता है तब नगर पंचायत के जिम्मेदार हरकत में आते है और छिड़काव और साफ सफाई कराते है, लेकिन इसके नाम पर लाखों रुपए नगर पंचायत के जिम्मेदार खारिज कर लेते है।

**अधिशाषी अधिकारी बोलेः-** इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी सर्वेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि साफ सफाई को लेकर शिकायत मिल रही है। एक दो दिन में सफाई कर्मियों की मीटिंग ली जाएगी तथा एमआरएफ सेंटर में जो कमियां है उसे दुरुस्त कर कूड़ा निस्तारण वहीं कराया जाएगा। जल्द ही वार्ड में कूड़े की ढेर व गंदगी से निजात मिल जाएगी।

# नागरी प्रचारिणी सभा में ध्रुव देव मिश्रा की जयंती मनायी गयी

**देवरिया।** नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया द्वारा युगद्रष्टा कवि ध्रुवदेव मिश्र ' पाषाण ' की जन्म जयन्ती समारोह का आयोजन, समारोह के अध्यक्ष डा. जयनाथ मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता तथा मुख्य अतिथि आचार्य परमेश्वर जोशी जी के द्वारा शुरू हुई। समारोह का शुभारंभ रमेश सिंह दीपक के वाणी वन्दना सुनि के अरजिया हमार हे देवि मइया से हुई।







उसके बाद डॉ सुधाकर तिवारी ने ध्रुवदेव मिश्र पाषाण जी के विषय में कहा कि पाषाण जी नक्सलवादी आन्दोलन की उपज हैं। यद्यपि उनके समय के लगभग सभी कवि आगे चलकर अपनी धारा बदल ली, लेकिन वे अपनी धारा पर अडिग रहे। वे हमेशा अपनी माटी से जुड़े रहे। उनके साहित्य में अविभाजित देवरिया जनपद का पूरा परिवेश समाहित है। हमें उनको समझनें के लिए उनकी रचनाओं से होकर गुजरना होगा। आगे किसान नेता शिवाजी राय ने कहा कि पाषाण जी हम लोगों के आदर्श हैं क्योंकि वे लूटेरे को लूटेरा, अपराधी को अपराधी कहने का साहस रखते थे। वे केवल कवि नहीं आंदोलनकारी भी है। उसके बाद डॉ चतुरानन ओझा ने कहा पाषाण जी योद्धा साहित्यकार हैं। वे कवि के साथ साथ निर्भीक पत्रकार थे। पाषाण जी स्थान विशेष के साहित्यकार न होकर पूरी दुनिया के साहित्यकार थे।

प्रसिद्ध इतिहासकार एवं पुरातत्व विद डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी ने कहा पाषाण जी प्रेम, पीड़ा, दया और कसक के कवि हैं। मेरी दृष्टि में उत्तर भारत के जितने कवि हैं उनमें पाषाण जी सबसे आगे हैं। कहीं कहीं वे निराला के राम की शक्ति पूजा के समानान्तर दिखाई देते हैं। अभी वे पढ़े जाने के लिए अशेष हैं।

**नाम के अनुरूप सिद्धांतों के प्रति अडिग थे कविवर ध्रुवदेव**

अध्यक्षीय उद्बोधन में आचार्य परमेश्वर जोशी ने कहा कि मिश्र जी अपने नाम के अनुरूप सिद्धान्तों के प्रति अडिग , अटल और हृदय से निश्चल और विनम्र थे। उनका व्यवहार और स्वभाव मुझे आकर्षित किया। पुनः लम्बे अन्तराल के बाद हम एक दूसरे को नहीं भूले। यह उनके विश्वसनीयता का प्रमाण है। पाषाण जी के ज्येष्ठ पुत्र विश्वदेव मिश्र ने अपने पिता को याद करते हुए कहा मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि मुझे पिता के साथ बचपन गुजारने का अवसर मिला। सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा पाषाण जी वाणी पुत्र हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि उनकी जयंती हमारी सभा में और मेरी उपस्थिति में हुआ। अंत में सभा के अध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी ने उपस्थित वक्ताओं के प्रति सहयोग के धन्यवाद ज्ञापित किया। संवाद गोष्ठी का भावपूर्ण संचालन सभा के उपाध्यक्ष श्री इन्द्र कुमार दीक्षित ने किया। इस अवसर पर आयोजित कवि गोष्ठी में प्रार्थना राय, गिरिजेश मिश्र, सौदागर सिंह, क्षमा श्रीवास्तव, कीर्ति त्रिपाठी, दयाशंकर कुशवाहा, अचल पुलस्तेय, अंजलि अरोड़ा खुशबू, राम मनोहर मिश्र, विनोद पाण्डेय, नित्यानंद आनन्द, लालता प्रसाद चौधरी, रत्नेश रत्न, सरोज कुमार पाण्डेय, आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। इस आयोजन में मिश्र जी के पुत्र वाचस्पति मिश्र के साथ पूरे पारिवारी जन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर कौशल कुमार मिश्र, रवि प्रकाश मिश्र, जगदीश उपाध्याय, सरोज कुमार पाण्डेय, रवीन्द्र नाथ तिवारी, जितेन्द्र प्रसाद तिवारी, सोमनाथ मिश्र, ओंकार पाण्डेय, श्वेतांक मणि त्रिपाठी, डॉ शकुन्तला दीक्षित, ऋषिकेश मिश्र, रजनीश गोरे, डा. मधुसूदन मणि त्रिपाठी, त्रिभुवन नाथ मिश्र, जनक पाण्डेय, गणेश दत्त द्विवेदी, विजेन्द्र सिंह चौहान, ज्ञानेश्वर मणि त्रिपाठी, सुबास राय, विकास तिवारी विक्की पिन्टू मिश्रा, आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

## झंडा विवाद ने पुलिस ने पांच लोगों का किया चालान, गए जेल

चौरीचौरा,गोरखपुर। झंगहा में सोमवार को एक टॉवर पर तिरंगा झंडा व इस्लामिक झंडा लगाने और उतारने के विवाद को लेकर पुलिस दिनभर हलकान रही। विवाद को देखते हुए पुलिस ने मुस्लिम पक्ष के पांच लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभग में चालान किया है। एसडीएम चौरीचौरा ने पांचों के जमानत को खारिज करके वारंट करके 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। झंगहा क्षेत्र के पांडेय टोला में टावर पर झंडा लगाने को लेकर विवाद हुआ था। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने झंगहा थाने पर तहरीर दिया था। इस पर पुलिस ने झंगहा पांडेय टोला निवासी अमित गौड़ का शांतिभंग में चालान कर दिया था। इससे नाराज ग्रामीणों ने रविवार की शाम को झंगहा थाना पहुंचकर मुस्लिम समुदाय के एक युवक पर कार्रवाई करने की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर रात में ग्रामीण वापस घर चले गए। सोमवार की सुबह ग्रामीण झंगहा थाना गेट पर पहुंचकर अपनी मांग रखे। कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने झंगहा चौराहे पर जाम लगा दिया था। पुलिस ने उन्हें समझाया और आरोपितों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने सोमवार को झंगहा गांव के हैदर अली, आफताब अली, शमसुद्दीन, नूर आलम व सुहैल अली को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

## गांव के बजट के अनुसार कार्ययोजना तैयार करें महिला प्रधान

गोरखपुर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत महिला हितैषी विषय पर मंगलवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन विकास खंड खोराबार के सभागार में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उप निदेशक पंचायत हिमांशु शेखर ठाकुर ने कहा कि ग्राम पंचायत को महिला हितैषी बनाया जाना है। ग्राम सभा में इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर योजना तैयार कर कार्य कराया जाना है। उप निदेशक श्री ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के साथ बात कर के ग्राम सभा में उत्कृष्ट कार्य कराकर पुरस्कार के लिए आवेदन भी करना है। एलएसडीजी के 9 लक्ष्य के अनुसार संचालित योजनाओं को ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित कर पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाया जाए। डीपीआरसी सहप्रबंधक ब्रजेश नाथ तिवारी ने गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण महिला हितैषी योजनाओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी। ट्रेनर डॉ. सरिता एवं विमल शर्मा ने खेल के माध्यम से नेतृत्व क्षमता के विकास को समझाया।

# कभी भी जान के दुश्मन बन सकते हैं नाबालिग ऑटो चालक

## सड़कों पर भरते हैं फर्राटा, प्रशासन ने साधी चुप्पी



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र में नाबालिग ड्राइवरों की भरमार हो चुकी है।कम उम्र के ये ड्राइवर आटो में ओवरलोड सवारियां भरकर चौरीचौरा से गोरखपुर,नई बाजार, गौरी बाजार आदि जगहों पर सवारियां लेकर चलते हैं।। अपनी अनुभवहीनता के कारण ये कभी भी भारी दुर्घटना को दावत दे सकते हैं। लेकिन प्रशासन को इसकी कोई चिंता नहीं रहती है। ऐसे होनहार ड्राइवरों पर न विभागीय कार्रवाई की जाती है। और नाही, पुलिस विभाग द्वारा कोई कार्यवाही की जाती है।

बताते चलें कि चौरीचौरा में नाबालिग ड्राइवरों की भरमार हो चुकी है ये नाबालिग ड्राइवर अपनी मुट्ठी में दर्जन भर लोगों की जिंदगी लेकर चलते हैं। कभी भी इन नाबालिग आटो चालकों का जांच पड़ताल होते नहीं देखा गया। जबकि यह आटो चालक रोजाना गोरखपुर जैसे शहर में पुलिस प्रशासन के सामने ही जोर से फर्राटे भरने का कार्य करते।चौरा गांव निवासी कृष्णा गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष विनोद जायसवाल,जेपी गुप्ता , अवधनारायण जायसवाल आदि का कहना है कि क्षेत्र में कुकुरमुत्ते की नगर व शहर की सड़कों पर नाबालिग ड्राइवर आटो में दर्जन भर लोगों की जिंदगी लेकर भरार्टे भरते हैं। जिससे कभी भी भारी अनहोनी हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से जनहित में ऐसे चालकों की जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है।

# परिवार परामर्श केंद्र ने 3 परिवारों को मिलाया




**बांदा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के चलते परिवार परामर्श केन्द्र टीम और समाजसेवियों ने परिवारिक आपसी झगड़े को समाप्त कर सुलह कराई और 3 परिवारों को टूटने से बचाया। ममता पुत्री नत्थू निवासी बड़ोखर खुर्द थाना कोतवाली नगर ने पति कमलेश, पुत्र रामशरण निवासी देविन नगर थाना नरैनी, रजुलिया पुत्री भोला निवासी सिकलोढी थाना बिसंडा ने पति चुन्नु, पुत्र केशन निवासी पिपरी मजरा ओरन थाना बिसंडा तथा विनीता वाल्मीकि पुत्री लक्ष्मण निवासी जानकी कुण्ड जनपद सतना म0प्र0 ने पति दिलीप वाल्मीकि, पुत्र होरीलाल निवासी ग्राम मोतियारी थाना नरैनी के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया था। परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम व समाजसेवियों ने पति-पत्नी व उनके परिवारों को बुलाकर व्यक्तिगत व संयुक्त रुप से सुना गया एवं निष्पक्षता से मध्यस्थता की भूमिका निभाई तथा पारिवारिक, भावनात्मक एवं सामाजिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने परिवार को आपस में सामन्जस्य से परिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने व किसी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र या नजदीकी थाने पर सम्पर्क करने की सलाह दी।

# बारिश में सर्विस रोड पर भरा पानी राहगीर व दुकानदार पशोपेश में



मझगांवा,गोरखपुर। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गोरखपुर- वाराणसी मार्ग पर करवल मझगांवा में बने सर्विस रोड पर मंगलवार की दोपहर आधे घंटे की बारिश में पूरी सड़क जलमग्न हो गयी सर्विस रोड पर एक से डेढ़ फीट पानी लग गया जल जमाव होने से सबसे दिक्कत पैदल चलने वाले और वाइक सवारों को उठानी पड़ी चार पहिया वाहन गुजरने पर पानी के छींटों से स्थानीय दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा स्थानीय निवासी अमर बहादुर सिंह, भोलेनाथ गुप्ता, अमर गुप्ता, राजन मोदनवाल, ऋषिकेश कसौधन आदि लोगों ने एन एच आई द्वारा बनायी गयी नाली में जमी शिल्ट की सफाई करने की मांग की ताकि जल निकासी से निजात मिल सके और सड़क क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके।

## फोन पर मिली जान-माल की धमकी,सदमे में पूरा परिवार

मझगांवा,गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के गम्भीरपुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक व पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह को फोन पर मिली जान माल की धमकी मंगलवार को गगहा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। सोमवार की रात करीब 10 बजे गम्भीर पुर निवासी अनिल सिंह भोजन कर आराम कर रहे थे तभी मोबाइल पर एक फोन आया फोन उठाते ही उधर से गाली देते हुए उनकी बेटी व बच्चों को बोटी बोटी काटकर फेंक देने की धमकी देने लगा। जब उन्होंने उसका परिचय पूछा तो वह आग बबूला हो गया और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। तो घबड़ाकर उन्होंने फोन काट दिया |दुबारा फोन आने पर उनकी बेटी ने फोन उठाया तो उसे भी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# एसपी ने सुनी जन फरियाद




सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया । व उन्हें त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने हेतु भरोसा दिलाते हुए सम्बंधित को आवश्यक एवं कड़े निर्देश दिए गए।

09. सितंबर को पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया ।जनसुनवाई मे कुल 16 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमे 04 मारपीट तथा शेष 12 अन्य विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र थें । प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया ।

## पुलिस ने 2 नफर वारंटियों को किया गिरफ्तार , भेजा न्यायालय



खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर। खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाने की पुलिस ने दबिश देकर 02 नफर वारंटियों को गिरफ्तार कर तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा गया । डा0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी पुलिस क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण, तथा अनूप कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 09. सितंबर को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा निर्गत वारण्ट वाद संख्या 2156 /21 सरकार बनाम जटाशंकर धारा 147,148,352 क्धउ थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित वारण्टी 1.अमर सिंह उर्फ बड़कू पुत्र तौलू 02. राजेन्द्र पुत्र मन्तराम साकिनान बगहा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए सम्बन्धित न्यायालय जनपद सिद्धार्थनगर भेजा गया ।

## ड्रोन उड़ने की अफवाह के चलते पुलिस ने लगायी चौपाल




बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक और थाना कोतवाली देहात पुलिस ने महोखर एवं जमनीपुर गांव में चैपाल लगाकर लोगों को ड्रोन के बारे में फैल रही भ्रामक सूचनाओं, अफवाहों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ड्रोन उड़ाकर ग्रामवासियों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया। डुग्गी पिटवाकर अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुंचाने के लिए लोगों को सचेत किया गया। पुलिस ने लोगों से अपील की, कि वह अफवाहों पर कतई ध्यान न दें तथा शांति और सौहार्द बनाए रखें। अपर पुलिस अधीक्षक ने चैपाल में एकत्र गांव के लोगों, महिलाओं व बच्चों से अपील की, कि वह अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि, सूचना की तत्काल पुलिस को जानकारी दें। अफवाह फैलाने तथा भय फैलाने वालों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि बीते एक सप्ताह से ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय ड्रोन उड़ने और बदमाशों के घूमने की चचाओं का बाजार गर्म है लेकिन न तो कहीं चोर दिखाई दे रहे हैं और न ही ड्रोन लेकिन कुछ अराजक तत्व जान बूझ कर लोगों में दहशत पैदा करने के लिए फर्जी अफवाह फैला रहे हैं। अफवाहों पर विराम लगाने के लिए पुलिस लगातार लोगों से संपर्क कर उन्हे इससे कतई भयभीत न होने का भरोसा दे रही है। चैपाल के दौरान थाना कोतवाली देहात प्रभारी अनूप कुमार दुबे व स्टॉफ मौजूद रहा।

## लोक अदालत प्रचार वाहन को जिला जज ने दिखाई हरी झण्डी




बांदा। जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवेन्द्र सिंह प्रथम ने 13 सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। प्रचार वाहन के भ्रमण का उद्देश्य जनपद व तहसील स्तर पर शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों, वादकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ दिलाया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन वाद, सिविल वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर वाद, भरण-पोषण सम्बन्धी वाद, चेक बाउन्स व मोटर यान अधिनियम सम्बन्धी वाद, शमनीय दाण्डिक वाद, राजस्व वाद, चकबन्दी वाद, बैंक रिकवरी, श्रम, बीमा, बिजली व टेलीफोन सम्बन्धी वाद, जलकर निर्धारण, नगर पालिका कर निर्धारण के विरुद्ध अपील आदि का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश के साथ मुकेश कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, संजीव कुमार सिंह, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, चन्द्रपाल द्वितीय, प्रथम अपर जिला जज, डॉ० विकास श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एससीएसटी, छोटेलाल यादव, अपर जिला जज डीएए०, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, प्रदीप कुमार मिश्रा, अपर जिला जज पॉक्सो, श्रीपाल सिंह अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रफुल्ल कुमार चैधरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अर्पिता सिंह, सिविल जज सी०डि०, दिव्यकान्त सिंह राठौर, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेल्वे वरुणा बशिष्ठ, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम बिन्नी बालियान, रवि शंकर, जिला अग्रणी प्रबन्धक, संजय मिश्र, यातायात निरीक्षक, नासिर अहमद, पराविधिक स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा, जताया संतोष



बांदा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने मंगलवार को सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री युवा अभियान, विश्वकर्मा श्रम सम्मान टूलकिट योजना तथा एक जिला एक उत्पाद ओडीओपी टूलकिट योजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होने सीएम युवा अभियान एवं एमवाईएसवाई योजना में जिले की प्रगति को संतोषजनक बताते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से बड़ी संख्या में युवाओं और कारीगरों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे जिले की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। मंत्री राकेश सचान ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लाभार्थियों के चयन से लेकर प्रशिक्षण व टूलकिट वितरण तक की सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि ओडीओपी योजना से जुड़े उद्यमियों को प्रोत्साहित कर स्थानीय उत्पादों की पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि जिले के उत्पादों को व्यापक पहचान मिले। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अब तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें बताया गया कि जिले में हजारों युवाओं को सीएम युवा अभियान और एमवाईएसवाई योजना के तहत लाभ दिया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग हो और लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। बैठक में जिले के वरिष्ठ अधिकारी, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने तटबंध मरम्मत कार्य का किया निरीक्षण



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि तटबंध अभी सुरक्षित है तथा तटबंध को सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक उपाय एवं प्रयास युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार की सुबह मौके के जायजा लेते हुए बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं कि तटबंध को आज मरम्मत करके पानी पूरा रोक दिया जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में जिला, तहसील, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ साथ स्थानीय ग्रामीण भी तटबंध को सुरक्षित रखने के प्रयास में जिला प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने जब सामान्य का आह्वान किया कि उक्त संबंध में किसी भी अफवाह से बचें और बिना किसी अधिकारित पुष्टि के किसी अफवाह पर विश्वास ना करें। उन्होंने बताया कि नदी में पानी कम हो रहा है और वर्तमान में समस्त आबादी सुरक्षित है। मौके पर स्वयं जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, सिंचाई विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी आदि सब मौके पर मौजूद हैं। उन्होंने जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि तटबंध के करीब जाने का प्रयास न करें और किसी भी अवस्था में वहां के फोटो, वीडियो अथवा रील बनाने का प्रयास न करें क्योंकि इस प्रकार मरम्मत के कार्य में अवरोध उत्पन्न होता है वहीं स्वयं उनके लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है।

## साहब! आए दिन बेटा और बहु करते है मारपीट

गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव में अजीबों गरीब मामला सामने आया है। जहां एक पिता ने पुलिस से लिखित शिकायत कर अपने बेटे और बहू पर गाली-गलौज करने के साथ ही मारपीट करने का आरोप लगाते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग किया है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के नगवा निवासी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को थाने पर शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनका बड़ा पुत्र और उसकी पत्नी आए दिन गाली गलौज करने के साथ मारपीट करते है। पीड़ित ने बताया कि उनका बेटा शराब के नशे का आदि है। 23 जून को बेटा अपनी पत्नी के साथ मिलकर परिवार को भद्दी भद्दी गाली देते हुए मुझे मारने पीटने लगे, शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव किया था।

# होली मैदान में हुआ रामलीला मंचन का शुभारंभ



स्योहारा, बिजनौर। रामलीला मंचन का शुभारंभ वसंत वाटिका होली मैदान में धूमधाम एंव पूजन-अर्चन के साथ किया गया। रामलीला का उद्घाटन भारी भीड़ की मौजूदगी में भाजपा विधायक आशोक राणा के पुत्र प्रियंका राणा एवं ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चैहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सोमवार की रात्रि रामलीला उद्घाटन के मौके पर अतिथियों ने रामलीला मंचन के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला और समिति के प्रयासों की सराहना की। उद्घाटन समारोह में प्रधान ऋषि राम सैनी, सत्येंद्र सैनी सभासद, विनोद तोमर मंच प्रबंधक, संरक्षक रमेश चंद तोमर, राज्यपाल सिंह, राम सिंह सैनी, डॉ0 भूपेंद्र सैनी, आशु टाइगर, सभासद कुंवर रानी संयोगिता एवं चैधरी फईमुर्रहमान सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## परिवार नियोजन में लायें प्रगतिः डीएम




बांदा। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। डीएम जे0 रीभा ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा की और प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी के पश्चात अस्पताल में प्रत्येक दशा में 48 घण्टें तक भर्ती रखा जाए, जिससे उनको बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने परिवार नियोजन कार्य में बबेरू एवं बडोखर खुर्द में प्रगति लाने के निर्देश दिये। एम्बुलेन्स सेवा में समय की उपलब्धता का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। जिन स्वास्थ्य केन्द्रों में विद्युत कनेक्शन स्थायी रूप से नही किया गया है, उनमें तत्काल विद्युत कनेक्शन कराया जाए। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का समय से भुगतान करने एवं ई संजीवनी ओपीडी में तिन्दवारी एवं बिसण्डा में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जीरो पावर्टी एवं 70 वर्ष से अधिक के लाभार्थियों का प्राथमिकता पर आयुषमान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत हाई वर्नरेबल ग्राम पंचायतों एवं अन्य पंचायतों में क्षय रोगी का चिन्हांकन किये जाने तथा ग्रामों को टीबी मुक्त पंचायत बनाये जाने के निर्देश दिये। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 बिजेन्द्र सिंह, एसीएमओ डॉ0 जय प्रकाश एवं आर एन प्रसाद, सीएमएस डॉ0 सुनीता सिंह, जिला स्तरीय अधिकारी व चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

# कैशलैस चिकित्सा सुविधा न मिलने पर शिक्षणेतर संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

बिजनौर। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने कैशलैस चिकित्सा सुविधा सिर्फ शिक्षकों को दिए जाने एंव शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की अनदेखा करने पर कडी नाराजगी जताते हुए सुविधा ना मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश पदाधिकारियों की एक वर्चुअल बैठक बीते दिन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में आहूत की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों को कैशलेस इलाज की सुविधा की घोषणा व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नजर अंदाज करने का रहा। बैठक में कहा गया कि माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ शिक्षक पद पर पदोन्नति, अवकाश नकदीकरण चिकित्सा सुविधा जैसे मांग वर्षों से उठाता आ रहा है। सरकार शासन से वार्ता के बाद आश्वासन मिला लेकिन आज तक एक राजाज्ञा जारी नहीं की। सरकार ने कैशलैस चिकित्सा सुविधा केवल शिक्षकों के लिए की जबकि इसी विभाग का शिक्षणेत्तर संवर्ग को शामिल नहीं किया। जिससे प्रदेश के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में रोष है। प्रदेश के असहायता प्राप्त माध्यमिक , बेसिक उच्च शिक्षा के शिक्षणेत्तर कर्मचारी में भ्रम की स्थिति है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा की शासन में संगठन यह जानने की कोशिश कर रहा है कि इस शासनादेश में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा अथवा नहीं। संघ का प्रतिनिधिमंडल 11 सितम्बर गुरुवार को मुख्य सचिव व अन्य मुख्य अधिकारियों से भी वार्ता कर कैशलैस चिकित्सा सुविधा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी शामिल कए जाने पर चर्चा करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया है यदि इस व्यवस्था में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शामिल नहीं किया गया तो संगठन इसके लिए शीघ्र बड़ा आंदोलन करेगा। संजय पुंढीर के संचालन में हुई बैठक में प्रदेश संघर्ष समिति संयोजक व बिजनौर जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा, पवन तिवारी, अनूप द्विवेदी, मोहित राघव, देवेन्द्र पुंडीर, शिव कैलाश सोनी, हरप्रीत सिंह, योगेश कुमार, अंशुल शर्मा, जिवेन्दर कुमार, दीपक त्रिपाठी, कामता प्रसाद, संदीप कुमार, दिनेश कुमार, मिथलेश कुमार, किशन कुमार, रितेश कुमार आदि ने हिस्सा लिया।

# कटान को रोकने के लिए सभी संसाधनों पर काम करें : राज्यमंत्री



बिजनौर। राज्यमंत्री व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास कपिल देव अग्रवाल ने जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रावली बैराज पर बने तटबंध के कटान को तत्काल रोकने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों के साथ आवश्यक प्रयास सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार के अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता हो तो तुरंत उन्हें अवगत कराएं ताकि उसकी तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। राज्यमंत्री/प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल मंगलवार को गंगा बैराज शीश महल में रावली तटबंध की अध्ययन जानकारी प्राप्त करने के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया है कि किसी भी प्रकार से जनहानि नहीं होनी चाहिए अतः सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ तटबंध को मजबूती के साथ निर्मित कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तत्काल दो अतिरिक्त पोकलेन मशीन की व्यवस्था कर तटबंध की मरम्मत के कार्य में लगाए और किसी भी स्तर पर मरम्मत के कार्य में लापरवाही अथवा शिथिलता न बरती जाए। गंगा बैराज रावली मार्ग पर बने क्षतिग्रस्त तटबंध का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्थानीय ग्रामीण के सहयोग की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनका आदर व्यक्त किया और तटबंध की मरम्मत का कार्य पूर्ण होने तक सहयोग बनाए रखने का आह्वान भी किया। उन्होंने ग्राम वासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन सभी नागरिकों की जानमाल की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे राष्ट्रीय मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों एवं उनके उपकरण की सहायता से यथाशीघ्र क्षतिग्रस्त तटबंध की मरम्मत करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सदर विधायक सूचि चैधरी, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चैहान बॉबी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह एवं वित्त एवं राजस्व वानिया सिंह के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# नेपाल में ओली का पतन

ओली ने सत्ता का वह शॉर्टकट समीकरण खोज लिया था जिसके सहारे वे बार-बार नेपाल की सियासत में सबसे ऊंची कुर्सी तक पहुंच जाते थे। नेपाली जनता का जीवन आसान हो इसके लिए कुछ करना नहीं, बस भारत विरोध और नेपाली राष्ट्रवाद को हवा देकर सत्ता पाने और लूट-खसोट करने को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मान लिया था। लेकिन के पी शर्मा ओली यह भूल गये कि राष्ट्रवाद और भारत विरोध की जो आग वह नेपाल में धधका रहे थे उसमें सत्ता की खिचड़ी तो पक जाती थी लेकिन इससे लोगों को रोजगार नहीं मिलता। लोगों का जीवन आसन नहीं होता, शिक्षा, स्वास्थ्य बेहतर नहीं हो सकते थे। महंगाई और आमजन की दैनिक चुनौतियां भी कम नहीं होती थीं। लोगों का जीवन जटिल हो रहा था। ऊपर से नेपाली जनता को लूट-खसोट कर सत्ता के खिलाड़ी मोटी दौतल बना रहे थे, नेता के बच्चे सड़कों पर नाजायज तौर-तरीकों से कमाई दौतल का अश्लील प्रदर्शन कर रहे थे। यह सब नेपाल के नव युवक देखकर आक्रोशित थे। नेताओं का इकबाल खत्म हो चुका था। बार-बार वही नेता जोड़-तोड़ और सियासी तिकड़म से सत्ता हथिया लेते थे। ऐसे में जेनरेशन जेड जो सोशल मीडिया के दौर में



पली-बढ़ी है, एक-दूसरे के साथ अपने विचारों को साझा करती है, देश के मुद्दों व चुनौतियों पर विमर्श करती है। अपनी बदहाली के लिए केपी शर्मा ओली और उनके जैसे अन्य नेताओं को जिम्मेदार मानती थी। यही कारण है कि जब जेनरेशन जेड का आंदोलन भड़का तो उसने किसी को नहीं छोड़ा। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र हमारी रगों में है। ऐसे में हम पड़ोसी देश नेपाल में किसी भी हिंसक आंदोलन का समर्थन नहीं करते। हम नेपाल में शांति, स्थिरता और सामान्य विधि-व्यवस्था की बहाली देखना चाहते हैं। लेकिन इस सच से कोई इनकार नहीं कर सकता है कि नेपाल में जो कुछ हुआ उसके लिए अपदस्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ही सौ फीसद जिम्मेदार हैं। पीएम पद से ओली का इस्तीफा ही पर्याप्त नहीं है। यह भी कि अगर ओली किसी दूसरे देश में भागने का मंसूबे पाल रहे हों, तो वहां की सेना का दायित्व है कि ओली को भागने से रोका जाये, उनको सुरक्षा दी जाये। स्थिति सामान्य होने पर नेपाल की बर्बादी और बदहाली के लिए जिम्मेदार ओली को अदालत के समक्ष खड़ा किया जाये और उनके गुनाहों का हिसाब कानून के समक्ष हो। ओली के गुनाहों की फेहरिश्त बहुत लंबी है। जो लोग यह समझते हैं कि जेनरेशन जेड के युवा महज सोशल मीडिया प्रतिबंध से सड़कों पर उतर आये, वे दरअसल एक भयानक मंजर का सरलीकरण कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्रतिबंध और युवाओं की हत्या से हिंसक आंदोलन की चिंगारी भड़की लेकिन बारूदी आक्रोश पहले ही बिछ चुका था। असल में ओली नेपाल में चार बार प्रधानमंत्री बने और चारों बार उन्होंने चीन के साथ साठ-गांठ कर भारत के साथ नेपाल के ऐतिहासिक रिश्तों को खत्म करने की कोशिश की। लिपुलेख, काला पानी और कुछ अन्य क्षेत्रों को लेकर उन्होंने नेपाली संसद में नया नाक्शा पास कराया और भारत के क्षेत्र पर दावा कर दिया। यहां तक कि हाल ही में एससीओ बैठक के दौरान ओली चीन गये और वहां भी उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सामने लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत-चीन के व्यापार पर आपत्ति उठायी थी। ओली भारत के साथ सीमा विवाद को हवा देकर और नेपाल में भारत विरोधी भावनाओं को भड़काकर सत्ता समीकरण साधना चाहते थे। हालांकि वे इसमें कभी कामयाब नहीं हुए लेकिन सीमा विवाद और भारत विरोध के जरिए वे बार-बार नेपाल के प्रधानमंत्री बनते रहे। नेपाल में ओली का पतन हो चुका है, उनके तमाम मंत्रियों के घरों, संसद, सुप्रीम कोर्ट और तमाम सरकारी प्रतिष्ठानों को आग के हवाले कर दिया गया है। लेकिन यह हिंसा नेपाल के भविष्य के लिए ठीक नहीं है। ओली के पतन के बाद अब युवाओं को हिंसक आंदोलन खत्म कर नेपाल के विकास, नेपालियों की खुशहाली और शांति, समृद्धि एवं स्थिरता के लिए आगे बढ़ना चाहिए।

# मोदी की जापान यात्रा से मजबूत होंगे रिश्ते



अरविन्द जयतिलक



अमेरिका के साथ टैरिफ और ट्रेड डील के बीच बेहद असहज माहौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा ने दोनों देशों के सभ्यतागत संबंधों को मिठास से भर दिया है। रंग बिखेरती दोस्ती से लबरेज भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापानी प्रधानमंत्री इशिबा के नेतृत्व में दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर दस्तखत किए हैं। क्लीन हाइड्रोजन और अमोनिया पर अनुसंधान करने की हामी के साथ वेस्ट वाटर मैनेजमेंट, पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण, जलवायु परिवर्तन समेत कई मसलों पर दोनों देशों ने प्रतिबद्धता जताई है। दोनों देशों के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर भी एक रोडमैप तैयार हुआ है जिसके तहत दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां मसलन भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा मिलकर दक्षिणी ध्रुव का अध्ययन करेंगी। यह समझौता दोनों देशों के लिए अंतरिक्ष में प्रगति का एक बड़ा कदम होगा। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 फीसद टैरिफ थोपने के बीच जापान द्वारा भारत को अगले दस सालों में 10 ट्रिलियन येन अर्थात 6 लाख करोड़ रुपये का भारी-भरकम निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित होगा। दोनों देशों के बीच अगले दशक में छोटे और मध्यम इंटरप्राइजेज के अलावा स्टार्टअप को जोड़ने पर भी सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच तकरीबन 5 लाख लोगों का आदान-प्रदान होगा जो एकदूसरे की प्रगति का हिस्सेदार बनेंगे। इसके तहत 50 हजार स्किल्ड और सेमी स्किल्ड लोग जापान जाएंगे और वहां की आर्थिक व सांस्कृतिक प्रगति का संवाहक बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने जापान-इकोनॉमिक फोरम के मंच से विश्व को संदेश दिया कि भारत निवेश के लिए सबसे सुरक्षित जगह है जहां पूंजी बढ़ती ही नहीं बल्कि कई गुना अधिक हो जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 80 फीसद कंपनियां भारत में विस्तार करना चाहती है और 75 फीसद पहले से ही मुनाफे में हैं।

प्रधानमंत्री का कथन स्पष्ट है कि जो भारत में निवेश करेगा वह फायदे में रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा से दोनों देशों की आर्थिक प्रगति का एक और नया द्वारा खुलेगा जिससे दोनों देश लाभान्वित होंगे। दृष्टि दौड़ाएं तो पिछले दो वर्षों में जापानी कंपनियों ने भारत के साथ लगभग दो सैकड़ा एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत सुजुकी मोटर गुजरात में अपना विस्तार करने के लिए तकरीबन चालीन हजार करोड़ रुपए निवेश कर रही है। इसी तरह निप्पॅन स्टील भी गुजरात और आंध्रप्रदेश में सात हजार करोड़ रुपए निवेश कर रही है। टोयोटा किर्लोस्कर कर्नाटक और महाराष्ट्र में लगभग 23 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है। कई रियल एस्टेट और स्टील कंपनियां भारतीय शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों करोड़ रुपये निवेश करने जा रही हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का गतिमान होना तय है। बड़े पैमाने पर गांवों का कायाकल्प होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## भारत-जापान संबंध

भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय आर्थिक कारोबार में लगातार वृद्धि हो रही है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान भारत के साथ जापान का द्विपक्षीय व्यापार कुल 22.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। जापान से भारत को निर्यात 17.69 बिलियन अमेरिकी डॉलर और आयात 5.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ। अर्थात भारत को जापान का निर्यात भारत के कुल आयात का 2.62 फीसद और जापान को भारत का निर्यात भारत के कुल निर्यात का 1.18 फीसद था। गौर करें तो जापान भारत का सिर्फ आर्थिक कारोबार तक सीमित साझीदार वाला मित्र नहीं है। बल्कि वह भारत का रणनीतिक-सामरिक साझीदार मित्र भी है। याद होगा गत वर्ष पहले डोकलाम विवाद पर जापान ने खुले तौर पर भारत का पक्ष लेते हुए कहा था कि चीन डोकलाम की वास्तविक स्थिति को एकतरफा बदलने की कोशिश कर रहा है, जो कि गलत है। ध्यान दें तो कुछ वर्षों के दरम्यान भारत एवं जापान के बीच रक्षा-सुरक्षा रणनीतिक समझौता बेहद मजबूत हुआ है। जापान भारत के साथ एटमी करार को आकार दे चुका है। भारत ऐसा पहला देश है जिसने एनपीटी (परमाणु हथियार अप्रसार संधि) पर हस्ताक्षर नहीं किया है, इसके बावजूद भी जापान ने उसके साथ समझौता किया है।

भारत द्वारा कालेधन के विरुद्ध छेड़े गए वैश्विक अभियान में सहयोग करते हुए जापान द्वारा दोहरा कराधान बचाव संधि (डीटीएए) में संशोधन का भी समर्थन किया जा चुका है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच साझा विजन डॉक्यूमेंट 2025 के अंतर्गत कई अहम समझौते हुए हैं। जापान द्वारा भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के लिए सवा तीन अरब के स्पेशल फंड बनाने का वादा किया जा चुका है। जापान का भारत की रेल परियोजनाओं में भी जबरदस्त दिलचस्पी है। इस दिलचस्पी के कारण ही उसने गत वर्ष पहले भारत को बुलेट टेज्न परियोजना के लिए 88 हजार करोड़ रुपए के ऋण को महज 0.1 प्रतिशत ब्याज दर पर देने का एलान किया। इस ऋण को 50 वर्षों में चुकाना होगा और इसकी अदायगी 15 साल बाद शुरू होगी। बुलेट टेज्न के अलावा दोनों देशों के बीच पहले और भी कई अहम समझौते हो चुके हैं जिनमें आपदा प्रबंधन, कौशल विकास, जापानी भाषा की शिक्षा, उत्तर-पूर्वी हिस्से की परियोजनाओं का संवर्द्धन इत्यादि शामिल हैं। जापान गुजरात के मंडल बेचराज-खोरज क्षेत्र में बुनियादी विकास कार्यक्रम में सहयोग, एकदूसरे के शहरों को वायुमार्ग से जोड़ने, शोध क्षमता और शोध निष्कर्षों की प्रभावशीलता बढ़ाने पर भी काम किया जा रहा है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि दोनों देशों की दोस्ती अर्थव्यवस्था, निवेश व विकास को गति देने तक ही सीमित नहीं है बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में यह दोस्ती कुटनीतिक व भू-रणनीतिक संदर्भों को भी समेटे हुए है। कुटनीतिक पहलू पर नजर डालें तो भारत और जापान के साथ आने से भारत की पूर्वोन्मुख नीति को नई धार मिली है। शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद से ही भारत की पूर्वोन्मुख नीति उसकी विदेशनीति की महत्वपूर्ण आधार रही है।

जापान, मलेशिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, कंबोडिया, लाओस, वियतनाम और फिलीपींस के साथ उसके मजबूत संबंध वैश्विक जगत में संजीवनी का काम करते रहे हैं। कहा भी जाता है कि भारत का श्रम और बुद्धि बल तथा जापान की पूंजी और तकनीकी मिलकर दक्षिण एशिया में शांति और समृद्धि का वातावरण निर्मित कर सकती है। भारत और जापान के संबंधों की पड़ताल करें तो दोनों देशों का सभ्यतागत संबंध 1400 साल पुराना है। कारोबारी लिहाज से संपूर्ण दक्षिण एशिया में जापान सबसे बड़ा दाता और भारत सर्वाधिक जापानी आधिकारिक विकास यहायता यानी ओडीए प्राप्त करने वाला देश है। जापान भारत को 1986 से ही अनुदान देता आ रहा है। जापानी ओडीए भारत के त्वरित आर्थिक विकास प्रयत्नों विशेषकर उर्जा, पारगमन, पर्यावरण और मानवीय जरुरतों के जुड़ी परियोजनाओं को सहायता प्रदान करता है। भारत की सभी मेट्रो रेल परियोजनाएं भी जापानी आधिकारिक विकास सहायता की ही घटक हैं। जापान भारत के दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा में भी भागीदार है। यह गलियारा 90 अरब डॉलर की एक वृहत आधारिक संरचना परियोजना है जो जापान के वित्तीय और तकनीकी सहयोग से फलीभूत हो रहा है।

> भारत- जापान के बीच द्विपक्षीय आर्थिक कारोबार में लगातार वृद्धि हो रही है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान भारत के साथ जापान का द्विपक्षीय व्यापार कुल 22.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। जापान से भारत को निर्यात 17.69 बिलियन अमेरिकी डॉलर और आयात 5.15 बिलियन डॉलर का हुआ।

## सोशल मीडिया

भारत गणराज्य के 15 वें उपराष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर मा. श्री सीपी राधाकृष्णन जी, आपको हृदय से बधाई एवं आपके सफल कार्यकाल की मंगल कामनाएं। केशव प्र. मौर्य.



भाजपा ने अपने सियासी सहयोगियों की जो दुर्गति की, उससे वो अपने समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं बचे हैं, उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि अब कहां जायें। अखिलेश यादव



सियाचिन में हिमस्खलन के कारण हमारे वीर जवानों के शहीद होने और कई अन्य के फंसे होने के समाचार से बेहद दुख है। मैं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। राहुल गांधी.



# विलुप्त होने की कगार पर पक्षियों की कई प्रजातियां



वन्य-जीवन

के.पी.सिंह

बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी द्वारा किये गये एक अध्ययन के अनुसार पूरी दुनिया में 10 पक्षियों की प्रजातियां और बायो डाइवर्सिटी एरिया विलुप्त होने की कगार पर हैं। इन 10 पक्षियों में कच्छ के मशहूर फ्लेमिंगों के अलावा खरमोर भी है। जीव वैज्ञानिकों ने अपनी अध्ययन रिपोर्ट में इस बात का संकेत दिया है कि विश्व की सभी संकटग्रस्त प्राणी प्रजातियों में से 90 प्रतिशत केवल पक्षियों की प्रजातियां हैं। दरअसल वनों की कटाई, पर्यावरण में आने वाले परिवर्तन, प्रदूषण की मार, कृषि योग्य भूमि का प्रसार, कृषि कार्यों में कीटनाशकों का बेतहाशा इस्तेमाल और बढ़ता शहरीकरण। ये तमाम कारण हैं जिनकी वजह से पक्षियों के अस्तित्व पर बहुत गहरा संकट छा गया है। यही वजह है कि सिर्फ हिंदुस्तान ही नहीं दुनिया के ज्यादातर हिस्सों से बड़े पैमाने पर पक्षी प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं या होने की कगार पर हैं।

वास्तव में एक तरफ जहां आधुनिक जीवनशैली से पक्षियों के लिए जबरदस्त आवासीय संकट खड़ा हो गया है, वहीं दूसरी तरफ पक्षियों का बड़े पैमाने पर अवैध शिकार भी हो रहा है। जिस कारण भी तमाम पक्षी प्रजातियां लुप्तप्राय हो रही हैं। इन लुप्त होने के कगार पर खड़े तमाम पक्षियों में भारत का खरमोर भी है। खरमोर सोन चिरैया या ग्रेट इंडियन बर्स्टड परिवार का सदस्य है। इसका जीव वैज्ञानिक नाम सिफियोटाइड्स इंडिका है। इसे तृण मयूर या लिखस भी कहा जाता है। नर खरमोर की लंबाई 45 सेंटीमीटर और मादा की 52 सेंटीमीटर तक होती है। प्रजनन काल में नर खरमोर की शारीरिक सुंदरता देखते ही बनती है। उस दौरान इसका शरीर गहरे बैंगनी काले परों से ढक जाता है। उसके पंख चमकदार सफेद रंग के हो जाते हैं और आंखों के पीछे से मोर की तरह एक शानदार कलगी निकल आती है। सामान्य समय में नर और मादा खरमोर एक जैसे चितकबरे भूरे रंग के दिखते हैं।

पहले यह खरमोर भारत के लगभग हर हिस्से में पाया जाता था। घने जंगलों और पहाड़ी स्थानों को यह अपना आवास नहीं बनाता। यह घास के मैदान में रहने वाला पक्षी है। प्रजनन काल में यह एक जगह पर जाकर अंडे देता है और फिर वहां से लौट आता है। आज हालत यह है कि यह केवल गुजरात, पश्चिमी मध्य प्रदेश, दक्षिणी राजस्थान के कुछ स्थानों पर ही पाया जाता है। इसकी संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। इन्हें संरक्षित करने की दिशा में मध्य प्रदेश के रतलाम में सैलाना खरमोर सेंचुरी और सरदारपुर में खरमोर अभयारण्य बनाये गये हैं।

मानसून की शुरुआत होते ही खरमोर यहां आकर अंडे देते हैं।

> खरमोर, सोन चिरैया या ग्रेट इंडियन बर्स्टड परिवार का सदस्य है और संकट ग्रस्त पक्षी है, इसकी संख्या लगातार घटती जा रही है।

मानसून के दिनों में घास बढ़ने के कारण नर और मादा के मिलन की आहट यहां दिखने लगती है। मादा को आकर्षित करने के लिए नर खरमोर ऊंची-ऊंची छलांग लगाता है, छलांग लगाकर यह दूसरे स्थान पर बैठ जाता है और दोबारा वहीं से आकर फिर छलांग लगाता है। मादा को लुभाने के लिए सुबह से शाम यह बार-बार उछलता है। इस अभयारण्य में इनकी आवाजों को सुना जा सकता है। एकांतप्रिय और शर्मीला होने के बावजूद प्रणय प्रदर्शन में मदमस्त खरमोर तेज आवाजें निकालता है, जिससे इनकी टोह में बैठे शिकारी इन्हें अपना शिकार बना लेते हैं।

प्रजनन के बाद मादा घनी घास के बीच लगभग 4 से 5 भूरे अंडे देती है। इन अंडों से 21 दिनों के बाद चूजे बाहर आ जाते हैं। चूजे दो माह के बाद बढ़कर वयस्क हो जाते हैं। इसके बाद सितंबर अक्टूबर में खरमोर अपने प्रजनन स्थल से कहीं दूर चले जाते हैं। आजकल खरमोर की संख्या में दिनोंदिन कमी आ रही है। इनके अवैध शिकार और इनके अभ्यारण्यों में निरंतर पशुओं और मनुष्यों के हस्तेक्षप के कारण इनकी संख्या में लगातार कमी आ रही है। यदि समय रहते कुछ न किया गया तो खरमोर भी डोडो की भांति पृथ्वी से पूरी तरह लुप्त हो जायेगा।

# संस्कृति पर हमला

अंतर्दृष्टि

विदेशी हमलावरों ने हमारी संस्कृति और धर्म को नष्ट करने के लिए एक-दो नहीं बल्कि बार-बार हमले किये हैं। दरअसल विदेशी शासकों और आक्रांताओं ने भारत को हर तरह से कमजोर करने का प्रयास किया। भारत की परम्परागत विशेषताओं, ज्ञान, शिक्षा एवं सामाजिक संरचनाओं को नष्ट कर एक तरह से आत्मनिर्भता को खत्म करने का प्रयास हुआ। मध्यकाल इस लिहाज से अंधकार का युग कहा जा सकता है। मध्यकाल के अंधकार युग ने इस स्वर्ण जैसी भारत भूमि की सारी विशेषताओं का अपहरण कर लिया। पतन और पराभव ही रह गया, अब हम दानी नहीं याचक बनकर रह गये। शासन अर्थ, शिक्षा, विज्ञान आदि भौतिक क्षेत्रों में ही नहीं सांस्कृतिक दृष्टि से भी भरतवर्ष आयातक भर है। निर्यातक बनने की स्थिति तो अभी तक नहीं बन पायी। इस दृष्टि से ईसाई मिशन निर्यातक होने का गौरव प्राप्त करते हैं। इस देश के साधु बाबा, धर्म प्रचारक और दूसरे लोग कभी विदेश जाते हैं तो लालच की आंखें और याचना की झोली भर लेकर बाहर पहुंचते हैं। बहाने बनाने के हजार रास्ते हैं। मांगने के लिए भी अनेक सच्चे-झूठे कारण एवं पाखण्ड खड़े किये जा सकते हैं। दृष्टि तो वही रही जिसके कारण उनके प्रति जनसाधारण की श्रद्धा घटती और प्रभावोत्पादक सामर्थ्य मिटती है। यहां चर्चा समर्थ देशों से राजनीतिक वैज्ञानिक आर्थिक याचना के होते रहने वाले प्रयत्नों की नहीं हो रही वह दूसरे लोगों के सोचने की बात है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक एवं राजनीतिक सामंजस्य एवं संतुलन के निर्धारण का दायित्व एक वर्ग विशेष पर है। इन पंक्तियों में उस सांस्कृतिक दरिद्रता का उहापोह चल रहा है जिसके कारण पूर्वजों की भांति भारत भूमि के देव पुत्र विश्व मानक को वह भी नहीं दे पाते जिसकी उनसे अपेक्षा की जाती है। जबकि इस गई गुजरी स्थिति में भी दे सकने के योग्य उनके पास बहुत कुछ है। सर्वविदित है कि भौतिकवादी दृष्टिकोण और सम्पन्नता के दुरुपयोग ने नैतिक मूल्यों का बुरी तरह ह्रास किया है। फलतः पारस्परिक स्नेह सहयोग में भारी कमी आयी है। स्वार्थपरता और निष्ठुरता बढ़ने से सारा प्रचलन ही उलट गया है और विषाक्त वातावरण ने जनजीवन को अनिश्चित, अशान्त और आतंकित करके रख दिया है। इन दिनों समृद्धि तो निश्चित रूप से बढ़ी है पर साथ ही यह भी स्पष्ट है कि पूर्वजों को स्वल्प साधन वाली स्थिति की तुलना में वह अत्यंत तुच्छ और कष्ट कारक बनकर रह रही है। इस व्यापक विपन्नता को दूर करने के लिए भारत अभी भी इस स्थिति में है कि पूर्वजों के प्रतिपादनों और निर्धारणों से अवगत कराते हुए विकास की गौरवगाथा को लिख सकता है।

# पड़ोसी देश की हालत खराब

व्यंग्यलोक

पाकिस्तान की हालत खराब हो गई तो उसने आटा बेचने की एक दुकान खोल ली। वह इधर-उधर के देशों में जाता और आटा बेचने की कथा कहता। सबसे मीठी-मीठी बातें करता। लेकिन आटा बेचने की उसकी मीठी बातों का किसी पर कोई असर नहीं होता। उसके आटे की कोई बिक्री नहीं होती। इधर उसका पड़ोसी अफगानिस्तान भी कम नहीं था। उसके भी व्यापारिक संकट आ गया, तो उसने तेल बेचने की दुकान खोल ली। लेकिन इसका भी तेल कोई नहीं खरीदता। दोनों अपने-अपने पड़ोसियों से सिर्फ भीख मांगने का ही काम किया करते। कर्जे के तले दबे दोनों परेशान रहते। दोनों की कोई बिक्री नहीं हो रही थी। दोनों की बातों पर पूरी दुनिया को कोई विश्वास नहीं था। वे आपस में एक दूसरे को आतंकवादी सप्लाई करते और बैठे-बैठे मक्खियां ही मारा करते। तेल विक्रेता अफगानिस्तान और आटा बेचने वाले पाकिस्तान की दुकानें अगल-बगल में ही थी। आतंकवाद के तराजू में तोलने वाली सोच के कारण उनके घनघोर व्यापारिक संकट पैदा हो गया। कई-कई दिन बीत जाते, दोनों की बोहनी तक न होती। परेशान होकर दोनों ने बोरियत मिटाने के लिए आपसी विमर्श किया कि वे दोनों बारी-बारी से एक दूसरे की दुकानों पर जाएंगे और वस्तु का मोल भाव करेंगे। इससे बिक्री हो न हो उनका कुछ समय कट जाएगा। पब्लिक इससे मूर्ख बन जाएगी और उन्हें बड़ा मजा आएगा। दोनों ने महान व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार पहले तेल विक्रेता अफगानिस्तान पाकिस्तानी आटे की दुकान पर गया। उसने आवाज लगाई- औ पाकी ! एक लीटर आटा देना। पाकिस्तान ने उसे समझाया- ब्रदर ! ये आटा है। तेल नहीं। आटा लीटर में नहीं किलो में बिकता है। जाओ दुबारा से आकर आटा मांगो। तेल विक्रेता वापस जाकर आया। चिल्लाया- अरे औ पाकी ! एक किलो आटा देना बोतल में ! पाकिस्तान फिर परेशान हो गया। अफगानिस्तान को समझाया कि आटा किलो के माप में बिकता है और बोतल में नहीं भरा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय नियमों का कुछ तो पालन करो ब्रदर ! अब चलो तुम मेरी दुकान पर बैठ जाओ। मैं डेमो देता हूं कि आटा कैसे मांगना है ? तेल विक्रेता अफगानिस्तान आटे वाले पाकिस्तान की दुकान पर बैठ गया। पाकिस्तान बाहर जाकर वापस अपनी ही दुकान में घुसा और आटा बेच रहे तेल व्यापारी अफगानिस्तान से कहा- ब्रदर ए ब्रदर ! एक किलो आटा देना ! नकली आटा विक्रेता अफगानिस्तान ने तपाक से सवाल किया- बोतल लाए हो क्या ? दोनों की बातें सुनकर पास में खड़ा चाइना जोर-जोर से हंसने लगा। मीठी बातें करने एवं तेल लगाने में उस्ताद चाइना ने दोनों देशों में अपना तेल और आटा लगाने का भारी कारखाना खोल दिया।



रामविलास जॉगिड़

## विचार

जन्म लेने वाले के लिए मृत्यु उतनी ही निश्चित है, जितना कि मृत होने वाले के लिए जन्म लेना। इसलिए जो अपरिहार्य है उस पर शोक मत करो।

-गीता.

यह आत्मा तीन जगत का स्वामी है, समस्त पदार्थों का ज्ञाता है, अनन्त शक्ति का धारी है, किन्तु अपने स्वरूप से भ्रष्ट होकर यह जीव दुखी हो रहा है।

-शुभ्रचन्द्राचार्य.

बड़प्पन, पांडित्य, कुलीनता और विवेक मनुष्य में उसी समय तक रहते हैं जब तक शरीर में काम वासना प्रज्जवलित नहीं होती।

-भर्तृहरि.

कायर लोग अपनी मृत्यु के पहले भी कई बार मरते हैं। परन्तु वीर पुरुष मृत्यु का केवल एक बार ही अभिनन्दन करते हैं।

-शेक्सपियर.

आत्मा को ऊपर उठाते समय व्यक्ति को लोक-लाज उठाकर एक तरफ रख देना चाहिए।

-विनोबा भावे.

## आप की बात

### विदेशी संस्कृति का असर

वैश्वीकरण की आंधी में अगर बड़े पैमाने पर विदेशी पूंजी आयी है, प्रौद्योगिकी आयी है, व्यापार और रोजगार आया है, तो इसके साथ विदेशी संस्कृति भी आयी है। दुनिया भर में अनेक धर्म, दर्शन और उनकी सांस्कृतिक आध्यात्मिक मान्यताएं हैं जिसमें मानवीय जीवन को सामाजिक मर्यादा और अनुशासन के साथ आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ अच्छाइयां विद्यमान हैं। लेकिन सांस्कृतिक प्रदूषण भी कम नहीं है। प्रौद्योगिकी और वैश्वीकरण के इस दौर में जब सब कुछ एक स्थान से दूसरे स्थान पर, एक शहर से दूसरे शहर में, एक देश से दूसरे देश में तेजी से पहुंच रहा है, तो इसी के साथ भारत में भी बहुत कुछ विदेशों से सांस्कृतिक प्रदूषण भी आ रहा है। इसी का परिणाम है कि भारत जैसे धार्मिक मिजाज वाले देश में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के घोर समर्थक कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट पहुंच गये हैं सेम-सेक्स मैरिज को मान्यता दिलाने के लिए। सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट में कई याचिकाएं डाली गयी हैं और यह मांग की गयी है कि सुप्रीम कोर्ट सेम-सेक्स मैरिज को मान्यता प्रदान करे। इन याचिकाओं को संज्ञान में लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार से अपना पक्ष रखने को कहा था।

सुप्रीम कोर्ट सेम-सेक्स मैरिज पर सुनवाई करने जा रहा है और इस सुनवाई से पहले केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जो हलफनामा दाखिल किया है उसमें भारतीय परम्पराओं, कानूनी स्थितियों और विवाद को अपोजिट सेक्स के मिलन का माध्यम बताते हुए सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने की मांग करने वाली सभी याचिकाओं को खारिज करने की मांग की है। दरअसल यह ऐसा पेचीदा मामला है जिसके संदर्भ बहुत दूर तक जाते हैं। आज हम जो सभ्य, विकसित और प्रगतिशील मानवीय समाज देख रहे हैं, समाज और राज्य संस्था का जिस संगठित तौर-तरीकों से विकास हुआ है उसके पीछे विवाह संस्था का सबसे महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मानव समाज से धर्म, संस्कृति और मानवता के गुणों को समृद्ध करने वाली सामाजिक परम्पराओं, प्रथाओं को निकाल दिया जाये, तो मानव का अस्तित्व दो पैर वाले जानवर से अधिक नहीं रह जायेगा। इसलिए सेम सेक्स मैरिज के समर्थन में यह तर्क देना कि अमरीका, यूरोप और अफ्रीका के करीब डेढ़ दर्जन देशों में सेम सेक्स मैरिज को मान्यता मिल चुकी है इसलिए भारत में भी कानूनी मान्यता मिलनी चाहिए, इसे कुतर्क ही कहा जायेगा।

**ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, लखनऊ.**

### प्रभावी सामाजिक सुरक्षा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। सरकार भी इसमें मदद करे।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## छात्र की सड़क हादसे में मौत, कोहराम

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** लखनऊ से अपने गांव लौट रहे एक छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान अमन तिवारी पुत्र संतोष कुमार, निवासी ग्राम भोजगी, थाना जैतपुर, जिला अंबेडकर नगर के रूप में हुई है। अमन लखनऊ में रहकर बीकॉम की पढ़ाई कर रहा था और सोमवार को बुलेट बाइक से घर लौट रहा था। जानकारी के अनुसार जैसे ही अमन 167 किलोमीटर के पास पहुंचा, उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना गंभीर था कि अमन को गहरी चोटें आईं। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए यूपीडा की एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल छात्र को दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। इमरजेंसी में तैनात डॉ. आज्ञाराम यादव ने जांच के बाद बताया कि युवक की मौत पहले ही हो चुकी थी। हादसे की जानकारी मिलते ही दोस्तपुर थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सुलतानपुर भेजा गया। अमन की अचानक हुई मौत की खबर से गांव भोजगी में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया गया कि अमन पढ़ाई में बेहद होनहार था और लखनऊ में रहकर अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने देख रहा था। गांव और कॉलेज में उसे जानने वाले लोग इस हादसे से स्तब्ध हैं और शोक व्यक्त कर रहे हैं।

## डीएम-एसपी ने की पीस कमेटी बैठक

**सुलतानपुर (वीओएल)।** दुर्गापूजा, दशहरा और रथ यात्रा जैसे आगामी त्योहारों की तैयारी के मद्देनजर जिलाधिकारी कुमार हर्ष व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक मंगलवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, केन्द्रीय पूजा समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश पाण्डेय, विभिन्न धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी पूजा पंडालों और मूर्ति विसर्जन मार्गों को सीसीटीवी कैमरों से युक्त किया जाए, जिससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा सके। साथ ही उन्होंने विद्युत, पेयजल, सड़क मरम्मत, साफ-सफाई, यातायात और पांडालों की अनुमति जैसी आधारभूत व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी समितियों से वॉलंटियर्स की सूची उपलब्ध कराने को कहा, ताकि पुलिस बल के साथ मिलकर सुरक्षा प्रबंध सुदृढ़ किए जा सकें। उन्होंने एक एकीकृत सीसीटीवी कंट्रोल रूम स्थापित करने और सभी विसर्जन मार्गों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व रोड से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान पर बल दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने त्यौहारों से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे साफ-सफाई, जलापूर्ति, गाड़ी पार्किंग आदि के बिंदुओं पर जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। अपर जिलाधिकारी प्रशासन व अपर पुलिस अधीक्षक ने भी थानावार पीस कमेटी बैठकों के आयोजन और लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सौंपे गए कार्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने और त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने की अपील की।

# राज्य सूचना आयुक्त ने की जन शिकायतों की समीक्षा



**रायबरेली।** राज्य सूचना आयुक्त, उत्तर प्रदेश पदुम नारायण द्विवेदी का आज जनपद रायबरेली आगमन हुआ। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके उपरांत उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों संग जन सूचना से संबंधित लंबित अपीलों एवं शिकायत प्रकरणों की समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि आरटीआई के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। विलंब की स्थिति में अर्थदंड एवं विभागीय कार्यवाही की संस्तुति भी की जा सकती है।

सूचना आयुक्त ने कहा कि जन सूचना अधिनियम का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाना है। सरकार की भी यही मंशा है कि प्रशासन और आम जनमानस के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित हो। उन्होंने जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपील अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समय से निस्तारण करें। जिन बिंदुओं पर सूचना नहीं दी जा सकती उसके कारण का भी अवश्य उल्लेख करें। उन्होंने रायबरेली जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ जन सूचना के मामलों का निस्तारण बेहतर ढंग से किया जा रहा है तथा लंबित प्रकरणों की संख्या भी अपेक्षाकृत कम है। बैठक में आरटीआई विशेषज्ञ शैलेंद्र सिंह चैहान ने जन सूचना अधिकार अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से माननीय राज्य सूचना आयुक्त को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। बैठक में सीडीओ अर्पित उपाध्याय, एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा सहित जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज न्यायिक कार्य का बहिष्कार करेंगे वकील

**महाराजगंज, रायबरेली।** तहसील में अधिकारियों की उदासीनता व शिथिल कार्यशैली से परेशान अधिवक्ताओ ने कार्य बहिष्कार कर दो दिन तक हड़ताल पर रहने की लिखित सूचना अधिवक्ताओ ने सामूहिक रुप से पीठासीन अधिकारियों को दे दिया है। जिससे अदालतों में पत्रावालियो की सुनवाई न होने से वादकारी समान्य तिथियां लेकर वापस लौट गए। आपको बता दे कि अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से दी गई सूचना में बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप धारा 76(1) धारा 38 पत्रावलियों का निस्तारण नहीं किया जा रहा है क्योंकि अधिवक्ता गण की जवाब देही अपने मुवक्किल प्रति होती है अधिवक्ता अपनी जवाब देही समझ कर समस्त पीठासीन अधिकारियों को उक्त प्रकरण की सूचना दी जा रही है शासन की मंशा के अनुरूप पत्रावलियों का निस्तारण समय पर होना अनिवार्य है समस्त अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि कल तक न्यायिक कार्य से अवकाश पर रहेंगे।

## राजेंद्र नाथ अध्यक्ष व सुरेश निगम महामंत्री पद पर हुए निर्वाचित

**रायबरेली।** बैसवारा बार एसोसिएसन लालगंज के चुनाव में राजेंद्र चैधरी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया। वही महामंत्री पद पर अधिवक्ता सुरेश कुमार निगम ने विजश्री हासिल की है।

लालगंज तहसील में कई दिनों से चल रही चुनावी गहमागहमी के बीच बैसवारा बार एसोसिएसन का चुनाव सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिये रामनारायण श्रीवास्तव, राजेंद्र चैधरी व सुरेंद्र के बीच मुकाबला हुआ। वही महामंत्री पद के लिये सुरेश कुमार, ओम प्रकाश दीक्षित व योगेंद्र सिंह के मध्य टक्कर हुई। चुनाव अधिकारी दुगार्शंकर गुप्ता ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 104 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद अध्यक्ष पद के दावेंदार राजेंद्रनाथ चैधरी को 47 मत, रामनारायण श्रीवास्तव को 44 वहीं सुरेंद्र सिंह को महज 12 मत ही मिल सके। जिसके चलते राजेंद्रनाथ चैधरी को 3 मतो से निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं महामंत्री पद के उम्मीदवार सुरेश कुमार निगम को 61, ओमप्रकाश दीक्षित को 34 तथा योगेंद्र सिंह को 7 मतो से संतोष करना पड़ा। चुनाव अधिकारी ने महामंत्री पद पर सुरेश निगम को 27 मतो से विजेता घोषित किया। मतगणना के दौरान अध्यक्ष पद के एक व महामंत्री पद के दो मतो को अवैध घोषित किया गया। वही अध्यक्ष पद पर निर्वाचित राजेंद्रनाथ चैधरी ने कहा कि किसी भी दशा में अधिवक्ताओं के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नही किया जायेगा। चुनाव सम्पन्न होने के बाद साथी अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री का फूल मालाओं से लादकर स्वागत व सम्मान किया।

## साइकिल चोर को ग्रामीणों ने धुना

**लालगंज, रायबरेली।** चोरी की साईकिल बेचने की फिराक में घूम रहे युवक को पकड़कर ग्रामीणो ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। जानकारी के अनुसार सरेनी मार्ग में लोन नदी के निकट बने शीतला मंदिर के पास बने एक होटल में पहुंचे युवक ने साईकिल बेचने की बात कही। शक होने पर लोगों ने घेरकर उसकी पिटाई कर दी जिसके बाद आरोपी ने बताया कि वह चोरी की साईकिल बेचने का काम करता है। वहां से गुजर रहे लोगों ने उसकी पहचान धनाभाद गांव निवासी बचान के रूप में करते हुए बताया कि वह इसी प्रकार के मामलो में कई बार जेल जा चुका है। ग्रामीणो ने उसकी साईकिल रखवाकर उसे छोड़ दिया।

## नौनिहालों की उपस्थिति बढ़ाने को मॉडल प्राथमिक विद्यालय की नयी पहल



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** मॉडल प्राथमिक विद्यालय कूरेभार ब्लॉक में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अंजना त्रिपाठी ने नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की है। मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में आयोजित गोष्ठी में बच्चों को अनुशासन, समयबद्धता और नियमितता का महत्व बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ने अपने कोष से उन बच्चों को निःशुल्क कैप देकर सम्मानित किया, जिनकी उपस्थिति लगातार शत-प्रतिशत रही। प्रधानाध्यापिका त्रिपाठी ने बताया कि इस तरह की पहल से न सिर्फ बच्चों का उत्साह बढ़ेगा बल्कि अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे और नियमित रूप से विद्यालय आएंगे। इससे बच्चों में सीखने का अभ्यास निरंतर बना रहेगा। कार्यक्रम में शिक्षिकाएँ नीलम यादव, ललिता यादव, पूजा, अभिभावक और बड़ी संख्या में नौनिहाल मौजूद रहे। पुरस्कृत बच्चों में ज्योति, साक्षी, योग्यता, कृष्णा, आयुष, सोनाक्षी, वैष्णवी, शुभी, मौलिक, रघुवीर, अंश सोनी, अभी सहित कई नाम शामिल हैं। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। वहीं अन्य बच्चे भी अब नियमित विद्यालय आने के लिए उत्साहित नजर आए।

# जीएसटी में छूट का व्यापारियों ने किया स्वागत व पीएम के प्रति जताया आभार

जिला संवाददाता (vol)



**लालगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज नगर की सितंबर की मासिक बैठक संपन्न हुई जिसमें विभिन्न व्यापारिक विषयों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के संरक्षक रविंद्र मुरारका ने की ।

नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा जीएसटी दरों पर व्यापारियों को दी गई छूट के लिए सभी पदाधिकारियो ने स्वागत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को बधाई देते हुए आभार जताया है। बैठक में तय हुआ कि संगठन के विस्तार हेतु जल्द ही सरेनी ,भोजपुर ,बेनीमाधवगंज जैसी बड़े प्रमुख बाजारों में व्यापार मंडल सदस्य बनाकर मजबूर संगठन तैयार किया जाएगा।वरिष्ठ व्यापारी नेता अनिल गुप्ता ने कहा कि 17 सितंबर 2025 को गुरबक्शगंज चैराहा पुलिस चैकी के बगल में खाद्य विभाग का कैंप लगाया जाएगा जिसमें व्यापारियों को सहूलियत के साथ लाइसेंस बनेंगे।

जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि नगर पंचायत के द्वारा विगत 5 माह से मेन रोड में नए निर्माण के नाम पर नाला खोद दिया गया है ।रोड तोड़ दी गई है, 400 मी नाला बनाना था लेकिन लगभग 5 माह हो गए हैं, अभी तक नाला नहीं बन पाया है। व्यापारियों को दुकान बंद कर दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है । नगर पंचायत प्रशासन की घोर लापरवाही से व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

बैठक में संरक्षक किरन सोनी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा ,नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश सोनी, उद्योग मंच अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ,नगर महामंत्री शिवम गुप्ता ,नगर महामंत्री संगठन कौशलेंद्र कंचन ,नगर युवा अध्यक्ष पटेल शर्मा ,नगर युवा महामंत्री रौनक भदौरिया, पुष्कर गुप्ता, मंडी समिति अध्यक्ष सुरेश सोनकर, प्रभारी रामबाबू सोनकर, शिवम सोनी, दीपक अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# सुपर मार्केट की बदहाली पर व्यापारियों का फूटा गुस्सा, ईओ को सौंपा ज्ञापन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** नगर पालिका परिषद के सुपर मार्केट में व्याप्त बदहाली से त्रस्त व्यापारियों ने मंगलवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सुंदर लाल व्यापारी कल्याण एवं सेवा समिति के अध्यक्ष आनंद पांडेय के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारी अधिशासी अधिकारी कार्यालय पहुंचे और बाजार की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों ने बताया मार्केट की बिजली व्यवस्था एक सप्ताह से ठप है, जिससे रात में चोरी और अप्रिय घटनाओं का खतरा बना हुआ है। जगह-जगह चोक नालियों के कारण मच्छरों का प्रकोप है, जिससे डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका है। अधिकांश दुकानें जर्जर अवस्था में हैं, जिससे जानमाल के नुकसान का खतरा बना रहता है। हाल ही में आई आंधी में टूटी सीढ़ी और रेलिंग को अभी तक ठीक नहीं कराया गया है, जिससे ऊपरी मंजिल के दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा के लिए लगे दोनों मुख्य गेट जर्जर होकर गिर चुके हैं, जिससे रात्रि में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है। व्यापारियों ने बताया ठेले, गुमटियों और बाहरी वाहनों के कारण दुकानों के सामने अतिक्रमण हो गया है, जिससे रास्ता बाधित होता है। विरोध करने पर झगड़े की नौबत आ जाती है। नीम के पेड़ की काटी गई डालियां 10 दिन से हटाई नहीं गई हैं, जिससे गंदगी और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। अध्यक्ष आनंद पांडेय ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो अगली उद्योग व्यापार बंधु बैठक में यह मामला डीएम के समक्ष उठाया जाएगा।

## महिला सशक्तीकरण को लेकर स्कूल में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**सुलतानपुर (वीओएल)।** निदेशक, महिला कल्याण के निर्देश एवं जिलाधिकारी कुमार हर्ष के कुशल निर्देशन में बुधवार को संकल्प हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के तहत राधारानी कुवंर कृष्ण बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज में महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत जिला प्रोबेशन अधिकारी वीपी वर्मा के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेने का अधिकार देती है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में महिलाओं को समान अवसर देने की बात कही। जिला मिशन समन्वयक रेखा गुप्ता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य महिलाओं को पुरुषों के बराबर शक्ति, अधिकार और भागीदारी देना है, जिससे वे समाज और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने शिक्षा, कौशल विकास और निर्णय लेने की क्षमता को महिला सशक्तिकरण का मूल आधार बताया। सहायक, कौशल विकास मिशन पंकज तिवारी ने छात्रों को कौशल विकास मिशन की जानकारी दी और बताया कि इस योजना के तहत युवा निःशुल्क प्रशिक्षण लेकर गुणवत्तापूर्ण रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या बिंदु श्रीवास्तव, संतोष पाल, सरोज यादव (जेंडर स्पेशलिस्ट), राहुल विश्वकर्मा, सत्यम मिश्रा, नीलम, रीता श्रीवास्तव, विदुषी गुप्ता, अर्चना श्रीवास्तव और विपिन कुमार कश्यप आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया



**अमेठी।** किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ आज मंगलवार को सड़क पर उतर आया । संघ की ओर से मुख्यमंत्री के नाम ब्लॉक संग्रामपुर पर ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन ब्लॉक विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए दिया गया जिससे किसानों की आवाज सीधे सरकार तक पहुंचे ।किसानों ने आरोप लगाया कि खाद, बीज और कृषि रसायनों में मिलावट से फसलें खराब हो रही हैं। छुट्टा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है, सिंचाई व्यवस्था चरमराई हुई है और बिजली की कटौती ने खेती को और प्रभावित किया है। किसानों ने मांग की कि गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज समय पर उपलब्ध कराए जाएं तथा खराब पड़े राजकीय नलकूपों और नहरों की मरम्मत कराई जाए, सिंचाई नालियों की नियमित सफाई मनरेगा से कराई जाए साथ ही रबी फसलों की सिंचाई के लिए दिन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई ।भारतीय किसान संघ ने यह भी कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों का सतत प्रशिक्षण हो, ताकि वे किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लें और सेवा भाव से कार्य करें इस मौके पर जिला मंत्री ओम प्रकाश मिश्र, रविंद्र प्रताप पाठक, राणा प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह, बृजेश मिश्रा, रवि सिंह, संतोष कुमार सहित सैकड़ों किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन स्वीकार करने के दौरान संबंधित ब्लॉक विकास अधिकारी भी उपस्थित रहे। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो संगठन प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## ग्राम पंचायत में चकबंदी को लेकर हुई बैठक

**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** बल्दीराय तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत घर इसौली में मंगलवार को चकबंदी प्रक्रिया को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चकबंदी अधिकारी संतोष अस्थाना ने की, जबकि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास भी उपस्थित रहे। इस बैठक में गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और चकबंदी से जुड़ी प्रक्रिया, लाभ एवं संभावनाओं को लेकर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। चकबंदी अधिकारी संतोष अस्थाना ने बताया कि चकबंदी के माध्यम से बिखरी हुई और छोटे आकार की जमीनों का एकीकरण कर खेती को सरल बनाया जाएगा। इससे भूमि का अधिकतम उपयोग, सिंचाई व्यवस्था में सुधार और खेतों तक पहुंच आसान होगी। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने भूमि माप, सीमांकन और बंटवारे से जुड़ी अपनी समस्याएं खुलकर रखीं, जिन पर अधिकारियों ने गंभीरता से चर्चा की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अब्बास ने कहा कि चकबंदी से वर्षों पुराने भूमि विवादों का समाधान संभव होगा और गांव में शांति व विकास का माहौल बनेगा। ग्रामीणों ने भी आशा जताई कि चकबंदी से पारिवारिक विवादों में कमी आएगी और खेती में उत्पादन बढ़ेगा। बैठक में सभी को चकबंदी प्रक्रिया में सहयोग देने की अपील की गई। अंत में चकबंदी अधिकारी ने आश्वासन दिया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न की जाएगी।

## मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर आज मनाया जायेगा जश्न

**सुलतानपुर।** बुधवार को रात में मोमनीन अमहट की तरफ से मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर बड़े धूमधाम से एक जुलूस जमा मस्जिद से उठकर अमहट के सभी इमाम बाड़े से होकर हुसैनिया नौ तामीर में जायेगा इसके बाद रात में महफिल शेरो शायरी होगी जिसमें मौलाना जीशान हैदर खान तकरीर करेंगे और सुलतानपुर केमुकामी शायरों के ? अलावा बाहरी शायर हेलाल नकवी लखनऊ इब्राहीम खलीलजलालपुर रौशन बनारसी मशहद जलालपुरी मूनव्वर जलालपुरी हुर अमेठी ?नाते पाक पढ़ेगे औरमौलाना मौहम्मद अब्बास संचालन करेंगे। जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है।

## दिवंगत नेता की पत्नी को समाजवादियों ने दिया 1 लाख रुपये का चेक



**अमेठी।** तहसील के ग्राम सभा बाहापुर निवासी समाजवादी पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष आनंद वर्मा की 22 नवंबर 2024 को सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई थी। वे जिला मुख्यालय गौरीगंज से मीटिंग के बाद लौट रहे थे। उनकी आकस्मिक और दुखद मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर 9 सितंबर 2025 को दोपहर दिवंगत नेता की पत्नी रानी देवी को 1 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। चेक जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने सौंपा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने कार्यकताओं और उनके परिवार के साथ हमेशा खड़ी रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि आनंद वर्मा की सेवाएं और योगदान हमेशा याद किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित जिला महासचिव अरशद अहमद ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा अपने कार्यकताओं और उनके परिवारों के साथ खड़ी रहती है। आनंद वर्मा के योगदान को हम कभी नहीं भूलेंगे। उनके परिवार की हर संभव मदद सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर की जानकारी समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजेश मिश्र ने दी। कार्यक्रम में समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक कुमार यादव, जिला सचिव राकेश यादव, गौरीगंज और अमेठी के विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव और मनिराम वर्मा, दीपू तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष, भेटुआ अरविंद यादव बल्लू , ब्लॉक अध्यक्ष अमेठी राम प्रसाद यादव, विधानसभा तिलोई शिव प्रताप यादव, ओम प्रकाश, ब्लॉक अध्यक्ष शाहगढ़ महेन्द्र यादव, जिला पंचायत प्रतिनिधि शिवदर्शन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष गौरीगंज मनु पाल, विधानसभा सचिव समिति विभिन्न ब्लॉक अध्यक्ष, जिला पंचायत प्रतिनिधि और अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे।

## हर युवा को रक्तदान करना चाहिए

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर परिसर में रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुधाकर सिंह रहे। कार्यक्रम संस्थान के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह के संरक्षण तथा मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। रक्तदान पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम मे मुख्य रिसोर्स पर्सन डॉ. सुधाकर सिंह ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने वक्तव्य मे बताया कि रक्तदान जीवनदान है। यह न केवल दूसरों के लिए उपयोगी है बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। एक सामाजिक कार्य के साथ-साथ मानवीय कर्तव्य है। इन्होंने कहा कि युवा वर्ग को इसमें अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। जब कोई व्यक्ति रक्तदान करता है तो वह केवल रक्त ही नहीं बल्कि जीवन की नई आशा भी प्रदान करता है। डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि रक्तदान जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में मानवीय संवेदनाओं का विकास करती हैं। युवा शक्ति को इसमें सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। इस अवसर पर कृषि संकाय प्रभारी डॉ नवीन विक्रम सिंह ने रक्त दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसकी उपयोगिता बताई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. प्रवीण कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। इन्होंने मुख्य वक्ता डॉ. सुधाकर सिंह, डायरेक्टर इंजीनियरिंग संकाय डॉ. डी एस पुंडीर एवं सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों व आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। साथ ही इन्होंने उपस्थित सभी लोगों को समाज में रक्तदान के महत्व को प्रसारित करने का संकल्प दिलाया।

## छात्र-छात्राओं ने कॉलेज परिसर में किया पौधरोपण



**सुलतानपुर (वीओएल)।** केएनआई के अंग्रेजी विभाग में मंगलवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुनीता राय ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का संकट सदी का बड़ा संकट है। आधुनिकीकरण और औद्योगिक सभ्यता के विकास ने हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को विनष्ट किया है। इससे जो रिक्तता पारिस्थितिकी तंत्र में उपजी है उसे वृक्षारोपण के जरिए ही भरा जा सकता है। अंग्रेजी विभाग के डा. रत्नेश बरनवाल ने इस अवसर पर बताया कि वृक्षारोपण, विस्तार कार्यक्रम का प्रतीक है जो हमारी पर्यावरणीय चेतना का विस्तार करता है। सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से हमें अपने समाज और उसके पारिस्थितिकी तंत्र से संबद्ध करता है। पृथ्वी की सुन्दरता उसके पारिस्थितिकी तंत्र से है। डा. राजकुमार मिश्रा ने कहा कि शिक्षा से छात्रों का बहुआयामी विकास होता है। वृक्षारोपण से विद्यार्थियों मे पर्यावरणीय मूल्यों का विकास होता है। इस मौके पर स्नातक एवं परास्नातक स्तर के रागिनी, वैष्णवी, निहारिका, जाह्नवी, अंशु, जाकिर, अंशिका व जुनैरा आदि मौजूद रहे।

# गुरु वंदन,छात्र अभिनंदन में शिक्षक-छात्र सम्मानित




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में भारत विकास परिषद द्वारा छात्र वंदन गुरु अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, कार्यक्रम के सह संयोजक देवेंद्र श्रीवास्तव, सदस्य विभा श्रीवास्तव और नागेंद्र श्रीवास्तव के साथ प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रजापति और शिक्षक राम किशोर यादव, छात्रा कृतिका, श्रेया एवं उत्कर्ष को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य ने भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सहित आये हुए अतिथियों को कार्यक्रम संयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि गुरु और विद्यार्थी एक दूसरे के पूरक होते है, एक शिक्षक का सम्मान उसके छात्र की सफलता तय करती है। परिषद के अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने बताया कि शिक्षक सदैव वंदनीय है और छात्र अभिनंदन के पात्र, इसी उद्देश्य से संस्था द्वारा प्रति वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर किसानों ने पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें बरसात से हो रही फसलों के नुकसान के मुआवजे साधन सहकारी समितियों में डीएपी और यूरिया की उपलब्धता पात्र व्यक्तियों को आवास का लाभ विद्युत विभाग द्वारा मनमानी तरीके से भेजे जा रहे बिजली बिल, पात्र व्यक्तियों को विधवा एवं वृद्धा पेंशन दिलाने की मांग आदि समस्याओं को ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम गौतम सिंह को अवगत कराया। किसानों ने मांग की अगर एक सप्ताह के अंदर उपरोक्त समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो रघुनाथ खेड़ा भारतीय किसान सेवा समिति (अ.रा.) उत्तर प्रदेश किसान संगठन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेवारी प्रशासन की होगी।

संक्षेप

## यमुना के वेग की शांति को किया अभिषेक-पूजन

**मथुरा।** धर्म रक्षा संघ के एक प्रतिनिधिमंडल वृंदावन परिक्रमा मार्ग स्थित वराह घाट, गऊघाट, कालीदह, मदन मोहन मंदिर और जुगल घाट के आसपास बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों का दौरा किया, जहां यमुना नदी में बाढ़ की भयाभहता देखकर सब हैरान रह गये। धर्म रक्षा संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मां यमुना का वेग शांत करने के लिए मां यमुना का पूजन, दुग्धाभिषेक, आरती एवं पुष्प अर्पण किया। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि इस बार यमुना का जल वृन्दावन शहर के अंदरूनी क्षेत्रों तक आ पहुंचा है द्य बाढ़ के पानी से यमुना किनारे के निवासी नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। यमुना जल्द से जल्द अपना वेग शांत कर सामान्य स्वरूप में आए इसके लिए आज यमुना मां का दुग्धाभिषेक, पूजन एवं आरती की गई।

## प्रेमानंद महाराज ने लिया बाढ़ का जायजा

**मथुरा।** यमुना में बढ़ते जलस्तर ने वृंदावन को से चपेट में ले लिया है। करीब दो दर्जन कालोनियों के लोगों के साथ तटीय क्षेत्रों के घरों में पानी पहुंच गया है। ऐसे में बाढ़ की विभीषिका का अवलोकन करने निकले संत प्रेमानंद व्यथित नजर आए। उन्होंने तत्काल अनुयायियों को बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के निर्देश दिए। संत प्रेमानंद अपने अनुयायियों के साथ स्टीमर में बैठकर बाढ़ की विभीषिका का निरीक्षण करने निकले पड़े। यमुना किनारे बाराह घाट से स्टीमर में सवार हुए संत प्रेमानंद ने कॉलोनियों में पहुंचकर हालात देखे और घरों की छत पर रह रहे लोगों को देख भावुक नजर आए। बाराह घाट से बाढ़ प्रभावित इलाकों में करीब एक घंटे संत प्रेमानंद ने अनुयायियों संग भ्रमण किया और बाराह घाट से सौभरि वन होते हुए स्टीमर से एक घंटे तक निरीक्षण किया। इस दौरान संत प्रेमानंद पूरी तरह शांत भाव में नजर आए। मंगलवार सुबह भी शांत भाव में नजर आए। संत प्रेमानंद के निरीक्षण के बाद उनके अनुयायियों ने स्टीमर की मदद से बाढ़ प्रभावित इलाकों में घरों की छत पर रह रहे लोगों को भोजन के पैकेट और पानी पहुंचाया।

## चोरी के 1 करोड़ रुपये सैकड़ों फोन बरामद

**मथुरा।** सीईआईआर और सिंवलांस सैल टीम ने चोरी हुए कई राज्यों से एक करोड़ रुपए के 360 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार के मुताबिक, चोरी हुए मोबाइल फोनों को सर्विलांस बस माध्यम से ट्रेस करने के लिए पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया। तकनीकी साधनों की मदद से इनकी लोकेशन का पता लगाया गया और अलग-अलग स्थानों से इन्हें बरामद किया गया। इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि अपराधी कितनी भी कोशिश कर लें, पुलिस की पैनी नजर से बच पाना आसान नहीं है। बरामद किए गए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने इन मोबाइल फोनों की पहचान कर उन्हें सही लोगों तक पहुंचाने की तैयारी कर ली है। जिन लोगों के फोन चोरी हो गए थे और वे महीनों से परेशान थे, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। एक फोन की वापसी न केवल संपत्ति की सुरक्षा का प्रतीक है बल्कि जनता के भरोसे को भी मजबूत करता है। प्रेसवार्ता में एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि मथुरा पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। ये मोबाइल जिले के सीमावर्ती और अन्य राज्यों की पुलिस की मदद से बरामद किए हैं।

# बाढ़ ग्रस्त परिवारों की मदद को पुलिस प्रशासन कटिबद्ध



● प्रशासनिक टीम सहित डीएम कर रहे है बाढ़ शरणालय स्थलों का निरीक्षण

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने लक्ष्मी गार्डन मैरिज होम में स्थापित बाढ़ शरणालय स्थल का निरीक्षण किया। जब डीएम शेल्टर होम पहुंचे तब वहां पर सभी बाढ़ प्रभावित परिवार भोजन कर रहे थे। डीएम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की तथा भोजन की गुणवत्ता के बारे में पूछा, जिसपर लोगों ने बताया कि खाना अच्छा है और समय से भोजन मिलता है। जिलाधिकारी ने राहत कैंप में लगे स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया तथा दिए जा रहे उपचार की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता/मदद हेतु पुलिस- प्रशासन कटिबद्ध है। किसी को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

लक्ष्मी गार्डन मैरिज होम के निरीक्षण के उपरांत डीएम ने ग्राम पंचायत बेगमपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामवासियों से वार्ता की। उन्होंने बर्बाद फसलों एवं क्षतिग्रस्त मकानों का जायजा लिया। लेखपालों को ससमय फसलों एवं मकानों के सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी को मिलेगा मुआवजा। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय बेगमपुर में स्थापित शेल्टर होम / बाढ़ शरणालय स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से भोजन, पानी आदि मूल-भूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कैंप का जायजा लिया तथा दवाओं का अवलोकन किया। बेगमपुर निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह स्टीमर के माध्यम से वृंदावन एमएमस्थित देवरहा बाबा आश्रम पहुंचे। उन्होंने गौशाला में गौवंशों हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही द्वारा अवगत कराया गया कि गौशाला में गौवंशो हेतु चुनी, चोकर, खल आदि की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी गौवंश भूखा नहीं रहना चाहिए, सभी के लिए हरा- चारा, भूसा आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने पैदल तथा ट्रैक्टर के माध्यम से वृंदावन परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने आम-जनमानस से समस्याएं पूछी तथा अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी को बताया कि यमुना जी का जलस्तर निरंतर घट रहा।

## उद्योगपतियों संग विकसित समग्र उप्रा 2047 का आयोजन हुआ

**फिरोजाबाद।** प्रमुख सचिव राजनैतिक पेंशन नागरिक सुरक्षा प्राशनिक सुधार, लोक सेवा प्रबंधन अल्पसंख्यक कल्याण संयुक्ता समद्दार की उपस्थिति में साथ ही शासन से चयनित प्रबुद्धजनों सेवानिवृत्त आई पी एस सतीश कुमार माथुर, सेवानिवृत्त आईएफएस डॉ. राजीव मिश्रा सेवानिवृत्त पूर्व विभागाध्यक्ष रसायन विभाग आगरा डॉ. एस सी अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्रो. कृषि वैज्ञानिक डॉ. आशा यादव सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता यूपीपीसीएलए रवि प्रकाश दुबे के साथ-साथ जिलाधिकारी रमेश रंजन मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य समस्त जनपद के उद्योगपतियों के साथ पैराडोर हॉटल में एक सेमीनार 2047 का विकसित उप्र समग्र उप्र 2047 का आयोजन हुआ, यह आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है, जो तीन थीमों पर आधारित है, अर्थ शक्ति सृजन शक्ति और जीवन शक्ति एवं इसे 12 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, कृषि, पशुधन संरक्षण औद्योगिक विकास आईटी इमर्जिंग प्रौद्योगिकी पर्यटन नगर व ग्राम्य विकास अवस्थापना संतुलित विकास, समाज कल्याण स्वास्थ्य शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन इसी के मददेनजर आज उद्योगपतियों ने इस महत्वपूर्ण उददेश्य में अपना योगदान के देने के लिए अपने अमूल्य विचारों को रखा, जिसमें उद्योगपति शैलेश कुमार का कहना था कि हस्तशिल्प और छोटे उद्यमियों के एक ऐसा प्लैटफॉर्म तैयार किया जाए जहां पर हम अपनी समस्याओं और विचारों को रख सके, वहीं उद्यमी राजीव दीक्षित ने कहा कि उद्योगों को बढाने के लिए आज तकनीकी हस्तांतरण की आवश्यकता है, तभी हम इस वैश्विक प्रतिस्पर्धा में हम अपने आपको कायम रख पायेंगे, इसी तरह उद्यमी राजेन्द्र गुप्ता ने टैक्नोलोजी अपग्रेडेशन की बात कही, साथ ही उद्यमियों ने एक एडवायजरी कमेटी गठित करने की बात कही जो प्रशासन और उद्यमियों के बीच समन्वय को बढावा देगा, साथ ही उद्यमियों ने जिलाधिकारी को खाद्य प्रसंस्करण को एक जनपद एक उत्पाद में शामिल करने की बधाई दी, साथ ही उन्होने डीएम से अपील की की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को और बढाया जाए जिससे जिलें में कांच उद्योग के समान ही इस उद्योग को भी मजबूती मिल सके, अंत में आईपीएस सतीश कुमार ने कहा कि आप सब उद्यमियों का सुझाव हमारें लिए अमूल्य है, क्योंकि संवाद से नवीन विचार और नवीन विचार से प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है, उन्होने कहा कि उप्र को 6 ट्रिलियन इकोनोमी बनाने हेतु हमे अभी से प्रयास करना होगा।

## महावन व गोकुल क्षेत्र यमुना जल में डूबा

**मथुरा।** यमुना नदी के बढ़ते जल स्तर ने महावन और गोकुल क्षेत्र में विकराल रूप धारण कर लिया है। बाढ़ का पानी रमणरेती आश्रम तक पहुंच गया, जहां परिसर में करीब चार से पांच फीट पानी भर गया। संतों की कुटियाएं और मंदिर का जगमोहन भी जलमग्न हो गए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए आश्रम प्रशासन और प्रबंधन ने आवागमन को नियंत्रित कर दिया है।

● गुरु शरणानंद महाराज कर रहे है यमुना पूजन और नौका बिहार

साधु-संतों का स्नान और यमुना पूजन आश्रम में साधु-संतों ने यमुना मां के जल में स्नान कर विशेष पूजा-अर्चना की। पीठाधीश्वर गुरु शरणानंद महाराज ने शिष्यों के साथ मंत्रोच्चारण करते हुए यमुना पूजन किया और नौका विहार कर बाढ़ के विकराल रूप का दर्शन किया। आश्रम की विशेष आकर्षण हथिनी राधा ने भी यमुना में स्नान कर जमकर लुफ्त उठाया। उसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। श्रद्धालु मान रहे दैवीय आशीर्वाद आश्रम व्यवस्थापक हरदेवानंद महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की पटरानी यमुना महारानी स्वयं अपने आराध्य रमन बिहारी के दर्शन करने आई हैं। यह वही पावन धरा है, जहां कृष्ण बाल्यकाल में अपनी लीलाओं से ब्रजवासियों को आनंदित करते थे। आज यमुना मां ने अपने आगोश में पूरे आश्रम को समेट लिया है।

चिंताहरण महादेव मंदिर और गोकुल मार्ग भी पानी में डूबा महावन के चिंताहरण महादेव मंदिर में भी यमुना का जल प्रवेश कर गया है। मंदिर प्रांगण में पहुंचे श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा-अर्चना की और मां यमुना के आगमन को विशेष अवसर बताया। गोकुल से चिंताहरण महादेव तक जाने वाला मार्ग कई स्थानों पर ढाई फीट तक पानी में डूबा दिखाई दिया। इस कारण यातायात बाधित हो गया और प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात कर दिया है।

महावन और आसपास का क्षेत्र इस समय चारों ओर पानी से घिरा हुआ है। हालांकि श्रद्धालु इसे आपदा नहीं, बल्कि दैवीय कृपा मानते हुए आनंदित हो रहे हैं।

# स्वस्थ और सुखी रहना है तो प्रकृति से छेड़छाड़ न करें: अनिता




● संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित हुई ऋषि विद्या कृषि विद्या पर कार्यशाला

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के संतोष मैमोरियल सभागार में संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पिटल तथा स्कूल ऑफ एग्रिकल्चर के संयुक्त तत्वावधान में अर्चना योगायतन, नई दिल्ली के द्वारा ऋषि विद्या कृषि विद्या पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि श्रीमती अनिता चतुर्वेदी ने कहा कि आज प्रकृति से छेड़छाड़ करने का बहुत बुरा परिणाम हमारी मानवता पर पड़ रहा है। पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है और जब तक हम अपनी प्रकृति की रक्षा नहीं करेंगे तब तक यह स्थिति नहीं बदलेगी।

अनेक समाजिक संस्थाओं से जुड़ी श्रीमती अनिता ने बताया कि मैं अपने जीवन में भी अधिक से अधिक प्रकृति प्रदत्त चीजों का इस्तेमाल करती हूं। भारतीय आयुर्वेद हमारे ऋषियों की देन है, हम सबको उसके अनुसार अपने जीवन को स्वस्थ बनाए रखने में बड़ी मदद मिल सकती है। आज सारा विश्व जब आयुर्वेद को बड़ी उम्मीद के रूप में देख रहा है। अपने प्राचीन व परम्परागत प्राकृतिक विज्ञान के माध्यम से ही शुद्ध आहार उपलब्ध हो सकता है जिससे हम सभी स्वस्थ रहते हुए समाज में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर कृषि विभाग मथुरा के सत्यवीर जी ने प्राकृतिक कृषि विद्या को अपनाने तथा उसे सामान्य कृषक तक इस कृषि विद्या को पहुंचाने पर बल दिया।

अर्चना योगायतन, नई दिल्ली के निदेशक और योग गुरु डॉ सत्यनारायण यादव ने प्राकृतिक यौगिक शैली का सभागार में उपस्थित सभी लोगों को अभ्यास कराया एवं व्यावहारिक और परम्परागत विज्ञान के बारे में बहुत उपयोगी जानकारियां दी। इस अवसर पर पी.जी. संकायाध्यक्षा डॉ अनीश तथा कालेज के सभी गणमान्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में छात्रों व प्राध्यापकों द्वारा परिसर में पौधरोपण किया गया।

# डीएम ने किया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा



**फिरोजाबाद।** यमुना के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर डीएम रमेश रंजन ने जनपद के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया, इस क्रम में सर्वप्रथम वह तहसील सदर के ग्राम मडुआ में बाढ़ की स्थितियों का जायजा लेने गए, इसके पश्चात टूंडला क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद का भ्रमण किया, इस दौरान डीएम के साथ एडीएम विशु राजा एसडीएम फिरोजाबाद, एसडीएम टूंडला, एक्स ई एन विद्युत फिरोजाबाद और टूंडला, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी खंड विकास अधिकारी फिरोजाबाद एवं टूंडला इत्यादि मौजूद रहें, डीएम ने निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी स्थितियों का जायजा लिया, ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन की तरफ से उन्हें संपूर्ण मदद पहुंचाई जा रही है। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को यहां पर राहत शिविर में संपूर्ण व्यवस्थाएं संपन्न कराने, नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं जैसे भोजन, पानी, कपड़ा और दवा के वितरण करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने नागरिकों को हिदायत दी कि बाढ़ के पानी में अनावश्यक रूप से न तैरे और न जाएं, इस दौरान डीएम ने कहा चिकित्सीय टीम सदैव सक्रिय रहे, पशुओं के लिए भूसा और चारे की व्यवस्था रहे, आपदा स्थितियों के लिए राशन की टीम को तैयार रहने के लिए कहा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस दौरान पशुओं को मुहपका और खुरपका बीमारियों की संभावना रहती है, इसलिए सभी पशुओं को टीका लगाया जाए, डीएम ने कहा कि जिन किसानों की फसलों का नुकसान हुआ है, उन्हें मुआवजा भी प्रदान किया जाएगा, साथ ही उपस्थित ग्राम वासियों से अपील की कि नदी के लिए जो आरक्षित भूमि है, उस पर कदापि घर इत्यादि न बनाएं, अन्यथा की स्थिति में आगे चलकर आपको मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है, साथ ही उन्होंने समस्त ग्राम वासियों को यह आश्वासन दिया कि प्रशासन आपके साथ 24 घंटे है, आप किसी भी स्थिति में परेशान न हो आपकी समस्याओं का हल करने के लिए प्रशासन सदैव तत्पर है। अंत में जिलाधिकारी बहुउददेशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति टूण्डली का भी निरीक्षण करने गए, वहां उन्होने खाद का स्टॉक वितरण रजिस्टर भी देखा और निर्देशित किया कि किसानो को खाद खतौनी के अनुसार ही वितरण की जाए।

## जिपं अध्यक्ष व विधायक ने बांटी राशन सामग्री, किसानों की सुनीं समस्याएं

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** आज जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी गोर्वधन विधायक ठाकुर मेघशाम सिंह ने ग्राम नगला खारी में जलभराव से प्रभावित किसानों को राशन सामग्री वितरित की और उनकी समस्याओं को सुना तथा हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया और गोर्वधन उपजिलाधिकारी प्राजक्ता त्रिपाठी से पीड़ित किसानों और ग्रामीणों के बारे में जानकारी ली।

राशन सामग्री वितरित कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने मौजूद किसान और ग्रामीणों से कहा उनके नुकसान के लिए प्रशासन सर्वे कर रहा है और उनका प्रयास होगा कि लोगों को समय रहते पर्याप्त मदद मिल पाये। उन्होंने ग्रामीणों से जलभराव और बाढ़ से हुए नुकसान की भी जानकारी ली और कहा कि अगर लेखपाल जांच में कोई हीलाहवाली करें तो इसकी सूचना उन्हें दी जाये ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके।

गोर्वधन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने कहा हम गोर्वधन विस के सभी इलाकों में पूरी कोशिश कर रहे हैं कि पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द मदद मिले, उन्होंने आश्वासन दिया कि हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए हम तत्पर है। कोई भी किसान परिवार स्वयं को अकेला न समझे।

राशन सामग्री वितरित कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी और विधायक ठाकुर मेघश्याम ने नगर पंचायत सौंख अध्यक्ष योगेश लंबरदार, उपजिलाधिकारी प्राजक्ता त्रिपाठी से पीड़ित किसानों की जानकारी ली। राशन किट वितरण के दौरान सैकड़ों की संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।

# एलुमनी ने वृद्ध आश्रम में दवाइयां वितरित कीं



**टूंडला।** एलुमनी एसोसिएशन ने आगरा स्थित रामलाल वृद्ध आश्रम में बीमार बुजुर्गों को दवाइयां वितरित की। साथ ही एसोसिएशन के पदाधिकारियों को अपने माता-पिता की सेवा करने का संकल?प दिलाया। एसोसिएशन के अध?यक्ष डॉ.संजीव जैन ने कहा कि वृद्ध आश्रम में दवाइयां वितरित करना यह पहल न केवल बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए सहायक है, बल्कि सेवा और मानवता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। बुजुर्ग हमारे अनुभव, संस्कार और ज्ञान के स्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि उनके प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करना ही हमारी असली पहचान है। इस छोटे से प्रयास के माध्यम से हम सभी को यह संदेश देना चाहते हैं, हम अपने बुजुर्ग माता-पिता का ख्याल रखें। कार्यक्रम में सचिव शुभम अग्रवाल, कोषाध?यक्ष मुनीश गुप्ता, संचार निदेशक अंकित जैन राजेश सिंह ऋषभ गुप?ता, कुनाल जैन राजीव वाष?णेंय, डॉ.अनुशील वाष?णेंय सुभत जैन, परितोष सिंह, अश्र्वनी पालीवाल, रितेश गुप?ता आदि उपस्थित रहे।

## डीएम का फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाया

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह का किसी अज्ञात असामाजिक तत्व ने फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बना लिया है। इस अकाउंट में विदेशी मोबाइल नंबर $84922565694 का प्रयोग किया जा रहा है और डीएम की फोटो भी प्रोफाइल में लगाई गई है। डीएम ने आमजन को सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अकाउंट पूरी तरह फर्जी है और इसका उनसे कोई संबंध नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस तरह के संदेशों या मांगों पर विश्वास न करें। प्रशासन की ओर से इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है और साइबर सेल जांच में जुट गई है।

## बेस्ट वेस्टर्न होटल का गूगल माय बिजनेस प्रोफाइल हैक, डेढ़ लाख की चपत

**मथुरा।** वृन्दावन छटीकरा रोड स्थित होटल बेस्ट वेस्टर्न का गूगल माय बिजनेस प्रोफाइल अकाउंट हैक कर लिया गया है। जिससे ग्राहकों के साथ न सिर्फ धोखाधड़ी हो रही है बल्कि होटल को लगभग डेढ़ लाख रुपए का चूना भी लग चुका है। होटल के महाप्रबंधक प्रशांत दुबे ने बताया कि उनके होटल का गूगल माय बिजनेस अकाउंट दो बार हैक हो चुका है एक बार शिकायत करने पर इसे गूगल द्वारा ठीक कर दिया गया। इसके बाद इसे पुनः हैक कर दिया गया जो गूगल की टीम द्वारा अभी तक ठीक नहीं किया जा सका है। दर्ज एफआईआर में उन्होंने बताया कि होटल की प्रतिष्ठा को धूमिल कर ग्राहकों को किसी फ्रॉड व्यक्ति द्वारा चूना लगाया जा रहा है। अब तक लगभग डेढ़ लाख रुपए का फ्रॉड होटल के नंबर किया जा चुका है। इस मामले में पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा 66डी के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हाईस्कूल के छात्र ने फांसी लगायी, मौत

**मथुरा।** थाना सुरीर क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहाँ संयुक्त परिस्थितियों के चलते एक किशोर ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। सुरीर कस्बे के रहने वाले हाईस्कूल छात्र 17 वर्षीय कृष्णकांत पुत्र कैलाश ने सोमवार की रात अपने घर के अंदर बने कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों के मुताबिक, रात में कृष्णकांत अकेले कमरे में सो रहा था, जबकि अन्य सदस्य दूसरे कमरे में थे। जब सुबह परिवारजन उठे तो उन्होंने कमरे का दरवाजा खुला पाया और कृष्णकांत को फांसी के फंदे पर लटका देख स्तब्ध रह गए। यह दृश्य देखकर घर में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर थाना प्रभारी अभय शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतारकर कब्जे में ले लिया। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच की गई और आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए गए। इसके बाद शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि कृष्णकांत अभी हाईस्कूल की पढ़ाई कर रहा था। उन्होंने कहा कि अचानक उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका कारण परिवार को समझ नहीं आ रहा है। बेटे की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। परिजनों से पूछताछ के साथ-साथ अन्य बिंदुओं पर भी पड़ताल की जाएगी।

## हर परिवार से एक सुझाव जरूरी, नागरिकों की सहभागिता से बनेगा विकसित उत्तर प्रदेश




**मथुरा।** समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान कार्यक्रम जी.एल.ए. यूनिवर्सिटी के सभागार एवं संस्कृति विश्वविद्यालय में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम सेवानिवृत्त (आईएएस) जीवेश नन्दन एवं सेवानिवृत्त (आईपीएस) आनन्द कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के उपरांत सभागार में उपस्थित सभी लोगों को समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान से संबंधित फिल्म को दिखाया गया। सेवानिवृत्त आईएएस जीवेश नन्दन ने विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, शताब्दी संकल्प 2047 (समृद्धि का शताब्दी पर्व) विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना विकसित भारत 2047 केवल एक लक्ष्य नहीं बल्कि राष्ट्र की सामूहिक यात्रा है, जिसमें उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। नन्दन ने कहा कि वर्ष 2017 से 2025 के बीच सुरक्षा, सुशासन और विकास की ठोस नींव रखी गई है तथा विजन यूपी 2047 के अंतर्गत व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। गोष्ठी के प्रमुख थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति व जीवन शक्ति रहा। इस अवसर पर जीएलए यूनिवर्सिटी के छात्र ने कहा कि हमें वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में कार्य करना चाहिए, जापान का मॉडल अपनाते हुए वेस्ट मैनेजमेंट करना चाहिए। वहीं संस्कृति विवि में से०नि० विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र आगरा अरूणोदय बाजपेयी जी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आम लोगों से यह जानना है कि वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश का विजन कैसा होना चाहिए। इसी आधार पर शासन ने प्रबुद्धजनों को जिले में भेजा है ताकि हर वर्ग से सुझाव प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए प्रत्येक परिवार से कम से कम एक सुझाव आना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1947 में प्रदेश की स्थिति क्या थी और आज क्या है, यह सबके सामने है। जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष 2047 मनाएगा, तब तक प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाना हमारा साझा लक्ष्य है। कार्यक्रम में जीएलए यूनिवर्सिटी के वीसी अनूप गुप्ता, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, डिप्टी कलेक्टर आदेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर रघुवेंद्र शर्मा सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दिव्या द्वारा किया गया।

## श्री नारायण दिव्यांग सेवा समिति ने सीएम के नाम मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपा

**फिरोजाबाद।** श्री नारायण दिव्यांग सेवा समिति द्वारा दिव्यागों से संबंधित विभिन्न समस्याओं और मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उप जिलाधिकारी मुख्यालय को एक ज्ञापन सौंपा। समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार प्रजापति ने बताया कि, मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में अंतोदय राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के साथ साथ असहाय व गरीब दिव्यागों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलवाए जाने, प्रत्येक सरकारी कार्यालय में व्हीलचेयर व रैम की व्यवस्था किए जाने, मूक बधिर विद्यालय खुलवाए जाने आदि की मांग की गई है। अन्यथा की स्थिति में रणनीति बनाते हुए सभी, धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से लाल शर्मा दिनेश चंद्र राठौर, डॉक्टर नवीन विद्यार्थी रविकांत मीना इंदिरा नीतू, प्रीति निशा व अन्य उपस्थित रहे।

## मनीष दयाल को जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया सम्मानित

**मथुरा।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा गुरु जन शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन राजकीय विद्यालय लोहवन के सभागार में किया गया। मनीष दयाल को मा. शिक्षा विभाग द्वारा सम्मान समारोह में जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र सिंह तथा एडीआईओएस यशपाल सिंह ने उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। मनीष दयाल को यह सम्मान उनकी शिक्षा जगत में अमूल्य निष्ठा, योगदान के साथ साथ समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान व सेवा कार्यों के लिए प्रदान किया गया। शिक्षक तथा सदभावना फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष दयाल समर्पित व निष्ठावान शिक्षक की भूमिका निभाने के साथ-साथ कई वर्षों से समाज में महिला सशक्तिकरण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, यातायात, पर्यावरण के क्षेत्र मेंअपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्हें डीआईओएस ने अंगवस्त्र ओढा कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# संयुक्त प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता (vol)

**फिरोजाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार सिविल लाइन में बेसिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के शिक्षकों राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिकों व प्रबुद्धजनों साथ संयुक्त प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शस्त्रोहन वैश्य सीडीओ सतीश कुमार माथुर, सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईपीएस, रवि प्रकाश दुबे, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता यूपीपीसीएल, राजीव कुमार मिश्रा सेवानिवृत्त आईएफएस के साथ-साथ धीरेंद्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एमपी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी एवं बेसिक माध्यमिक व उच्च शिक्षा से शिक्षक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया तथा अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। परिचय सत्र के पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण देते हुए 3 मुख्य सुझाव दिये गये, जिसमें जनपद स्तर पर एक जिला शिक्षा अधिकारी के साथ बेसिक, माध्यमिक उच्च व तकनीकी शिक्षा हेतु पृथक-पृथक अधिकारी की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, जिससे विद्यालयों के पर्यवेक्षण में सुगमता होगी, सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की तर्ज पर प्री-प्राइमरी से कक्षा-12 तक प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर विद्यालय संचालन एवं प्रत्येक कक्षा कक्ष को डिजिटल क्लास रूम के रूप में स्थापित किये जाने के सुझाव दिये गये। इसी के साथ जनपद के एसआरजी जया शर्मा सुभाष चंद्र व नरेश बाबू राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कमलकान्त पालीवाल संजय लालई लुबना वसीम के साथ-साथ कल्पना राजौरिया आदि शिक्षकों द्वारा बेसिक शिक्षा पर अपने सुझाव दिये गये। माध्यमिक शिक्षा विभाग से सोनम सेठ, प्रधानाचार्य रेवती देवी गर्ल्स इ.का. प्रमोद यादव प्रधानाचार्य पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज नसीरपुर योगेन्द्र सिंह सहायक अध्यापक राजकीय हाई स्कूल नारखी नन्दिनी यादव प्रधानाचार्य आईवे इण्टरनेशल विद्यालय आदि के द्वारा माध्यमिक शिक्षा के सम्बन्ध में सुझाव दिये गये। संध्या द्विवेदी असि.प्रो. एमजी गर्ल्स कालेज फिरोजाबाद द्वारा उच्च शिक्षा से संबंधित सुझाव दिये गये। कार्यक्रम में आये सेवानिवृत्त प्रबुद्धजनों द्वारा शिक्षकों को प्रेरित किया गया कि जो शिक्षक अच्छा कार्य कर रहे हैं, उनसे अन्य शिक्षक भी प्रेरणा लें, सीएसआर के साथ-साथ विधायक सासंद निधि से विद्यालयों में कार्य करायें, जिससे सरकार के पैसे का सदुपयोग हो सके। किसी भी देश के समृद्ध होने का आधार मात्र शिक्षा ही है, जिस कारण देश के विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका होने के कारण उनके दायित्व भी स्वतः ही बढ़ जाते हैं। शिक्षक समाज को एक नई दिशा प्रदान करते हुए विकसित भारत बनाने में महती भूमिका दें।



संक्षेप

## सैमसंग की गैलेक्सी टैब एस11 लॉन्च

नयी दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेडने आज गैलेक्सी टैब एस11 अल्ट्रा और गैलेक्सी टैब एस11 को लॉन्च किया है। ये दोनों टैबलेट अब तक का सबसे इंटेलीजेंट और एडवांस्ड टैबलेट अनुभव देते हैं। लेटेस्ट गैलेक्सी एआईद्वारा संचालित, जिसे अब वन यूआई8 और नई मल्टीमॉडल सुविधाओं के साथ और बेहतर बनाया गया है, गैलेक्सी टैब एस11 अल्ट्रा अब तक का सबसे पतला गैलेक्सी टैब है। यह बिना परफॉर्मेंस से समझौता किये बगैर एक प्रीमियम टैबलेट का नया अनुभव देता है। यह सीरीज चलते-फिरते आसान काम के लिए बनाई गई है, जो शक्तिशाली हार्डवेयर को बड़ी स्क्रीन के लिए बेहतरीन अनुभवों के साथ जोड़ती है। गैलेक्सी टैब एस11सीरीज एआईतकनीक को शक्तिशाली हार्डवेयर के साथ एक शानदार मल्टीटास्किंग अनुभव देती है।

## कोटक कन्या छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत 500 नई छात्रवृत्तियाँ शुरू

नयी दिल्ली। कोटक एजुकेशन फाउंडेशन, जो कोटक महिंद्रा ग्रुप की सीएसआर शाखा है, यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है कि कोटक कन्या छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत 500 नई छात्रवृत्तियाँ शुरू की जा रही हैं। यह कार्यक्रम लगातार पांचवें वर्ष मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं को उनके उच्च शिक्षा के सपनों को पूरा करने की दिशा में सशक्त बना रहा है। 2021 से अब तक कोटक कन्या छात्रवृत्ति ने 24 राज्यों में 1,025 से अधिक छात्राओं को प्रभावित किया है, जिनमें केवल 2024 में 500 नई छात्राएँ शामिल हुईं। कोटक एजुकेशन फाउंडेशन गहन छात्र सहभागिता और फिनिशिंग स्कूल गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं का समग्र विकास सुनिश्चित करता है।

## सुपर.मनी ने जॉन्टी रोड्स के साथ लॉन्च किया कैंपेन

नई दिल्ली। यूपीआई प्लेटफॉर्म सुपर.मनी ने लीजेंडरी क्रिकेटर जॉन्टी रोड्स के साथ नई डिजिटल कैंपेन लॉन्च की है। कंपनी ने जॉन्टी रोड्स को अपना कैशबैक कैचर बनाया है। हर बार कुछ खर्च करते हुए यूजर्स को सीधे एवं भरोसेमंद कैशबैक के साथ कुछ पाने की खुशी हो। जॉन्टी रोड्स ने इस में इसी भावना को जीवंत किया है, जो हमेशा सक्रिय और सतर्क रहते हैं, तथा उस चीज के लिए डाइव लगाते हैं, जो सच में रिवार्डिंग है।

## सोलर रूफटॉप सिस्टम लॉन्च

बंगलुरु। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस कदम बढ़ाते हुए शक्ति एनर्जी सॉल्यूशन्स ने अपनी नेक्स्ट जनरेशन के सोलर रूफटॉप सिस्टम पेश किए, जो मेड इन भारत, मेड फॉर भारत की सोच के साथ विकसित किए गए हैं सोलर रूफटॉप हाई क्वालिटी सोल्यूशन है, जिसे मेड इन भारत, मेड फॉर भारत की फिलॉसफी के अंतर्गत डिजाइन किया गया है। ये प्रणालियाँ खासतौर पर भारतीय मौसम के अनुसार बनाई गई हैं। अपडेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से ग्राहक अब रियल-टाइम में ऊर्जा उत्पादन को ट्रैक कर सकेंगे, जिससे पारदर्शिता, कार्यक्षमता और स्मार्ट एनर्जी मैनेजमेंट संभव होगा। इसकी विश्वसनीय विरासत पर आधारित तेजी से उद्योग में भरोसेमंद ब्रांड के रूप में उभर रही है, जो सोलर पैनल, इन्वर्टर और मॉड्यूल माउंटिंग स्ट्रक्चर, सब कुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध करा रही है।

## रॉयल ग्लिट्ज में नजर आयेंगी दीपिका

बंगलुरु। एशियन पेंट्स, अपने लग्जरी ब्रांड रॉयल ग्लिट्ज को प्रीमियम वॉल फि निश से अब एक संपूर्ण होम डेकॉर के तौर पर उभार रही है। यह जर्नी जीवंत हो उठती है जब ब्रांड एंबेसडर दीपिका पादुकोण एक नए कैंपेन में नजर आती हैं और इसी के साथ वह पर्दे पर अपनी वापसी भी कर रही हैं, जिसका लोग लंबे अरसे से इंतजार कर रहे थे । यह अभियान उन सामान्य पेंट की श्रेणियों से कहीं आगे है, जहां आमतौर पर शेड्स और फिनिश पर ही ध्यान केंद्रित होता है। यह रॉयल ग्लिट्ज को केवल एक लग्जरी पेंट से कहीं बढ़कर स्थापित करता है - जहां यह हर डिजाइन स्टोरी का स्टार्टिंग पॉइंट बन जाता है।

## क्लासिक लीजेंड्स ने की नयी कीमतों की घोषणा की

बंगलुरु। क्लासिक लीजेंड्स ने जावा-यज्दी मोटरसाइकिलों के तहत अपनी मशहूर परफॉर्मेंस क्लासिक्स की नई कीमतों की घोषणा की। इनमें से एडवेंचर, रोडस्टर, बॉबर से लेकर स्क्रैम्बलर तक ज्यादातर मोटरसाइकिलें अब 2 लाख रुपये से कम कीमत पर उपलब्ध होंगी। दशकों पहले, नीतिगत बदलाव के चलते 2-स्ट्रोक मोटरसाइकिलों पर प्रतिबंध लग गया था, जिन्हें पर्यावरण के लिए अनुपयुक्त माना गया। इसी के साथ भारत में जावा और यज्दी की यात्रा थम गई थी।

# सेंसेक्स में 314 अंकों की उछाल

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में लिवाली और अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 314 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 95 अंक की बढ़त रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन बढ़त में रहा और 314.02 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,101.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.07 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित सूचकांक निफ्टी 95.45 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 24,868.60 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवा कारोबारी सत्र है जब निफ्टी में बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से देश की दूसरी बड़ी



आईटी सेवा कंपनी इन्फोसिस के शेयर में 5.03 प्रतिशत की तेजी रही। कंपनी ने कहा कि उसका निदेशक मंडल 11 सितंबर को इक्विटी शेयर की पुनर्खरीद के प्रस्ताव पर विचार करेगा। इसके अलावा टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी तेजी बनी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट और एनटीपीसी शामिल हैं। शेयर पुनर्खरीद के बारे में इन्फोसिस के विचार करने की घोषणा से आईटी शेयरों में तेजी का रुख रहा और इसके दम पर बाजार चढ़कर बंद हुआ। आईटी शेयरों में निवेशक धारणा सकारात्मक रहने से यह क्षेत्र सबसे आगे रहा। इन्फोसिस की घोषणा के बाद आईटी शेयरों में आए उछाल को अमेरिका में ब्याज दर की संभावित कटौती से भी समर्थन मिला। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.22 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.20 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार सूचकांकों में केंद्रित आईटी खंड सर्वाधिक 2.89 प्रतिशत चढ़ गया जबकि आईटी खंड में 2.76 प्रतिशत और प्रौद्योगिकी खंड में 2.18 प्रतिशत की तेजी रही। वहीं तेल एवं गैस, रियल्टी, ऊर्जा खंड में गिरावट रही। जीएसटी दरों में बदलाव की घोषणा के बाद वाहन कंपनियों के शेयरों में आए उछाल के बाद मुनाफावसूली हावी हो गई। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बाजार धारणा एक दायरे में ही रहने की संभावना है। यूरोपीय बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। सोमवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## सोना 5,080 रुपये की छलांग के साथ 1.12 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नये शिखर पर

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूती के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 5,080 रुपये की छलांग के साथ अबतक के उच्चतम स्तर।,12,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को।,07,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,800 रुपये उछलकर रिकॉर्ड।,28,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछली कारोबारी सत्र में यह।,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक बाजार में मंगलवार को सोना उछलकर 3,659.27 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इसके बाद यह 3,652.72 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था,



जो 16.81 डॉलर यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में पिछले सप्ताह आए कमजोर रोजगार आंकड़ों से मौद्रिक नीति में नरमी की संभावना बढ़ी है, जिससे निवेशकों का रुझान सोने जैसे सुरक्षित निवेश साधन की तरफ बढ़ा है। इसके अलावा डॉलर की कमजोरी ने भी कीमती धातुओं को सहारा दिया। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत गिरकर 97.29 पर आ गया।

## व्यापारिक तनाव घरेलू मिश्र लौह धातु क्षेत्र के लिए खतरा: आईएफएपीए

नयी दिल्ली। शीर्ष उद्योग निकाय आईएफएपीए ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ता व्यापार तनाव घरेलू मिश्र लौह धातु क्षेत्र के लिए एक बड़ा खतरा हैं, और इस संबंध में सरकार को हस्तक्षेप करने की जरूरत है।

इस्पात विनिर्माता सिलिको मैंगनीज और फेरो क्रोम जैसे मिश्र लौह धातु का उपयोग डीऑक्सीडाइजर और अलॉयज़ एजेंट के रूप में करते हैं, ताकि उत्पाद की कठोरता, मजबूती और घिसाव प्रतिरोध जैसे गुणों में सुधार हो सके। भारतीय मिश्र लौह धातु उत्पादक संघ (आईएफएपीए) के चेयरमैन मनीष सारदा ने बताया, घरेलू मिश्र लौह धातु उद्योग ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी उत्पादक क्षमता के साथ ही निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर कमजोर होता इस्पात उत्पादन, व्यापार बाधाएं तथा सुरक्षा उपाय और आगामी कार्बन सीमा कर विशेष रूप से भारतीय निर्यात के लिए एक बड़ा खतरा हैं। उन्होंने कहा कि भारत मैंगनीज मिश्र लौह धातुओं का दुनिया का शीर्ष निर्यातक और फेरो क्रोम का तीसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। बिगमिंट के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने पिछले पांच वर्षों में अपनी मिश्र लौह धातु विनिर्माण क्षमता को लगभग दोगुना करके 31 मार्च, 2025 तक 80 लाख टन कर दिया।

## डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे टूटकर 88.12 पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 88.12 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और वैश्विक व्यापार तनाव के बीच रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत पर अमेरिकी शुल्क की चिंताओं और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के कारण रुपया दबाव में रहा। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी ने भी निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 87.98 पर खुला और कारोबार के दौरान 88.19



के निचले स्तर पर पहुंच गया। लेकिन कारोबार के अंत में 88.12 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को, रुपया डॉलर के मुकाबले तीन पैसे बढ़कर 88.09 रुपये पर बंद हुआ था। दो सितंबर को डॉलर के मुकाबले रुपये 88.15 के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। महाराष्ट्र सरकार ने ईद-ए-मिलाद के अवसर पर पांच सितंबर की बजाय आठ सितंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था, इसलिए सोमवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद रहा। हमारा अनुमान है कि रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा क्योंकि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क का मुद्दा रुपये पर दबाव बना रह सकता है। हालांकि, कुछ नरमी के संकेत दिख रहे हैं, लेकिन जब तक कोई घोषणा नहीं होती, बाजार की कारोबारी धारणा प्रभावित रह सकती है। ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच अमेरिकी डॉलर सूचकांक में कमजोरी, रुपये को निचले स्तरों पर सहारा दे सकती है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति से पहले निवेशक सतर्क रह सकते हैं।

## सेबी ने इनविट नियमों में संशोधन किया, न्यूनतम निवेश सीमा घटायी

एजेंसी

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने निजी तौर पर नियोजित बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट) के लिए प्राथमिक बाजार में न्यूनतम आवंटन लॉट को घटाकर 25 लाख रुपये करने के नियमों को अधिसूचित किया है।

इसके साथ यह द्वितीयक बाजार में कारोबार लॉट के आकार के अनुरूप हो गया है। इससे पहले, निजी तौर पर नियोजित इनविट के लिए प्राथमिक बाजार में न्यूनतम आवंटन लॉट परिसंपत्ति मिश्रण के आधार पर एक करोड़ रुपये या 25 करोड़ रुपये था। हालांकि, मिश्रित परिसंपत्तियों पर गौर किए बिना द्वितीयक बाजार में कारोबार लॉट का आकार पहले ही घटाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया था।

यह संशोधन सभी निजी तौर पर नियोजित इनविट के लिए प्राथमिक बाजार में 25 लाख रुपये का एक समान न्यूनतम आवंटन आकार रखता है। यह इसे द्वितीयक बाजार के मानदंडों के अनुरूप बनाता है। साथ ही, नियामक ने एक सितंबर की अलग-अलग अधिसूचनाओं के माध्यम से नियमों में संशोधन कर बुनियादी ढांच निवेश ट्रस्ट (इनविट) और रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) की गतिविधियों के लिए व्यापार करने में सुगमता को बढ़ाया है।

## साझा व्यवस्था पर काम जारी: इजराइल

नयी दिल्ली। भारत के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौता करने के बाद इजराइल यूपीआई से संचालित लेनदेन को मंजूरी देने वाली एक साझा व्यवस्था पर काम कर रहा है। इजराइल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

भारत और इजराइल ने सोमवार को द्विपक्षीय निवेश समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर दोनों देशों के वित्त मंत्री मौजूद थे। इजराइल के वित्त मंत्रालय के महालेखाकार याली रॉथेनबर्ग ने खास बातचीत में कहा कि भारत के साथ निवेश समझौता केवल शुरुआत है और भविष्य में भारत के साथ अन्य आर्थिक समझौतों को बढ़ावा देने पर भी ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इजराइल, भारत के साथ एक वित्तीय प्रोटोकॉल पर काम कर रहा है, जिससे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए बेहतर वित्तपोषण उपलब्ध हो सके। रॉथेनबर्ग ने कहा कि इजराइल और भारत के बीच यूपीआई-आधारित भुगतान प्रणाली के लिए जल्द ही एक समझौता लागू किया जा सकता है। इसके तहत भारतीय नागरिक इजराइल में रुपये में भुगतान कर सकेंगे, जबकि इजराइली नागरिक भारत में अपनी स्थानीय मुद्रा में लेन-देन कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि यूपीआई से संचालित लेनदेन की व्यवस्था 2026 की पहली तिमाही के अंत तक चालू हो सकती है।

## कैनन इंडिया का रिटेलर उत्सव लॉन्च

कोलकाता। कैनन इंडिया ने रिटेल उत्सव का लॉन्च किया है। यह पार्टनर्स के बीच पहुँचने का एक अत्यधिक प्रभावशाली और विस्तार योग्य कार्यक्रम है, जिसमें 45 से अधिक शहरों के 4,000 से अधिक रिटेलर्स हिस्सा लेंगे। यह प्रोग्राम चार प्रमुख मेट्रो शहरों - दिल्ली, मुंबई, बैंगलुरू और कोलकाता में लॉन्च किया गया था। यह अभियान जोशीले और इंटरैक्टिव फॉर्मेट में उत्साह बढ़ाने, सामुदायिक समर्थन हासिल करने और कैनन के उत्पादों की मुख्य पेशकशों, जारी कार्यक्रमों तथा उनके फायदों के बारे में बताने के लिए डिजाईन किया गया है। रिटेल उत्सव भारत में त्योहारों की जीवंत भावना के अनुरूप शुरू किया गया समारोह है, जो संबंधों, खुशी और साझा सफलता को प्रोत्साहित करता है।

## तेलंगाना ने अत्याधुनिक सुविधाओं वाले यंग इंडिया स्कूलों के निर्माण के लिए केंद्र से मांगा समर्थन




नयी दिल्ली। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को राज्य में यंग इंडिया एकीकृत आवासीय स्कूल के निर्माण के लिए धन जुटाने को लेकर एक विशेष निगम स्थापित करने को केंद्र से अनुमति मांगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ एक बैठक में उन्होंने इस पहल के लिए राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम (एफआरबीएम) की सीमाओं में ढील देने का भी अनुरोध किया। उन्होंने सीतारमण को पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों तथा अल्पसंख्यक वर्गों को कॉरपोरेट शैली की शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों से अवगत कराया।

राज्य की कुल आबादी में इनकी हिस्सेदारी लगभग 90 प्रतिशत है। बैठक में, रेड्डी ने 105 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक में 105 यंग इंडिया एकीकृत रिहायशी स्कूल बनाने की राज्य की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे चार स्कूलों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है और शेष के लिए निविदाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रत्येक स्कूल में 2,560 छात्र बैठ सकेंगे और 2.70 लाख छात्रों को स्कूलों में पढ़ने का अवसर मिलेगा।

## प्रदेश के 15.6 लाख लोगों की सेहत का भरोसा बना मणिपालसिग्ना

लखनऊ। मणिपालसिग्ना ने उत्तर प्रदेश में अपनी प्रतिबद्धता की मिसाल पेश करते हुए, पिछले तीन सालों में 15.6 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षा प्रदान की और 119.49 करोड़ रुपए के क्लेम्स का भुगतान किया। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी अपने इनोवेटिव और अवॉर्ड-विनिंग प्रोडक्ट, मणिपालसिग्ना सर्वः को तेजी से अपनाने पर जोर दे रही है। सपना देसाई, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, मणिपालसिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस ने कहा, भारत की 'मिसिंग मिडिल' आबादी को ध्यान में रखकर बनाई गई इस योजना ने जनवरी से जून 2025 के बीच उत्तर प्रदेश में कंपनी के नए कारोबार का 57% योगदान दिया। प्रदेश में 7 ब्रांच, 800 से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों और 4000 सलाहकारों के मजबूत नेटवर्क के साथ मणिपालसिग्ना लगातार अपनी सेवाओं और वितरण को मजबूत बना रहा है।



## पेज एक का शेष

### अंतरिक्ष यात्री

विशिष्ट अतिथि प्राविधिक शिक्षा मंत्री इं. आशीष पटेल मौजूद रहें। इस मौके पर सबसे पहले विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान पाने वाली बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीरियनिंग की छात्रा नैंसी को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया। साथ ही बैंक ऑफ बड़ोदा की ओर से 31 हजार रुपये का चेक भी प्रदान किया गया। जबकि कमल रानी वरूण स्मृति स्वर्ण पदक बीटेक के सभी ब्रांच में अनुसूचित जाति की सभी उत्तीर्ण छात्राओं में सर्वोच्च स्थान पाने वाली आरडी इंजीरियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद की छात्रा उन्नति गौर को मिला। समारोह में कुल 88 पदक दिये गये। जिसमें 37 स्वर्ण पदक, 26 रजत एवं 25 कान्स्य पदक हैं। इसके अलावा 53943 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की गयी। सभी डिग्रियां ब्लॉकचेन तकनीकी के माध्यम से डिजिलॉकर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ऑनलाइन माध्यम से अपलोड किया। जबकि 86 छात्रों को पीएचडी अवार्ड हुई।

### राजग उम्मीदवार

प्रधानमंत्री, 92 वर्षीय देवेगौड़ा व्हीलचेयर पर मतदान केंद्र पहुंचे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हाथों में हाथ डाले मतदान केंद्र तक जाते देखे गए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी और कई अन्य नेताओं ने भी मतदान किया। जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद ने भी मतदान में हिस्सा लिया। संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। उनके इस्तीफे के कारण यह चुनाव हुआ।इस बार दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से थे। राधाकृष्णन तमिलनाडु से जबकि रेड्डी तेलंगाना से हैं।

### नेपाल में

ने राष्ट्रपति पौडेल के निजी आवास पर भी हमला किया। जेन ज़ी के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने राजधानी के कई हिस्सों में केपी चोर, देश छोड़ो और भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कार्वाई करो जैसे नारे लगाए। अधिकारियों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के नायकाप स्थित पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक के आवास को भी आग लगा दी। यह घटना उनके पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद हुई। काठमांडू के कलंकी, कालीमाटी, तहाचल और बनेश्वर के साथ-साथ ललितपुर जिले के च्यासल, चापागौ और थेचो इलाकों से भी प्रदर्शनों की खबरें हैं। प्रदर्शनकारियों ने सार्वजनिक रूप से एकत्र होने पर लगे प्रतिबंधों की अवहेलना करते हुए छात्रों को मत मारो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों में ज्यादातर छात्र शामिल हैं। कलंकी में प्रदर्शनकारियों ने सड़कें अवरूद्ध करने के लिए टायर जलाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रदर्शनकारी युवकों ने ललितपुर जिले के सुनाकोठी स्थित संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग के आवास पर भी पथराव किया। गुरुंग ने सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। उन्होंने काठमांडू के बूढ़ा नीलकंठ स्थित पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के आवास में भी तोड़फोड़ की। जेन ज़ी समूह, जो पिछले कुछ समय से भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चला रहा है, ने रेडिट और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके मंत्रियों और अन्य प्रभावशाली हस्तियों के बच्चों की फिजूलखर्ची वाली जीवनशैली का पर्दाफाश किया है।

### यूपी के सात

में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस के अलावा खुफिया एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। बलरामपुर जिले की सीमाओं पर स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 22 चौकियों पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है और सीमा से सटे जिले के पांच थाना क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास कुमार ने मंगलवार को बताया कि नेपाल में दूसरे दिन भी जारी प्रदर्शन को देखते हुए नेपाल से सटी सीमा की सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कवच समितियों को भी सक्रिय रहने एवं हर आने-जाने वालों पर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक नेपाल में रहने वाले लोग व्हाट्सएप, फेसबुक एवं मैसेंजर के जरिए भारत में रहने वाले अपने करीबियों से मुफ्त में बात कर लेते थे लेकिन नेपाल में ये सोशल मीडिया मंच प्रतिबंधित होने से परेशानियां हुईं। भारत-नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र रनियापुर निवासी अधिवक्ता अहमद ने कहा कि सोशल मीडिया मंचों के जरिये तमाम रिश्तेदारों की खैरियत मालूम हो जाया करती थी, मगर नेपाल सरकार द्वारा इन मंचों पर पाबंदी लगा देने के कारण समस्या पैदा होने लगीं थीं। भारत नेपाल सीमा से सटे गैसड़ी क्षेत्र के विधायक राकेश यादव ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाए जाने से लोगों को समस्या आ गई थी लेकिन नेपाल सरकार द्वारा प्रतिबंध हटाए जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। नेपाल सरकार ने हिंसक आंदोलन को देखते हुए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध हटा दिया है। महराजगंज के एसपी सौमेन्द्र मीणा ने बताया कि जिले के सोनौली स्थित भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोकने के लिए सीमा चौकियों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि एसएसबी की 66वीं बटालियन के जवान, पुलिस टीम के साथ, सीमा पार करने वाले प्रत्येक यात्री और वाहन की गहन जांच कर रहे हैं। टेंपो और बस स्टैंड पर यात्रियों के पहचान पत्रों की भी जांच की जा रही है। सील की गई सीमा का असर गोरखपुर में साफ दिखाई दे रहा है। सोनौली जाने वाली बसों में यात्रियों की संख्या में 30 से 50 प्रतिशत की गिरावट आई है। सोनौली डिपो के कंडक्टरों ने बताया कि जो बसें पहले 10 मिनट में भर जाती थीं, अब उन्हें एक घंटे से ज्यादा समय लग रहा है। यूपीएसआरटीसी के परिचालक मंजीत कुमार और बंशीधर यादव ने कहा, अगर यही स्थिति रही, तो बसें लगभग खाली ही चलने की नौबत आ जाएगी। उन्होंने कहा, खीरी से नेपाल जाने वाले व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से रोक दी गई है। इस बीच, नेपाल के धनगढ़ी कस्बे तक फैले आंदोलन के मद्देनजर लोगों ने धनगढ़ी जाने से परहेज किया। नेपाल से लोगों की बहुत कम आमद के कारण गौरीफंटा इलाके के स्थानीय बाजार मंगलवार को सूने रहे। उधर, पीलीभीत जिले में नेपाल देश में जारी घटनाक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित महेंद्र नगर और धनगढ़ी नगर की सीमा पर स्थिति सामान्य रहने की खबर है। एसएसबी सेनानायक शेर सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि हम पीलीभीत डीएम, एसएसपी के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीलीभीत नेपाल सीमा पर स्थित सभी गांवों में पूर्ण शांति है। नेपाल देश के महेंद्र नगर से भी प्रदर्शन के समाचार नहीं मिल रहे हैं।

### बिगड़ रहा है

हिमालय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमालय मात्र बर्फीली चोटियों और विस्तृत पर्वतमालाओं का समूह नहीं है बल्कि ये सम्पूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप का जीवन स्त्रोत भी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हमारे राज्य को कई भीषण प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा है। इन गंभीर चुनौतियों से प्रभावी रूप से निपटने के लिए वैज्ञानिक संस्थानों और विशेषज्ञों के बीच समन्वय स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार हिमालय संरक्षण को लेकर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस महत्वपूर्ण काम में हम सभी को अपनी भूमिका निभानी होगी। हिमालय न केवल भारत के उत्तर में अटल प्रहरी का काम करता है, बल्कि इसकी पर्वतीय नदियां पूरे देश की जीवनधारा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय की ऊंची चोटियां, विस्तृत ग्लेशियर, नदियां और जैव विविधता से भरपूर वन हमें न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव कराते हैं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाये रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए, गत वर्ष सरकार ने उच्च स्तरीय समिति के गठन के लिए निर्देश जारी किए थे। अब इस वर्ष नवंबर में राज्य में जलवायु परिवर्तन पर विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन का भी आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम प्रारम्भ किया गया है। इस एक छोटी सी पहल से हिमालयी क्षेत्र में 72 टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें पर्यटन क्षेत्र में भी पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में ध्यान देना होगा क्योंकि अनियंत्रित और असंवेदनशील पर्यटन हिमालय के पर्यावरण के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है। इसके लिए हमें सस्टेनेबल टूरिज्म को बढ़ावा देना होगा, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाये बिना पर्यटन का विकास किया जा सके।

### अपनी मेहनत

आजाद हुआ, तो भारत का योगदान केवल दो प्रतिशत रह गया। भारत को लूटा गया, भारत को नोचा गया, भारत की विरासत के प्रतीकों को तोड़ा गया, अपमानित किया गया। सीएम योगी ने कहा कि भारत और भारतीयों के मन में यह भावना पैदा कर दी गई कि जो भी भारतीय है, वह अच्छा नहीं होगा। परिणामस्वरूप, हमने हिंदी और संस्कृत के बजाय अंग्रेजी को भारतीयता का प्रतीक बनाना शुरू कर दिया। भारत के महापुरुषों के बजाय, हमने भारत में दुनिया के उन लोगों को आदर्श मानना शुरू कर दिया, जो अपने देश में तो नायक हो सकते हैं, लेकिन भारत के नायक नहीं हो सकते। भारत में अपनी परंपराओं और अपने प्रतीकों से दूर होने का दुष्परिणाम यह हुआ कि धीरे-धीरे भारत के नागरिकों को लगने लगा कि देश अब कभी आजाद नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिणाम यह हुआ कि जिस भारत के सामने दुनिया की कोई ताकत टिक नहीं सकती थी, वह भारत गुलाम हो गया। भारत में किसी चीज की कमी नहीं थी, न तो ताकत की, न धन की, न ही बुद्धि की।

### स्वच्छ वायु

प्रदर्शन हमारे शहरी निकायों, नागरिकों और सभी हितधारकों के बीच समन्वय का परिणाम है। यह उपलब्धि केवल हमारे पिछले प्रयासों की मान्यता ही नहीं बल्कि आने वाले समय में स्वच्छ, हरित और स्वस्थ शहरों के निर्माण के संकल्प को और मजबूत करती है। उत्तर प्रदेश सतत एवं जलवायु-संवेदी शहरी विकास में देश का अग्रणी राज्य बनने की दिशा में निरंतर नए आयाम स्थापित करेगा।

### पीएम ने बाढ़

स्थिति का जायजा लिया। गुरदासपुर में, मोदी ने बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ-साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति की समीक्षा के लिए गुरदासपुर में एक आधिकारिक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद थे। बाढ़ और भूस्खलन के बाद स्थिति की समीक्षा के लिए दिल्ली से हिमाचल प्रदेश और पंजाब के लिए रवाना होते समय प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत सरकार आपदा की इस घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। पंजाब में विनाशकारी बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 51 हो गई है, जबकि 1.84 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। राज्य सरकार ने राज्य में आई बाढ़ के कारण 13,000 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया है। बाढ़ के कारण कुल 2,064 गांव प्रभावित हुए हैं।

# इसरो ने सेना को उपलब्ध कराया उपग्रह डेटा

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 400 वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे किया कार्य : इसरो प्रमुख





नयी दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने मंगलवार को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रहों के माध्यम से सहायता प्रदान करने के लिए 400 से अधिक वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे काम किया।

अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के 52वें राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन को संबोधित करते हुए नारायणन ने कहा कि इसरो ने राष्ट्रीय सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए उपग्रह डेटा उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी उपग्रह चौबीसों घंटे सक्रिय थे और सभी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे थे। नारायणन ने कहा 400 से अधिक वैज्ञानिक दिन-रात, पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे थे और मिशन के दौरान सभी पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रह पूरी तरह से सक्रिय थे। इसरो प्रमुख ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र संघर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र की भूमिका पर विशेष ध्यान गया। इस दौरान ड्रोन और स्वदेशी आकाश तीर जैसी वायु रक्षा प्रणालियों की क्षमताओं की व्यापक जांच हुई। इसरो प्रमुख ने बताया कि मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान परियोजना के तहत अब तक 7,700 से अधिक जमीनी परीक्षण पूरे किए जा चुके हैं और आगामी मानव अंतरिक्ष उड़ान से पहले 2,300 परीक्षण और किए जाएंगे। गगनयान मिशन के तहत इसरो बिना चालक दल वाले तीन मिशन संचालित करेगा, जिनमें पहला मिशन इस वर्ष दिसंबर में अपेक्षित है। इसके बाद दो और मानव रहित मिशन होंगे। गगनयान परियोजना के तहत दो मानवयुक्त मिशनों के संचालन के लिए भी अनुमोदन मिल चुका है। नारायणन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो को 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर उतारने का लक्ष्य सौंपा है।

# प्रधानमंत्री के 13 के मिजोरम दौरे के लिए तैयारियां जोरों पर



आइजोल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 13 सितंबर के दौरे से पहले मिजोरम में तैयारियां जोरों पर हैं। इस दौरान वह एक रेलवे लाइन सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों की समीक्षा के लिए मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक बुलाई। मुख्य सचिव खिल्ली राम मीणा ने छह सितंबर को हुई तैयारी बैठक और अब तक की गई व्यवस्थाओं का विस्तृत ब्योरा दिया, जिसके बाद विभिन्न विभागों और हितधारकों ने अपनी जिम्मेदारियों और योजनाओं पर चर्चा की। आइजोल नगर निगम (एएमसी) ने निवासियों से थुआम्पुई-लाम्मुआल मार्ग के किनारे स्थित सभी दुकानें, निजी कार्यालय और रेहड़ी-पटरी की दुकानें बंद करने को कहा है। इसी मार्ग से प्रधानमंत्री गुजरेंगे। एएमसी अधिकारियों ने बताया कि राज्य की राजधानी में सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार, प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर राज्य में, खासकर आइजोल में, व्यापक सुरक्षा उपाय और यातायात प्रबंधन लागू किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी की यह दूसरी मिजोरम यात्रा होगी। उन्होंने बताया कि मोदी अपनी यात्रा के दौरान बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन करेंगे और तीन रेल सेवाओं- आइजोल-दिल्ली, आइजोल-कोलकाता और आइजोल-गुवाहाटी को हरी झंडी दिखाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि उनका आइजोल के लामुअल में एक जनसभा को संबोधित करने और दो शैक्षणिक संस्थानों का उद्घाटन करने के अलावा छह विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने का भी कार्यक्रम है। बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री उसी दिन मणिपुर का भी दौरा कर सकते हैं।

## संक्षेप

### गाजा सिटी को पूरी तरह से खाली करने का अनुरोध

तेल अवीव। इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा में अपने नियोजित विस्तारित सैन्य अभियान से पहले मंगलवार की सुबह गाजा सिटी को पूरी तरह से खाली करने का आग्रह किया। गाजा में चल रही लड़ाई में शहर को पूरी तरह से खाली करने की यह पहली चेतावनी है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने भी मंगलवार को कहा कि गाजा में 30 ऊंची इमारतों को ध्वस्त कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन इमारतों का इस्तेमाल हमास सैन्य बुनियादी ढांचे के रूप में कर रहा था। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा था कि इजराइल कम से कम 50 आतंक के टावरों को नष्ट करने की योजना बना रहा है, जिनका इस्तेमाल हमास द्वारा किया जाता है। पिछले कुछ दिनों में इजराइल ने गाजा शहर में कई ऊंची इमारतों को ध्वस्त कर दिया है और दावा किया है कि हमास ने उनमें निगरानी ढांचा स्थापित कर लिया है। यह विध्वंस हमास के बचे हुए आखिरी गढ़ पर नियंत्रण पाने के लिए इजराइल के बढ़ते आक्रमण का हिस्सा है। इजराइल ने फलस्तीनियों से गाजा सिटी के कुछ हिस्सों से भागकर दक्षिणी क्षेत्र में एक निर्धारित मानवीय क्षेत्र में जाने का आग्रह किया है। गाजा सिटी के क्षेत्र में लगभग 10 लाख फलस्तीनी हैं। इस चेतावनी से पहले उनमें से केवल एक छोटा-सा हिस्सा ही गाजा सिटी छोड़कर गया है।

# आईडीएफ ने दोहा में हमास के नेताओं को बनाया निशाना

दोहा। कतर की राजधानी दोहा में इस्राइल ने हमास नेताओं को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। इस हमले की जिम्मेदारी खुद इस्राइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने ली है। कतर, पीएलओ और ईरान ने इस हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता का उल्लंघन बताते हुए इसकी निंदा की है।

इस्राइली वायुसेना ने मंगलवार को हमास के नेताओं को निशाना बनाने के लिए कतर की राजधानी दोहा में बड़ा हमला किया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखा गया कि आसमान में धुआं उठ रहा था। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। कतर अरब प्रायद्वीप का एक ऊर्जा संपन्न देश है। नेतन्याहू के कार्यालय (पीएमओ) ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा, हमास के शीर्ष आंतकवादी सरगनाओं के खिलाफ आज की कार्रवाई पूरी तरह एक स्वतंत्र अभियान था। इस्राइल ने इस अभियान की शुरूआत की, इसका संचालन किया और इस्राइल इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता है। कतर के सरकारी प्रसारक अल जजीरा ने धमाके की पुष्टि की है।


# जीएसटी सुधार से खपत बढ़ेगी



नयी दिल्ली। मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि जीएसटी सुधार परिवारों के लिए राजकोषीय नीति समर्थन का एक और रूप हैं और इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, इन सुधारों से सरकार के राजस्व में कमी आएगी।

भारत की प्रभावी जीएसटी दरों में कमी से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलने और आर्थिक वृद्धि को ऐसे समय में समर्थन मिलने की संभावना है जब देश उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण बाहरी दबावों का सामना कर रहा है। जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी। तंबाकू और संबंधित उत्पादों पर 31 दिसंबर तक 28 प्रतिशत कर और क्षतिपूर्ति उपकर लागू रहेगा। वर्तमान में, जीएसटी पांच प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरों पर लगाया जाता है। जीएसटी सुधार परिवारों के लिए राजकोषीय नीति समर्थन का एक और रूप है। यह फरवरी में शुरू की गई उच्च आयकर सीमा का पूरक है...। दोनों उपायों का उद्देश्य घरेलू उपभोग को बढ़ावा देना है। जीएसटी ढांचे में बदलाव से खरीदी और बेची जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं पर लागू औसत कर दरों में प्रभावी कमी आएगी। इसमें उच्च कर दरों को समाप्त कर दिया गया है और साथ ही कई वस्तुओं के लिए जीएसटी को हटा दिया गया है। कम कीमतें मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में भी मदद करेंगी।

# ब्रिक्स देश अमेरिका से व्यापार में पिशाचों जैसा बर्ताव करते हैं : नवारो



न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि ब्रिक्स गठबंधन लंबे समय तक नहीं टिकेगा, क्योंकि इसके सदस्य देश एक-दूसरे से नफरत करते हैं।

उन्होंने इन देशों के व्यापार करने के तौर-तरीकों की तुलना अमेरिका का शोषण करने वाले पिशाचों से की है। ब्रिक्स में मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे, लेकिन इसका 2024 में विस्तार करके इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल किया गया तथा 2025 में इंडोनेशिया भी इसमें शामिल हो गया। नवारो ने सोमवार को रियल अमेरिकाज वॉयस कार्यक्रम को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मुझे समझ नहीं आता कि ब्रिक्स गठबंधन कैसे एकजुट रह सकता है, क्योंकि ऐतिहासिक रूप से ये सभी एक-दूसरे से नफरत करते रहे हैं और एक-दूसरे को मारते रहे हैं। ब्रिक्स देशों पर तीखा निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, असल बात यह है कि इस समूह का कोई भी देश तब तक जीवित नहीं रह सकता जब तक वे अमेरिका को अपना माल नहीं बेचते। और जब वे अमेरिका को निर्यात करते हैं, तो वे अपनी अनुचित व्यापार नीतियों से पिशाचों (वैम्पायर) की तरह हमारी नसों का खून चूसते हैं। रूस से तेल आयात और ऊंचे शुल्कों को लेकर भारत के खिलाफ आए दिन राग अलापने वाले नवारो ने कहा कि भारत दशकों से चीन के साथ युद्ध लड़ रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, और मुझे अभी याद आया, हां, पाकिस्तान को परमाणु बम चीन ने ही दिया था। अब आपके पास हिंद महासागर में चीनी झंडे लिए हवाई जहाज़ घूम रहे हैं। (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी, देखिए आप इसे कैसे संभालते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि रूस का चीन के साथ पूरी तरह गठजोड़ है। नवारो ने दावा किया कि बीजिंग की नजर रूसी बंदरगाह व्लादिवोस्तोक पर है और वह पहले से ही बड़े पैमाने पर अवैध आव्रजन के ज़रिए साइबेरिया, जो रूसी अर्ध-साम्राज्य का सबसे बड़ा भूभाग है, पर उपनिवेश स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि तो (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन, आपको उसके लिए शुभकामनाएं। ब्राजील को लेकर नवारो ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा की समाजवादी नीतियों के कारण गर्त में जा रही है।

# पूर्वी यूक्रेन के गांव पर रूसी ग्लाइड बम से हमला, 21 की मौत




कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को पूर्वी यूक्रेन के एक गांव में पेंशन प्राप्त करने के लिए लाइनों में लगे बुजुर्गों पर रूसी ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी और दो दर्जन लोग घायल हो गये।

जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि दोनेत्स्क क्षेत्र के यारोवा गांव में बम गिरा। उन्होंने हमले के बारे में कहा, निःसंदेह यह क्रूरता है। जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वह रूस पर अतिरिक्त आर्थिक प्रतिबंध लगाकर उसे आक्रमण के लिए दंडित करें। उन्होंने पोस्ट में कहा कि दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। दुनिया को निष्क्रिय नहीं रहना चाहिए। अमेरिका को जवाब देना चाहिए। यूरोप को जवाब देना चाहिए। जी-20 को प्रतिक्रिया देनी चाहिए। रूस को मौत का तांडव मचाने से रोकने के लिए कड़ी कार्वाई की जरूरत है। दोनेत्स्क के गवर्नर वादिम फिलाश्किन ने बताया कि पेंशन पाने के लिए इंतजार कर रहे बुजुर्गों की कतार पर हुए इस हमले में 21 लोगों की मौत हो गयी और 21 अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा, यह युद्ध नहीं है। यह सिर्फ और सिर्फ आतंकवाद है। फिलाश्किन ने कहा कि आपातकालीन प्रतिक्रिया दल घटनास्थल पर मौजूद था। यारोवा, सीमा से 10 किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित है। यह क्षेत्र 2022 में रूस के कब्जे में था लेकिन उसी वर्ष बाद में यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं ने एक जवाबी हमले में इसे मुक्त करा लिया था।

## इंटरटेनमेंट...

# सीएम योगी पर बनी फिल्म युवाओं को देगी संदेश




**मुंबई।** सीएम योगी आदित्यनाथ के जीवन पर बनी फिल्म ह्यअजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के डायरेक्टर रवींद्र गौतम ने हाल ही में दैनिक भास्कर से खास बातचीत की। डायरेक्टर ने बताया कि फिल्म युवाओं एक बड़ा संदेश देगी। यह फिल्म सेंसर बोर्ड की आपत्तियों के कारण संकट में फंसी हुई थी। अब कोर्ट के आदेश पर सेंसर बोर्ड ने सर्टिफिकेट दे दिया है। डायरेक्टर रवींद्र गौतम ने यह भी बताया कि सीबीएफसी को योगी जी की तरफ से एनओसी चाहिए था, जबकि एनओसी मांगने का अधिकार उन्हें नहीं है।

यह फिल्म पूरी तरह से योगी आदित्यनाथ जी की जिंदगी से प्रेरित है। जब मैंने 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' किताब पढ़ी, तो मैं हैरान रह गया कि हमारे हिंदुस्तान की डेमोक्रेसी कितनी अनोखी है। सोचिए, एक छोटे से गांव का लड़का इतनी कम उम्र में घर-परिवार त्याग कर, देश के सबसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनता है। जब 22 साल की उम्र में लड़के मस्ती करते हैं, तब योगी आदित्यनाथ समाज के लिए कुछ कर गुजरने की सोचते हैं। इस फिल्म में मैंने उनके कॉलेज के दिनों का व्यक्तित्व, उनकी सोच और वो मोड़ दिखाने की कोशिश की है जब उन्होंने संन्यास का रास्ता चुना। यह फिल्म युवाओं को भी एक बड़ा संदेश देती है। अभी तक उनकी व्यस्तता के

**❍ सेंसर बोर्ड को एनओसी मांगने का हक नहीं कोर्ट के आदेश से मिला सर्टिफिकेट**

कारण मेरी मुलाकात नहीं हो पाई है। लेकिन किताब से ही इतनी जानकारी मिल गई कि फिल्म बन सके। किताब के लेखक शांतनु गुप्ता हमारे साथ थे और उन्होंने हमें इस फिल्म को लेकर गाइड किया। वो योगी जी के बहुत करीब हैं। कास्टिंग में कितनी परेशानियां आईं? क्योंकि जाहिर सी बात है, ऐसा किरदार निभाना हर किसी के बस की बात नहीं। कास्टिंग बहुत बड़ी चुनौती थी। हर किसी की नजर में योगी आदित्यनाथ जी की एक अलग छवि है।

मुझे उनमें एक मासूमियत और ईमानदारी दिखती है। हम ऐसा ही एक्टर खोज रहे थे जिसमें ये भावनाएं हों, जो न्याय और अन्याय को साफ-साफ देख सके। फिर हमने आनंद जोशी को शॉर्टलिस्ट किया, जो उत्तराखंड से हैं। उन्हें देखकर लगा कि हमारे किरदार की जो जरूरत है, वो उनसे पूरी हो सकती है। एक फिल्म में उनके पूरे जीवन को दिखाना संभव नहीं है। हमने उनके जीवन के एक हिस्से को दिखाया है, खासकर मुख्यमंत्री बनने तक की यात्रा। जैसे उत्तराखंड में बचपन, फिर ऋषिकेश में पढ़ाई, कोटद्वार में ग्रेजुएशन और फिर गोरखपुर में प्रवेश। इन सभी पड़ावों को फिल्म में दिखाया गया है। ये उनके जीवन की शुरूआत है, पूरी कहानी नहीं। अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है।

### बर्थडे पर राज कुंद्रा को ईओडब्ल्यू ने भेजा समन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर अगस्त में 60 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में शिकायत दर्ज हुई थी। इस मामले में अब एडह (आर्थिक आपराधिक शाखा) ने मंगलवार को राज कुंद्रा को समन भेजा है। उन्हें 15 सितंबर को एडह के आगे पेश होकर बयान दर्ज करवाना होगा। इससे पहले राज कुंद्रा को 10 सितंबर को पेश होने के तलब किया गया था, हालांकि उन्होंने समय मांगा, जिसके बाद अब वो 15 सितंबर को बयान दर्ज करवाएंगे। जांच पूरी होने तक राज कुंद्रा भारत से बाहर नहीं जा सकेंगे। 60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा को 3 बार समन किया जा चुका है। दोनों ने वकील के जरिए जांच अधिकारियों से कहा कि वो लंदन में रहते हैं, जिसके चलते वो पेश नहीं हो सकेंगे।

# एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा की जिंदगी पर बनेगी फिल्म



**मुंबई।** एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा की जिंदगी पर फिल्म बनेगी। एंटरटेनमेंट कंपनी के सेरा सेरा ने इसका ऐलान किया है। फिल्म का नाम अब तक 112 होगा। निर्देशक अभिजीत पानसे का कहना है कि यह फिल्म उनके साहस और संघर्ष की कहानी है, जो दर्शकों को हर पल जोड़े

**❍ अब तक 112 नाम होगा, डायरेक्टर बोले ये फिल्म एक नया नजरिया देगी**

रखेगी। फिल्म अगले साल रिलीज होगी। मुंबई के जाने माने पुलिस अफसर प्रदीप शर्मा एक ऐसा नाम हैं जो मुंबई के संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई का प्रतीक बन चुके हैं। उनकी बहादुरी और खतरनाक मिशनों ने उन्हें खास पहचान दी है। फिल्म को लेकर प्रदीप शर्मा ने कहा, मेरा जीवन डर, अपराध और अंधेरे के खिलाफ एक जंग रहा है। अब जब वो सफर फिल्म के जरिए दिखाया जाएगा, तो ये मेरे लिए एक भावुक और गर्व का पल है।

# 'बैटल ऑफ गलवान' से सलमान का फर्स्ट लुक रिवील



**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया गया है, जिसमें वह सेना की वर्दी में दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। फैंस उनके इस नए लुक की तारीफ कर रहे हैं। सलमान खान ने फिल्म बैटल ऑफ गलवान से अपना पहला लुक ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस फोटो में वे आर्मी की वर्दी में, सिर से खून टपकता हुआ, घनी मूंछों के साथ देशभक्ति के रंग में नजर आ रहे हैं। बता दें, फिल्म

**❍ बदन पर सेना की वर्दी, टपकता खून और आंखों में दिखा देश के लिए जुनून**

बैटल ऑफ गलवान 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई खतरनाक झड़प पर आधारित है। जो बिना एक भी गोली चलाए लड़ी गई थी। ये जंग 15,000 फीट की ऊंचाई पर लड़ी गई थी। इस फिल्म को सलमान खान फिल्म्स प्रोड्यूस और अपूर्व लाखिया डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सलमान के अपोजिट अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह नजर आएंगी। साथ ही फिल्म में कई नए चेहरे भी दिखेंगे। फिल्म में सलमान कर्नल बी.संतोष बाबू की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया देने वाले हैं। हाल ही में सलमान खान ने लद्दाख में शूटिंग की चुनौतियों के बारे में बताया था। उन्होंने ढळक से बातचीत में कहा था, ये फिजिकली चुनौतीपूर्ण है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com